जबलपुर
गुरुवार 12 फरवरी 2026
फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष-11
वर्ष : 20, अंक : 284
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 27
न्यून. 12

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**सोना और चांदी की कीमतों में उछाल**

## चांदी 2.68 लाख पार, सोने ने भी लगाई छलांग

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज हुई है, जिसमें चांदी ने बड़ा उछाल दिखाया और सोना भी मजबूती से चढ़ा। दिल्ली के सर्राफा बाजार में चांदी 4,000 रुपए बढ़कर 2,68,500 रुपए प्रति किलो (सभी कर सहित) पहुंच गई। यह पिछले बंद भाव 2,64,500 रुपए से करीब 1.5% की बढ़त है। सोने में भी मजबूती रही। 99.9% शुद्धता वाला सोना 600 रुपये चढ़कर 1,61,300 रुपए प्रति 10 ग्राम (टैक्स सहित) पर पहुंच गया। इससे पहले यह 1,60,700 रुपए पर बंद हुआ था। विशेषज्ञों के मुताबिक, वैश्विक बाजारों में मजबूती का असर घरेलू कीमतों पर दिख रहा है।

गृह मंत्रालय ने बताया कि सरकारी समारोहों में इसे कैसे और कब प्रस्तुत किया जाना चाहिए

# 6 छंद, 25 लाइनें, 3.10 मिनट, वंदे मातरम के लिए 'राष्ट्रगान' जैसा प्रोटोकॉल अनिवार्य

अगर किसी कार्यक्रम में वंदे मातरम व राष्ट्रगान दोनों होने हैं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा और उसके बाद राष्ट्रगान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने बुधवार को भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के गायन के लिए आधिकारिक प्रोटोकॉल को लेकर व्यापक दिशा-निर्देश जारी किया। इसमें बताया गया है कि सरकारी समारोहों में इसे कैसे और कब प्रस्तुत किया जाना चाहिए। राष्ट्रगीत के समय दर्शकों का आचरण कैसा होना चाहिए इसके बारे में भी बताया गया है।

केंद्रीय गृह मंत्रालय की तरफ से जारी नए निर्देशों का उद्देश्य देश भर में


फाइल फोटो

सार्वजनिक और आधिकारिक कार्यक्रमों में राष्ट्रगान की स्थिति और औपचारिक भूमिका को स्थापित करना है, जिसमें राजकीय समारोहों और संस्थागत सभाओं के दौरान इसके पालन पर अधिक जोर दिया गया है।

वंदे मातरम का संपूर्ण आधिकारिक संस्करण, जिसमें छह श्लोक हैं और जिसकी अवधि लगभग 3 मिनट और 10 सेकंड है, प्रमुख राजकीय समारोहों के दौरान प्रस्तुत या बजाया जाना चाहिए। इनमें राष्ट्रीय ध्वज फहराना, राष्ट्रपति और राज्यपालों के आधिकारिक कार्यक्रमों में औपचारिक आगमन और प्रस्थान समारोह और ऐसे समारोहों में उनके निर्धारित भाषणों से पहले और बाद के कार्यक्रम शामिल हैं।

### सिनेमा-हॉल के लिए क्या दी गई है छूट?

- मंत्रालय ने सिनेमा हॉल और फिल्म स्क्रीनिंग के लिए विशिष्ट छूट प्रदान की है।
- फिल्म के साउंडट्रैक के हिस्से के रूप में वंदे मातरम बजाए जाने पर दर्शकों को खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी

### राष्ट्रगीत को लेकर नया प्रोटोकॉल क्या है?

- अगर किसी कार्यक्रम में वंदे मातरम व राष्ट्रगान दोनों होने हैं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा और उसके बाद राष्ट्रगान।
- दर्शकों से अपेक्षा की जाती है कि वे सम्मान के प्रतीक के रूप में दोनों प्रदर्शनों के दौरान सावधान मुद्रा में खड़े रहेंगे।
- गृह मंत्रालय ने शिक्षण संस्थानों से दैनिक विद्यालय सभाओं और महत्वपूर्ण संस्थागत कार्यक्रमों के दौरान वंदे मातरम गाने को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया है।
- जब वंदे मातरम का प्रदर्शन किसी बैंड द्वारा किया जाता है, तो उससे पहले ढोल की थाप या बिगुल की ध्वनि से औपचारिक रूप से गायन की शुरुआत का संकेत दिया जाना चाहिए।

inh
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

**खबर संक्षेप**

### यूपी सरकार ने पेश किया 9 लाख करोड़ का बजट

**लखनऊ।** बुधवार को योगी सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 9,12,696 करोड़ रु. का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि हमारी पिछली और वर्तमान सरकार के



कार्यकाल में प्रदेश के सभी क्षेत्रों का विकास हुआ है। साथ ही उन्होंने कहा कि एसडीजी इंडिया इंडेक्स में उत्तर प्रदेश की रैंकिंग जो वर्ष 2018-2019 में 29 वें स्थान पर थी, बेहतर होकर वर्ष 2023-2024 में 18 वें स्थान पर आ गई है। साथ ही बताया कि प्रदेश मोबाइल फोन उत्पादन का हब बन गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा मोबाइल फोन विनिर्माण केन्द्र है।

### कारोबारी को गोली मारी पसलियों में धंसी बुलेट


**मुरैना।** जिले में बुधवार सुबह



रिटायर्ड फौजी ने सीमेंट व्यापारी को गोली मार दी। गोली व्यापारी की पसलियों को चीरती हुई पेट में जाकर फंस गई है। उन्हें गंभीर हालत में दिल्ली रेफर किया है।

### महिला सीएचओ ने सुसाइड का किया प्रयास

**शिवपुरी।** कोलारस के ग्राम अटामानपुर में पदस्थ सीएचओ



डॉ. शीतल सिसोदिया ने प्रताड़ना से तंग होकर ब्लड प्रेशर की 20 से अधिक गोलियां निगल लीं। उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है।

**संसद में संग्राम : केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- बिना सबूत लगाए आरोप, वे माफी मांगें अन्यथा...**

# राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाएगी सरकार

भारत-अमेरिका समझौते में किसानों के हितों को कुचलने का आरोप

*रिजिजू ने कहा कि यदि कोई सदस्य किसी अन्य सदस्य पर गंभीर आरोप लगाना चाहता है, तो उसे पहले विधिवत नोटिस देना होता है और ठोस प्रस्ताव लाना पड़ता है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि नेता विपक्ष राहुल गांधी ने गलतबयानी कर सदन को गुमराह किया है, इसलिए उन्हें अपने बयान पर माफी मांगने को कहा गया है, वरना सरकार उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाएगी। रिजिजू ने स्पष्ट किया कि लोकसभा और राज्यसभा में कार्यवाही संचालन और आचरण से जुड़े स्पष्ट नियम निर्धारित हैं। यदि कोई सदस्य किसी अन्य सदस्य पर गंभीर आरोप लगाना चाहता है, तो उसे पहले विधिवत नोटिस देना होता है और ठोस प्रस्ताव लाना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बिना पूर्व सूचना और प्रमाण के इस तरह के आरोप लगाना संसदीय परंपराओं के खिलाफ है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि सदन के भीतर उन्होंने स्वयं राहुल गांधी से अनुरोध किया था कि वे अपने द्वारा उठाए गए मुद्दों और आरोपोंके समर्थन में आवश्यक प्रमाण और प्रामाणिक दस्तावेज प्रस्तुत करें।

बिना पूर्व सूचना और प्रमाण के इस तरह के आरोप लगाना संसदीय परंपराओं के खिलाफ


किरेन रिजिजू


राहुल गांधी

**राहुल से कहा गया है कि वे अपने आरोपों को प्रमाणित करें**

**सरकार संसदीय नियमों के तहत आगे की कार्रवाई करेगी**

### स्पीकर को पहला नोटिस सौंपा जाएगा

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि उनकी पार्टी ने निर्णय लिया है कि सदन के बाहर राहुल गांधी के बयानों का राजनीतिक जवाब दिया जाएगा, जबकि सदन के भीतर संसदीय नियमों के तहत औपचारिक नोटिस दिया जाएगा।

**केंद्रीय मंत्री रिजिजू का बड़ा आरोप**

### 20-25 कांग्रेस सांसद स्पीकर के चेंबर में घुसे, अपशब्द कहे

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कांग्रेस सांसदों पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के कक्ष में घुसकर उन्हें अपशब्द कहने का आरोप लगाया। किरेन रिजिजू ने पत्रकारों को बताया कि कम से कम 20-25 कांग्रेस सांसद लोकसभा अध्यक्ष के चेंबर में घुस गए और उन्हें अपशब्द कहे। मैं भी वहीं मौजूद था। अध्यक्ष बहुत नरम स्वभाव के हैं, वरना सख्त कार्रवाई की जाती।

**राहुल ने ट्रेड डील पर सरकार को घेरा**

### क्या हमारे फैसले अब अमेरिका लेगा हमारा फैसला प्रधानमंत्री नहीं करेंगे

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत-अमेरिका ट्रेड डील को लेकर सरकार पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा है कि देश को बेचकर इन्हें शर्म नहीं आती है।

- आपने इंडिया बेच दिया कोई शर्म नहीं

उन्होंने कहा कि भारत के फैसले अमेरिका कैसे ले रहा है। राहुल ने कहा कि अब यूनाइटेड स्टेट्स तय करेगा कि हम किससे तेल खरीदेंगे। यूनाइटेड स्टेट्स हमारे पास आएगा और कहेगा, आप खरीद नहीं सकते, फलां-फलां से तेल खरीदिए। क्या हमारे फैसले अब अमेरिका लेगा। हमारा फैसला प्रधानमंत्री नहीं करेंगे। लोकसभा में बेहद गरमागरम बहस के बीच राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने अमेरिका को ये सब कैसे करने दिया।

**एपस्टीन फाइल्स पर मंत्री हरदीप पुरी का जवाब**

# 3 से 4 बार ही एपस्टीन से मुलाकात हुई, उन अपराधों से कोई 'लेना-देना' नहीं

**राहुल गांधी ने कहा- मेरे पास पुख्ता सबूत**



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने लोकसभा में दिए गए राहुल गांधी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया दी और उन पर बेबुनियाद आरोप लगाने का आरोप लगाया। पुरी ने स्पष्ट किया है कि एपस्टीन फाइल्स में उनका नाम किसी भी आपराधिक या अनुचित कार्य से जुड़ा नहीं है। उन्होंने बताया कि नवंबर 2014 में वे केवल एक निजी नागरिक थे और उस समय उन्होंने रीड हॉफमैन, लिंक्डइन के संस्थापक, से अमेरिका के वेस्ट कोस्ट में मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने ईमेल में लिखा कि भारत में डिजिटल इंडिया और मेक इन इंडिया जैसी पहलें आ रही हैं और हॉफमैन को भारत आने का निमंत्रण देना चाहिए। पुरी ने कहा कि उनका यह संवाद पूरी तरह भारत की प्रगति और अवसरों से संबंधित था, न कि एपस्टीन द्वारा किए गए अपराधों से। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी बातचीत का इन मामलों से कोई लेना-देना नहीं था। राहुल गांधी के सदन में दिए गए भाषण पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने उनसे सभी घटनाक्रमों से थोड़ा अवगत रहने को कहा और कहा-थोड़ा सा पढ़ लिख लो।

### बजट चर्चा में लगाए आरोप बेबुनियाद

केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा कि जब राहुल गांधी बजट पर बोलने आए, उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की जकड़न के कारण हमारी अंतरराष्ट्रीय बातचीत दबाव में है। थोड़ा तथ्य जान लें। भारत की जीडीपी का 50% बाहरी क्षेत्र में है यानी निर्यात, आयात और रेमिटेंस। भारत के लिए यह बहुत जरूरी है कि हमारे पास अंतरराष्ट्रीय समझौते और व्यापार समझौते हों। इतनी कम अवधि में कौन सा देश 9 व्यापार समझौते कर पाया है। उन्होंने आगे कहा कि एक उद्योगपति का नाम एपस्टीन फाइल्स में आता है। राहुल गांधी पूछ रहे हैं कि उसे अब तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया गया। लेकिन मुद्दा यह नहीं है कि वह गिरफ्तार हुआ या नहीं। आप इन चीजों को कैसे जोड़ रहे हैं? गौर हो कि राहुल गांधी ने संसद में अपने भाषण के दौरान एपस्टीन फाइल का भी जिक्र किया, जिसके बाद लोकसभा में भारी हंगामा हो गया। स्पीकर के विरोध के बाद राहुल गांधी ने कहा कि ठीक है हम इस पर बात नहीं करेंगे।

**आरोपियों की पैरवी नहीं करेंगे वकील**

## देवास के भाजपा नेता ने की जज से अभद्रता... गिरफ्तार

जयश्री नगर में आरोपी के अवैध निर्माण पर बुलडोजर चला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

देवास में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नेता पंकज धारू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ न्यायाधीश से कथित अभद्रता के मामले में नाहर दरवाजा थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर



लिया है। घटना मंगलवार को देवास के जयश्री नगर क्षेत्र में हुई थी। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश प्रसन्न बहरावत ने शिकायत दर्ज कराई थी कि गाड़ी निकालने को लेकर भाजपा नेता पंकज धारू और उनके साथियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया।


**बोलेरो, टवेरा और बाइक की टक्कर**

## बुजुर्ग दंपती समेत तीन की मौत, शादी से लौट रहे थे

घटना रात करीब 1:30 बजे की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के बनखेड़ी में मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां चांदोन रोड पर बिजली ऑफिस के पास बोलेरो, टवेरा और बाइक की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार बुजुर्ग दंपती और


क्षतिग्रस्त बाइक

बोलेरो में बैठे एक किशोर समेत कुल 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 5 लोग घायल हुए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## श्री महाकाल वन मेले का सीएम डॉ. यादव ने किया शुभारंभ



**'होली रंग गुलाल' और महाकाल स्मृति उपहार का किया विमोचन**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को उज्जैन के दशहरा मैदान में आयोजित श्री महाकाल वन मेले का शुभारंभ किया। इस मौके पर यहां विभिन्न प्रदर्शनी स्टॉलों का अवलोकन किया। सीएम ने एमएफपी पार्क द्वारा निर्मित प्राकृतिक होली रंग गुलाल और महाकाल स्मृति उपहार का विमोचन भी किया।

**इंदार गांव में एक ही रात में दो घरों से चोरी हो गई**

## शिवपुरी में छत से घुसे, ताले तोड़े और डेढ़ करोड़ ले भागे

1 किलो सोना, ढाई किलो चांदी और 20 लाख रुपए नकद चुरा ले गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

जिले के इंदार गांव में एक ही रात में दो घरों से चोरी हो गई। बदमाश दोनों घरों से एक किलो सोना, ढाई किलो चांदी और करीब 20 लाख रुपए नकद लेकर भाग गए। कुल माल की कीमत करीब डेढ़ करोड़ रुपए बताई गई है। सबसे बड़ी चोरी चंद्रप्रकाश रघुवंशी के घर हुई। परिजन आशीष रघुवंशी ने बताया कि परिवार के सभी सदस्य रात करीब 12 बजे सो गए थे। इसी दौरान चोर छत के रास्ते घर में घुसे और एक कमरे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हो गए।चोरों ने


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान

कमरे में रखे तीन बक्सों के ताले तोड़ दिए। इनमें रखी 17 सोने की अंगूठियां, 3 सोने के हार, 4 सोने की चेन, पुरानी सोने की मोहरें और करीब दो किलो चांदी के जेवरात ले गए।

### दूसरे घर में भी चोरी

इसी रात चोरों ने गांव के ही रामवीर सिंह रघुवंशी के घर को भी निशाना बनाया। परिजन शिवकुमार रघुवंशी के अनुसार, चोर कमरे का ताला तोड़कर अंदर घुसे और करीब 12 तोला सोने के जेवरात, लगभग 500 ग्राम चांदी के आभूषण और 3 से 4 हजार रुपए नकद चोरी कर ले गए।

**तय दूरी के आधार पर टोल राशि सीधे ड्राइवर के खाते से काट ली जाएगी**

देश में लगभग 1.5 लाख किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेसवे नेटवर्क

# अब आएगा नया ऑटोमैटिक नंबर प्लेट स्कैन सिस्टम, खत्म नहीं होगी फास्टैग की व्यवस्था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय एक्सप्रेसवे और राष्ट्रीय राजमार्गों पर ऑटोमैटिक टोल वसूली प्रणाली लागू करने की तैयारी कर रहा है। यह नई व्यवस्था मार्च 2026 से कुछ चुनिंदा मार्गों पर शुरू हो सकती है। प्रस्तावित सिस्टम के तहत हाईवे पर लगाए गए कैमरे वाहनों की नंबर प्लेट स्कैन करेंगे और तय दूरी के आधार पर टोल राशि सीधे ड्राइवर के खाते से काट ली जाएगी। फिलहाल, देश के लगभग 1.5 लाख किलोमीटर राष्ट्रीय राजमार्ग और एक्सप्रेसवे नेटवर्क में से करीब 45,000 किलोमीटर पर टोल वसूला जाता है।

करीब 45,000 किलोमीटर पर टोल वसूला जाता है


फाइल फोटो

देशभर में 1,000 से अधिक टोल प्लाजा

**नया सिस्टम कैसे काम करेगा?**

सरकार की योजना के अनुसार भौतिक टोल बैरियर हटाकर ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन तकनीक लागू की जाएगी। हाईवे पर लगे कैमरे वाहन की नंबर प्लेट पढ़ेंगे और तय दूरी के अनुसार टोल राशि की गणना कर लेंगे। इस तकनीक को लागू करने के लिए कुछ स्थानों पर टेंडर भी जारी किए जा चुके हैं। और इसे धीरे-धीरे पूरे देश में विस्तार देने की योजना है।

### फास्टैग सक्रिय और रिचार्ज रखना जरूरी

टोल की राशि मौजूदा भुगतान व्यवस्था के जरिए ही कटेगी। यानी कैमरा केवल वाहन की पहचान और दूरी का निर्धारण करेगा, जबकि भुगतान प्रक्रिया फास्टैग के माध्यम से ही पूरी होगी। चूंकि कई फास्टैग खाते डिजिटल वॉलेट से जुड़े होते हैं, सीधे बैंक खाते से नहीं, इसलिए मौजूदा कटौती प्रणाली जारी रहेगी।

## सुंदर पिचाई से लेकर सैम ऑल्टमैन का रहेगा जमावड़ा

# इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में शामिल होंगे दुनियाभर के टेक लीडर्स

एआई क्रांति टेक इंडस्ट्री के हर क्षेत्र में प्रगति के व्यापक अवसर प्रदान करेगी

एआई की मदद से काम, आर्थिक और तकनीकी तरक्की का बढ़ावा देना है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत सरकार द्वारा घोषित एआई इंडिया इंपैक्ट समिट 2026 नई दिल्ली में आयोजित होने जा रहा है। यह सम्मेलन 16 फरवरी से 20 फरवरी तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित होगा। यह एआई समिट ऐसे महत्वपूर्ण समय पर आयोजित किया जा रहा है जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आर्थिक विकास और सरकारी कामकाज के लिए तेजी से जरूरी होती जा रही है। टेक इंडस्ट्री के कई बड़े लीडर्स इस समिट में शामिल होंगे। इनमें गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई, एनवीडिया के फाउंडर जेन्सेन हुआंग, गूगल डीपमाइंड के सीईओ डेमिस हसाबिस, माइक्रोसॉफ्ट के प्रेसिडेंट ब्रैड स्मिथ और क्वालकॉम के सीईओ क्रिस्टियानो एमॉन जैसे कई बड़े नाम शामिल हैं। वहीं ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन भी इस इवेंट में हिस्सा लेंगे।

### भारत के कारोबारी भी समिट में शामिल होंगे


गूगल के सुंदर पिचाई | ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन | माइक्रोसॉफ्ट के बिल गेट्स

नीति और संस्थागत मोर्चे पर, बिल गेट्स, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के सीईओ बोर्गे ब्रेंडे और आईबीएम, क्रिएटिव कॉमन्स और इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ प्राइवेसी प्रोफेशनल्स जैसे संगठनों के लीडर्स भी भाग लेने वाले हैं। भारत के कारोबारी जगत के नेता जैसे रिलायंस इंडस्ट्रीज के मुकेश अंबानी, भारती एंटरप्राइजेज के सुनील भारती मित्तल और इंफोसिस के नंदन नीलेकणी के भी इस इवेंट में शामिल होने की उम्मीद है। इसके अलावा इंफोसिस, एचसीएलटेक, इंटेल इंडिया, एडोब इंडिया और रेजरपे के शीर्ष अधिकारी भी भाग लेंगे।




*भारत टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण को बढ़ावा दे रहा*

भारत अपने विकास के सफर के एक महत्वपूर्ण चरण में है और उसकी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को एक रणनीतिक राष्ट्रीय उपकरण के रूप में बढ़ावा देने पर काम करने की योजना है। भारत चाहता है कि टेक्नोलॉजी के लोकतंत्रीकरण को बढ़ावा दे और बड़े पैमाने पर एक्सेस, इन्क्लूज़न और समानता सुनिश्चित करे।

## खबर संक्षेप

### पनामा में दो नौकाएं पलटीं, 3 की मौत



**पनामा सिटी।** पनामा में कैरेबियन तट पर मंगलवार को दो नौकाओं के पलटने से तीन प्रवासियों की मौत हो गई और एक अन्य को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पनामा समुद्री प्राधिकरण ने एक बयान में बताया कि ये घटनाएं कोलंबिया की सीमा के निकटवर्ती तट के एक सुदूर इलाके में हुईं। नौकाएं कोलंबिया की सीमा से लगे 'गुना याला इंडीजिनस' क्षेत्र में प्यूर्टो ओबाल्डिया की ओर जा रही थीं। 16 यात्रियों के साथ मिरामर से जा रही थी।

### नेपाल में बस गिरी नदी में, 12 की मौत



नेपाल में मंगलवार को नेपाल के रामेछाप जिले के माचानेतार इलाके में यात्रियों से भरी एक बस सड़क से पलटकर तामाकोशी नदी में गिर गई, जिससे 12 लोगों की मौत हो गई। इस बस एक्सीडेंट में 8 लोग घायल हो गए। घायलों में से 7 को काठमांडू के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार सातों घायलों को गंभीर चोट आई है। बस ड्राइवर का अचानक से कंट्रोल खो गया।

## गन कल्चर : कनाडा के कोलंबिया प्रांत के स्कूल में गोलाबारी

# शूटर समेत 9 की मौत, 25 लोग घायल हुए पीएम कार्नी ने अपना जर्मनी दौरा रद्द किया

एजेंसी ▶▶ ओटावा

कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत के टम्बलर रिज शहर में मंगलवार को एक हाईस्कूल में हुई गोलीबारी में 9 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 घायल हैं। अभी तक ये जानकारी नहीं आई है कि मरने वालों में कोई छात्र है या नहीं। स्कूल को एहतियातन बंद कर दिया गया है। इलाके के विधायक लैरी न्यूफेल्ड ने बताया कि हालात काबू में करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस और एंबुलेंस की टीमें मौके पर भेजी गईं हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि जो लोग अपने परिवार वालों को ढूंढने के लिए बाहर निकल आए हैं, वे घर लौट जाएं। सरकारी वेबसाइट के मुताबिक, हादसे वाले टम्बलर रिज सेकेंडरी स्कूल में 7 से 12 क्लास तक के कुल 175 छात्र पढ़ते हैं। टम्बल रिज लगभग 2,400 लोगों का एक छोटा सा कोल माइनिंग शहर है, जो डायनासोर के पैरों के निशान और जिवाश्म के लिए मशहूर है। वहीं, कनाडा के पीएम मार्क कार्नी ने इस गोलीबारी के बाद अपना जर्मनी दौरा रद्द कर दिया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि वह इस घटना से बेहद दुखी हैं। उन्होंने पीड़ित परिवारों के लिए संवेदना जताई और राहतकर्मियों की तारीफ की।

*टम्बलर रिज शहर के हाईस्कूल में 175 छात्र पढ़ते*

*स्कूल में 6, पास के घर में 2 और अस्पताल में 1 की मौत*

### संदिग्ध महिला ने आत्महत्या की


हादसे वाली जगह पर मौजूद रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस फोर्स

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस ने बताया कि संदिग्ध एक महिला थी, जिसने स्कूल ड्रेस पहन रखी थी और उसके बाल भूरे थे। उसका शव स्कूल के अंदर मिला। पुलिस का मानना है कि उसने खुद को गोली मारी है। पुलिस के अनुसार, दोपहर करीब 1 बजकर 20 मिनट (भारतीय समयानुसार रात करीब 2 बजे) पर स्कूल में गोलीबारी की खबर मिली थी। जब अधिकारी हाई स्कूल पहुंचे तो वहां छह लोग मृत मिले। एक अन्य घायल की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। इसके अलावा, पास के एक घर में दो और लोगों के शव मिले।


### छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला

करीब 25 लोगों को हल्की चोटों के साथ स्थानीय मेडिकल सेंटर में इलाज के लिए ले जाया गया। पुलिस अधिकारी केन फ्लॉयड ने बताया कि स्कूल से लगभग 100 छात्रों और स्टाफ को सुरक्षित बाहर निकाला गया। गोलीबारी की वजह अभी साफ नहीं है। 'पीस रिवर साउथ स्कूल डिस्ट्रिक्ट' ने मंगलवार को कहा कि सेकेंडरी स्कूल और टंबलर रिज एलिमेंटरी स्कूल दोनों में लॉकडाउन लागू किया गया है यानी किसी को अंदर जाने या बाहर निकलने की अनुमति नहीं है।

### पुलिस हमले का मकसद पता लगाने में जुटी

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) उत्तरी जिले के फेडरल पुलिस चीफ सुपरिटेंडेंट केन फ्लॉयड ने कहा कि वे अभी तक हमले के मकसद का पता नहीं लगा पाए हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि ये हमला 'क्यों' हुआ इसका पता लगाने में मुश्किल होगी, लेकिन हम यह पता लगाने की पूरी कोशिश करेंगे कि आखिर 'क्या' हुआ था। उन्होंने कहा कि घर स्कूल के पास था, और गोलीबारी आपस में जुड़ी हुई थी। हम हमले के मकसद का पता लगाने में जुटे हैं।

### *पीएम मोदी ने जताया दुख*



पीएम नरेंद्र मोदी ने गोलीबारी पर खेद जताया है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि कनाडा में हुई भयानक शूटिंग से सदमे में हूं। मैं उन परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है और घायलों के जल्द ठीक होने की कामना करता हूं। इस गहरे दुख की घड़ी में भारत कनाडा के लोगों के साथ खड़ा है।

### थाईलैंड में स्कूल पर फायरिंग, हिरासत में युवक

थाईलैंड के हाट याई में बुधवार शाम एक 18 साल के युवक नेस्कूल में फायरिंग कर दी। हमले में स्कूल डायरेक्टर और एक छात्र गंभीर रूप से घायल हुए हैं। आरोपी ने बाद में एक महिला स्टाफ को बंधक बना लिया। युवक अपनी बहन को सजा दिए जाने से नाराज था। घटना शाम करीब 4:45 बजे हाट याई के प्रथन खिरिवाट स्कूल में हुई। पुलिस ने आरोपी की पहचान 18 वर्षीय खेम के रूप में की है। पुलिस को पहले सूचना मिली थी कि आरोपी युवक अपनी मां को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहा है। इसी सूचना पर पुलिस जब घर पहुंची, तो आरोपी ने कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी से एम4 राइफल छीन ली।

## बैंक ऑफ अमेरिका का बड़ा दावा

# भारत-अमेरिका डील पर प्रभावी टैरिफ सिर्फ 13% रहने का अनुमान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली


पीएम मोदी और ट्रंप फाइल फोटो

भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित ट्रेड डील से भारतीय निर्यातकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बैंक ऑफ अमेरिका (बोफा) ग्लोबल रिसर्च की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगर रेसिप्रोकल टैरिफ की दर 18 प्रतिशत पर बरकरार रहती है, तो भारतीय निर्यात पर प्रभावी टैरिफ घटकर 12-13 प्रतिशत तक आ सकता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि अमेरिका को होने वाले भारतीय निर्यात में इलेक्ट्रॉनिक्स की हिस्सेदारी 40-45 प्रतिशत है, जिस पर फिलहाल जीरो टैरिफ लागू है। हालांकि, अमेरिका के सेक्शन 232 प्रावधान के तहत लगने वाले शुल्क को जोड़ने पर प्रभावी टैरिफ दर 12 प्रतिशत से कुछ ऊपर रह सकती है। बोफा ने यह भी कहा है कि भारत द्वारा अगले पांच वर्षों में अमेरिका से 500 अरब डॉलर का सामान खरीदने का लक्ष्य रखा गया है, जो सालाना करीब 100 अरब डॉलर के आयात के बराबर है। वर्तमान में भारत का कुल आयात बिल लगभग 750 अरब डॉलर है।

### इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत अहम: कूपर

अमेरिका ने भारत को दक्षिण एशिया और पश्चिमी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र का एक अहम और भरोसेमंद देश बताया है। दक्षिण और मध्य एशिया के सहायक सचिव पॉल कपूर ने हाउस फॉरेन अफेयर्स कमेटी की साउथ और सेंट्रल एशिया पर सब-कमेटी के सामने पेश एक लिखित बयान में कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति यह साफ करती है कि वॉशिंगटन को 'अमेरिका को सबसे पहले' रखना चाहिए और ऐसा दुनिया के जरूरी हिस्सों के साथ सक्रिय जुड़ाव के जरिए करना चाहिए। कपूर ने कहा, राष्ट्रपति के नेतृत्व में हमें आर्थिक और सुरक्षा की दृष्टि से फायदा हुआ है, साथ ही हमारे साझेदारों को भी मदद मिली है। उन्होंने कहा कि अकेले भारत में एक बिलियन से ज्यादा लोग रहते हैं।

### » अमेरिका ने दी भारत को और राहत

अमेरिका ने भारत के साथ हुई हालिया ट्रेड डील पर जारी अपनी फैक्ट शीट में कई बड़े बदलाव किए हैं। पहले जिन बातों का साफ जिक्र था, अब उन्हें या तो हटा दिया गया है या उनकी भाषा बदली गई है। सबसे बड़ा बदलाव दाल को लेकर है। पहले कहा गया था कि भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम या खत्म करेगा, जिसमें दाल भी शामिल थी। अब नए दस्तावेज से दाल का जिक्र हटा लिया गया है। 500 अरब डॉलर की खरीद को लेकर भी भाषा बदली गई है।

## अस्थायी विदेश नियुक्तियों को मिलेगी राहत

# भारत और ब्रिटेन ने सामाजिक सुरक्षा समझौते पर किए हस्ताक्षर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड उत्तरी आयरलैंड के बीच सामाजिक सुरक्षा योगदान से जुड़ा एक अहम समझौता संपन्न हुआ है। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह समझौता दोनों देशों के बीच टैलेंट की मोबिलिटी को बढ़ावा देगा और अस्थायी विदेश नियुक्तियों पर जाने वाले कर्मचारियों को दोहरे सामाजिक सुरक्षा योगदान से राहत दिलाएगा।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी और भारत में ब्रिटेन की हाई कमिश्नर लिंडी कैमरून सीबी ओबीई ने मंगलवार को नई दिल्ली में भारत सरकार और ब्रिटेन सरकार के बीच सोशल सिक्योरिटी सहयोग से जुड़े इस समझौते पर हस्ताक्षर किए।

### दोनों देशों के बीच आवाजाही होगी आसान

यह एग्रीमेंट अस्थायी विदेश असाइनमेंट पर काम करने वाले कर्मचारियों के डबल सोशल सिक्योरिटी कंट्रीब्यूशन को समाप्त करेगा। इससे न सिर्फ दोनों देशों के बीच टैलेंट की आवाजाही आसान होगी, बल्कि नियोक्ताओं और प्रोफेशनल्स की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता भी बढ़ेगी। यह समझौता दोहरे सामाजिक सुरक्षा भुगतान को खत्म करता है, जिससे दोनों देशों के नियोक्ताओं और सीमा-पार काम करने वाले प्रोफेशनल्स को सीधा फायदा मिलेगा। इससे क्रॉस-बॉर्डर बिजनेस और रोजगार को भी


लिंडी कैमरून और विक्रम मिसरी

### » आर्थिक सहयोग होगा मजबूत

बातचीत में भारत और ब्रिटेन के बीच मजबूत आर्थिक सहयोग के एक अहम पहलू पर चर्चा हुई। खासतौर पर क्रॉस-बॉर्डर बिजनेस और एम्प्लॉयर्स पर बोझ डालने वाली दोहरी सामाजिक सुरक्षा भागीदारी को समाप्त करने पर फोकस किया गया। यह समझौता दोनों देशों के बीच स्किल्ड प्रोफेशनल्स की आवाजाही को आसान बनाएगा। इससे वर्कफोर्स इंटीग्रेशन, रोजगार सुरक्षा और आर्थिक जुड़ाव को नई गति मिलेगी। यह एग्रीमेंट क्रॉस-बॉर्डर बिजनेस और प्रोफेशनल्स के हित में दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है।

## ईरान का अमेरिका को दो टूक संदेश

# परमाणु संयंत्रों के निरीक्षण की इजाजत पर हमारी संप्रभुता से 'समझौता' नहीं

एजेंसी ▶▶ तेहरान


ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन का कहना है कि उनका देश अपने परमाणु कार्यक्रम का किसी भी तरह का निरीक्षण कराने को तैयार है और स्पष्ट किया कि तेहरान परमाणु हथियार के पक्ष में नहीं है। ईरान की इस्लामिक क्रांति की 47वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि हम परमाणु हथियार हासिल नहीं करना चाहते। हमने यह बार-बार कहा है और किसी भी तरह के सत्यापन के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में ज्यादा मांगों के आगे नहीं झुकेगा। अमेरिका और यूरोप ने अपनी बातों और बयानबाजी से संदेह की ऊंची दीवार खड़ी कर दी है, जिससे बातचीत का कोई नतीजा नहीं निकल रहा है। पेजेशकियन ने कहा कि हमारा देश, ईरान, उनकी ज्यादा मांगों के आगे नहीं झुकेगा। हमारा ईरान हमले के आगे नहीं झुकेगा, लेकिन हम इस इलाके में शांति और सुकून कायम करने के लिए पड़ोसी देशों के साथ पूरी ताकत से बातचीत जारी रखे हुए हैं। ईरान के लोग अपनी क्रांति को बचाने, नेतृत्व के साथ चलने और मूल्यवान जन्मभूमि की रक्षा करने के लिए लाखों की संख्या में सामने आए हैं।

## भारत-थाईलैंड वायुसेनाओं का संयुक्त अभ्यास



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना और रॉयल थाई एयर फोर्स के बीच संयुक्त इन-सीटू हवाई अभ्यास शुरू हुआ है। भारतीय वायुसेना ने बताया कि इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों देशों की वायु सेनाओं के बीच ऑपरेशनल तालमेल और इंटरऑपरेबिलिटी को मजबूत करना है। यह अभ्यास क्षेत्रीय सुरक्षा सहयोग को भी बढ़ावा देने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। इस संयुक्त अभ्यास में सू-30एमकेआई लड़ाकू विमान, एडब्ल्यूएसीएस, एईडब्ल्यूएंडसी और आईएल-78 एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग विमान हिस्सा ले रहे हैं। वहीं थाईलैंड की ओर से ग्रिपेन लड़ाकू विमान शामिल हैं।

## भारत की साइबर सिक्योरिटी एजेंसी आई4सी के रिसर्च में बड़ा खुलासा

# देश में 40 करोड़ से ज्यादा गेमर्स, 8 करोड़ लत के शिकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गेमिंग कंपनियां बार-बार खेले जाने वाले गेम डिजाइन कर रहीं

गेम खेलने से दिमाग डोपामिन केमिकल रिलीज करता है, जो उत्तेजना पैदा करता

देश में युवाओं के बीच कई ऑनलाइन गेमिंग प्लेटफॉर्म्स काफी पॉपुलर हैं। कई गेम्स को तो हर दिन करोड़ों यूजर्स खेलते हैं। हाल ही में भारत सरकार की साइबर सिक्योरिटी एजेंसी आई4सी ने गेमिंग की लत और उसके दुष्प्रभाव को लेकर बड़ा खुलासा किया है। एजेंसी ने एक पोस्ट में बताया कि ऑनलाइन गेमिंग अब सिर्फ एंटरटेन्मेंट तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अब युवाओं में लत बन गया है, जिसके बुरे प्रभाव अब दिखने लगे हैं। एजेंसी ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड मेडिकल रिसर्च की रिपोर्ट का हवाला देते हुए बताया है कि गेमिंग एडिक्शन का दिमाग पर क्या असर होता है। रिसर्च के मुताबिक, गेम बनाने वाली कंपनियां गेम्स को ऐसे डिजाइन करती हैं, ताकि प्लेयर उसे बार-बार खेले। गेम खेलने से दिमाग डोपामिन केमिकल रिलीज करता है, जिससे खेलने की इच्छा बढ़ जाती है और धीरे-धीरे यह लत बन जाती है।

### चिड़-चिड़े होकर हारने में गुस्सा करने लगते हैं प्लेयर्स



आई4सी ने बताया कि गेम खेलने की लत की वजह से प्लेयर्स चिड़-चिड़े हो जाते हैं और हारने पर गुस्सा करते हैं या खुद को नुकसान भी पहुंचा लेते हैं। अगर प्लेयर से फोन लेने कि कोशिश की जाती है तो वे गुस्सा करते हैं और इतने नाराज हो जाते हैं कि सुसाइड करने तक का कदम उठा लेते हैं। ई-गेमिंग फेडरेशन के अनुसार, भारत में 40 करोड़ से अधिक गेमर्स हैं, जिनमें से लगभग 70% की उम्र 24 वर्ष से कम है। अनुमान है कि करीब 15-20% लोग गेमिंग की लत का शिकार हैं।

### गेमिंग की ऐसे छुड़ाएं लत

बच्चों में गेम की लत को समय पर पहचानना बहुत जरूरी है। इसे अचानक नहीं, बल्कि धीरे-धीरे कम करने की कोशिश करें। इसे ऐसे समझें- यदि बच्चा 4 घंटे गेम खेलता है तो उसे पहले 3 घंटे पर सीमित करें। उसके बाद धीरे-धीरे आधा घंटा कम करते जाएं। बच्चा यदि खाली बैठा है तो उसे कुछ प्रोडक्टिव करना सिखाएं। जैसे- ड्राइंग, पेंटिंग, साइकलिंग, स्पोर्ट्स ,म्यूजिक या स्विमिंग जैसे काम सिखा सकते हैं। इससे बच्चे का ध्यान स्मार्टफोन पर नहीं जाएगा।

## संसद में पाक रक्षा मंत्री ने रोया दुखड़ा

# अमेरिका ने इस्तेमाल किया, मतलब निकला टॉयलेट पेपर की तरह फेंका

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद



पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को संसद में कहा कि अमेरिका ने अपने फायदे के लिए पाकिस्तान का इस्तेमाल किया और काम निकलने के बाद उसे टॉयलेट पेपर की तरह फेंक दिया। उन्होंने कहा कि हमने अफगानिस्तान में दो जंग लड़ीं। इसमें इस्लाम और मजहब के नाम पर हिस्सा लिया, लेकिन असल में दो सैन्य तानाशाहों (जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ) ने वैश्विक ताकत का समर्थन पाने के लिए ऐसा किया। उन्होंने 1979 में सोवियत संघ के हस्तक्षेप का जिक्र करते हुए कहा कि यह कदम अफगान सरकार के न्योते पर उठाया गया था, लेकिन अमेरिका ने इसे सीधा हमला बताकर अपनी तरह से नरेटिव तैयार किया आसिफ ने पाकिस्तान की अमेरिका के साथ 1999 के बाद हुई नई रणनीतिक साझेदारी पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि 11 सितंबर 2001 के हमलों के बाद अमेरिका के साथ खड़े होने की कीमत पाकिस्तान आज भी चुका रहा है।

## चिंतन

# सच्चाई की सुरक्षा के लिए डीपफेक पर सख्ती जरूरी

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को मानव की सहायता के लिए विकसित किया गया था, ताकि कामकाज आसान हो, उत्पादकता बढ़े और जटिल समस्याओं का समाधान मिल सके। एजेंटिक एआई जैसी उभरती तकनीकें बड़े भाषा मॉडल, मशीन लर्निंग और एंटरप्राइज ऑटोमेशन को जोड़कर ऐसे स्वायत्त सिस्टम बना रही हैं, जो डेटा का विश्लेषण कर निर्णय ले सकते हैं और कम मानवीय हस्तक्षेप में कार्य कर सकते हैं। यह तकनीक उद्योगों, प्रशासन और सेवा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाने की क्षमता रखती है, लेकिन हर तकनीक के साथ एक जिम्मेदारी भी जुड़ी होती है। एआई का दुरुपयोग आज गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। गूगल के सीईओ तक यह स्वीकार कर चुके हैं कि एआई का गलत इस्तेमाल नए खतरे पैदा कर रहा है। इन खतरों में सबसे बड़ा और चुनौतीपूर्ण रूप है डीपफेक। डीपफेक ऐसी तकनीक है, जिसके माध्यम से किसी व्यक्ति की आवाज, तस्वीर या वीडियो को इस तरह बदला जा सकता है कि वह वास्तविक प्रतीत हो। इससे किसी की प्रतिष्ठा, निजता और मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर आघात पहुंच सकता है। राजनीति, समाज और पारिवारिक जीवन हर क्षेत्र में इसका दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है। हाल ही में एलन मस्क के एआई 'ग्रोक' के जरिए सोशल मीडिया पर अश्लील और भ्रामक तस्वीरों की बाढ़ इसका ताजा उदाहरण है। विवाद बढ़ने पर सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ा और संबंधित मंचों को सामग्री हटाने के निर्देश देने पड़े। सरकार ने अब सूचना प्रौद्योगिकी नियम, 2021 में संशोधन कर डीपफेक और एआई-जनित बनावटी सामग्री के प्रबंधन के लिए सख्त प्रावधान लागू किए हैं। 20 फरवरी से लागू होने वाले इन नियमों के तहत एक्स, इंस्टाग्राम जैसे मंचों को सक्षम प्राधिकारी या अदालत के आदेश पर ऐसी सामग्री तीन घंटे के भीतर हटानी होगी। इसके अलावा, एआई से तैयार सामग्री की अनिवार्य लेबलिंग भी जरूरी कर दी गई है, ताकि उपयोगकर्ता जान सकें कि वे जो देख रहे हैं वह वास्तविक है या कृत्रिम रूप से निर्मित। यह कदम स्वागत योग्य है, क्योंकि बनावटी सामग्री को अब औपचारिक रूप से 'सूचना' की श्रेणी में रखा गया है और गैरकानूनी गतिविधियों के निर्धारण में इसे अन्य सूचनाओं के समान माना जाएगा। साथ ही, यदि किसी सामग्री पर एआई लेबल लगाया गया है तो उसे हटाने या छिपाने की अनुमति नहीं होगी। जहां संभव हो, वहां स्थायी मेटाडेटा जोड़ना भी अनिवार्य किया गया है। सबसे बड़ी चिंता बच्चों को लेकर है। बच्चों का मन कोमल और संवेदनशील होता है। डीपफेक या भ्रामक सामग्री उनके मानसिक विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। ऑनलाइन उत्पीड़न, साइबर बुलिंग और फर्जी वीडियो के माध्यम से बच्चों को निशाना बनाना एक गंभीर सामाजिक समस्या बनती जा रही है। ऐसे में अभिभावकों, स्कूलों और डिजिटल मंचों को मिलकर बच्चों की डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। एजेंटिक एआई जहां संभाव्य और अनुकूलनशील तकनीक के रूप में नए अवसर खोल रहा है, वहीं नियतात्मक प्रणालियां जैसे आरपीए सुरक्षित और अनुपालन आधारित संचालन के लिए अभी भी महत्वपूर्ण है। भविष्य का डिजिटल ढांचा इन दोनों तकनीकों के संतुलित संयोजन पर आधारित होगा, परंतु तकनीकी प्रगति का अर्थ यह नहीं कि नैतिकता और निजता को दरकिनार कर दिया जाए। आज आवश्यकता है कि सोशल मीडिया कंपनियां अपनी जिम्मेदारी समझें। केवल मुनाफा कमाने की दौड़ में वे समाज को जोखिम में नहीं डाल सकतीं।



## जयंती विशेष

अखिलेश आर्येन्दु

# दयानंद ने दिखाया था परमार्थ का रास्ता

**महर्षि दयानंद ने आर्य समाज, परोपकारिणी सभा, गौकृष्यादि रक्षणी सभा और धर्म सभा की स्थापना की। वे ऐसे समाज सुधारक, वेदों के उद्धारकर्ता और धर्म के रक्षक महामान थे, जिनका मानना था कि दूसरों की उन्नति, प्रगति और विकास को ही अपनी उन्नति और विकास मानना मानव का स्वभाव होना चाहिए। इससे जहां परहित होता है, वहीं पर स्वहित भी होता जाता है। जहां भी सामाजिक कार्य हों, वहां पर अपने निहित स्वार्थ को तज सामाजिक स्वार्थ को प्राथमिकता देनी चाहिए। सभी मतावलम्बियों के साथ विमर्श कर एक सर्वसम्मत सद्भाव का रास्ता पहली बार दयानंद संन्यासी ने तलाशा। यह बगैर किसी दुराग्रह, आग्रह और स्वार्थ के वशीभूत हो किया गया सर्वहितकारी राष्ट्रहितैषी कार्य था।**

गुजरात के काठियावाड़ के टंकारा ग्राम में 200 वर्ष पूर्व जन्म लेने वाले आर्य समाज, परोपकारिणी सभा, गौकृष्यादि रक्षणी सभा और धर्म सभा की स्थापना करने वाले महर्षि दयानंद का जीवन और कार्यों को समझने के लिए किताब खोलने की जरूरत नहीं है, बल्कि उनके द्वारा स्थापित संस्थाएं और उनसे प्रेरणा लेने वाले लाला लाज पत राय, सरदार भगतसिंह, राम प्रसाद बिस्मिल, स्वामी श्रद्धानंद सरीखे अनगिनत मां भारती के वीर योद्धाओं के कार्यों से हम समझ सकते हैं। वे ऐसे समाज सुधारक, वेदों के उद्धारकर्ता और धर्म के रक्षक महामान थे, जिनका मानना था कि दूसरों की उन्नति, प्रगति और विकास को ही अपनी उन्नति और विकास मानना मानव का स्वभाव होना चाहिए। इससे जहां परहित होता है, वहीं पर स्वहित भी होता जाता है। जहां भी सामाजिक कार्य हों, वहां पर अपने निहित स्वार्थ को तज सामाजिक स्वार्थ को प्राथमिकता देनी चाहिए।

महर्षि दयानंद ने ऐसे सर्वहितकारी विचार तब दिए थे जब भारतीय समाज में अंधविश्वास, पाखंड, कुरीतियां और स्वार्थवादी प्रवृतियों का बोलबाला था। दयानंद ने निर्भीकता से कहा-सत्य, ज्ञान और विद्या मानव उन्नति और हित के आधार हैं। सत्य के बिना न तो ज्ञान की अहमियत है और न तो विद्या की ही। उन्होंने वेद को सत्य, ज्ञान और विद्या का आधार बताया। वह अपने उपदेशों, उद्बोधनों और प्रवचनों में वेद विद्या को प्रमुखता देते थे। उन्होंने कहा-मानव मन को चंगा करने और जीवन के परम लक्ष्य मोक्ष को हासिल करने के लिए वेद का रास्ता ही सबसे सहज, सरल और पवित्र है। वेद ऐसे ज्ञान, विद्या और विज्ञान के आधार स्तम्भ हैं, जहां से सभी तरह की विद्याओं और विज्ञानों का उद्गम होता है। उपनिषदों में अंधकार के पार देखने वाले और अंधकार के पार जाकर प्रकाश में विचरण करने वाले साधक को 'स्कंद' कहा गया है। जो मानव सभी तरह की बुराइयों, अंधकारों, अज्ञानता और संस्कारों से छूट जाता है, वह परम पावन ज्ञानमयी बन जाता है। दयानंद ऐसे ही परम पावन ज्ञानमयी साधक थे। उनकी साधना ऋद्धियों-सिद्धियों को प्राप्त करने के लिए नहीं थी बल्कि अंधकार, अविद्या, दुख, पाप, असत्य और पाखंड में फंसे व्यक्ति को बाहर निकालने के लिए थी। वह ऐसे युग निर्माता और समाज सुधारक थे, जिनके रगों में सर्वहित और सर्वदुख निवारण का रक्त प्रवाहित हो रहा था। महर्षि दयानंद ने कहा, वेद सभी ज्ञान-विज्ञानों और विचारों के अंतिम प्रमाण हैं। वेद ऐसे ज्ञान रश्मि के स्त्रोत हैं जहां मानव के आधिदैविक, आधिभौतिक और आध्यात्मिक तापों और और विषयों को कसौटी प्रदान करते हैं। महर्षि ने समाज सुधार के अनगिनत कार्य तो किए ही, आजादी के लिए अनगिनत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भी तैयार किए। वह सब का भला चाहते थे, भले ही उन्हें उनके लिए दुख सहने पड़ते हों। असहायों, दुखियों, रोगियों, दलितों, गरीबों और अंधकार में भटक रहे अज्ञानी लोगों के लिए उन्होंने वह सब कुछ किया, जो वह कर सकते थे। सत्यार्थ प्रकाश, संस्कार विधि, ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका और वेदांजलि में महर्षि दयानंद ने मानव के जीवन के हर पक्ष को मजबूत बनाने और उन्नति करने के सभी तरह के सूत्र और विचार दिए हैं। वह मत-मतांतरों की आलोचना उनके सुधार के मद्देजनर करते हैं। वह जितना




हिंदुओं के सुधार की बात करते हैं, उनता ही मुसलमानों, ईसाइयों, बोद्धों, सिखों और जैनियों के भी। समाज, संस्कृति, धर्म, अध्यात्म, विज्ञान, ज्ञान, विद्या और राजनीति सहित अनेक विषयों पर महर्षि दयानंद ने अपने विचार सत्यार्थ प्रकाश में व्यक्त किए हैं। ईश्वर, जीव और प्रकृति जैसे सबसे विवादित विषयों को भी उन्होंने अपनी पुस्तकों में वेद और तर्क के आधार पर परिभाषित और व्याख्यायित किया है। दुनिया में सबसे अधिक विवाद और झगड़े ईश्वर, धर्म और मत-पंथ पर रहे हैं। महर्षि ने इन पर खुलकर अपने विचार सत्यार्थ प्रकाश में व्यक्त किए हैं। वह कहते हैं कि पहले ईश्वर, जीव और मत-पंथों को जानों, समझों और फिर मानो। उन्होंने कबीर की तरह गुरु को खूब ठोक-बजाकर ही मानने पर जोर दिया है। इसी तरह, प्रत्येक कार्य, विचार और विषय को भी मानने के पहले उन्हें खूब समझ लेने पर जोर दिया। यूं तो ब्रह्मांड की काल गणना में दो शताब्दी बहुत लम्बा समय नहीं होता, लेकिन किसी व्यक्ति, संगठन या संस्था के जन्म, कार्य, उद्देश्य और जनहित के कार्य की गणना में महत्व जरूर रखता है। वैरागी जीवन अपनाने के साथ ही, सत्य की खोज का संकल्प और संन्यास लेने के बाद समाज, संस्कृति, वैदिक धर्म, हिंदी, गुरुकुलीय शिक्षा के विकास, दलितों, पिछड़ों के साथ मजलूमों की बेहतरी के लिए समर्पित हो गया था। संन्यास लेने और गुरु विरजानंद से शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने दयानंद सरस्वती के रूप में समाज में ख्याति हासिल किया, जो कई धाराओं में आगे बढ़ता हुआ रोशन होता गया। उन धाराओं में वेदों का पुर्नोदय के लिए शास्त्रार्थ व वेदों का हिंदी में भाष्य, भारतीयता को गौरव दिलवाने, समाज सुधार, गुरुकुलीय शिक्षा के उन्नयन, राष्ट्राभिमान और स्वदेशी की महत्ता से राष्ट्रनिर्माण का सूत्र देने जैसी अनेक धाराएं वे एक साथ लेकर आगे बढ़ रहे थे।

समाज के शोषित, दलित, असहाय और अशिक्षित वर्ग की हालत विदेशी राज सत्ता की नाइंसाफी की वजह से दिनोंदिन बदतर होती जा रही थी। इसका असर भारतीय समाज के हर क्षेत्र में साफ-साफ दिखाई दे रहा था। स्वामी दयानंद ने इसे समझा और महसूस किया और यहीं से उन्होंने सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, दार्शनिक, राष्ट्रीय, शैक्षिक सुधार और परंपरागत विचारों में बदलाव करने की ठानी। उस बदलाव का परिणाम यह हुआ कि समाज के हर वर्ग की मान्यताओं, धारणाओं, परंपराओं और विचारों में खुला चिंतन और तर्कवादी विमर्श पैदा हुआ। इससे जहां देश में आजादी की हवा बहने लगी, वहीं गुलामी की जंजीरों की जकड़ धीरे-घीरे ढीली होने लगीं। आर्यसमाज की स्थापना के 150 वर्ष 2026 में पूरे होंगे। पिछले डेढ़ सौ वर्षों में स्वामी दयानंद द्वारा स्थापित इस संस्था ने समाज सुधार, नव निर्माण, वेदों के प्रचार-प्रसार, समाज के शोषित, दलित, असहाय, अशिक्षित और अंधविश्वास-पाखंड में जकड़े वर्ग को जाग्रत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। स्वामी दयानंद के, उद्देश्यों, कार्यों, सुधारों और निर्माण को आर्य समाज के कार्यों के साथ जोड़े बगैर उनका पूरा मूल्यांकन नहीं किया जा सकता है। वहीं पर आर्यसमाज के आंदोलन स्वरूप से गांधी इतने प्रभावित हुए कि उन्हें कहना पड़ा-जहां-जहां मैं गुजरता हूं वहां आर्य समाज पहले ही गुजर चुका होता है। यह था आर्यसमाज का स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान का असर। लाला लाजपत राय, सरदार भगत सिंह, राम प्रसाद बिस्मिल, ऊधम सिंह जैसे तमाम देशभक्तों की बलिदान की कहानी दयानंद और आर्यसमाज के रास्ते से गुजरती है। इसी तरह सभी मतावलम्बियों के साथ विमर्श कर एक सर्वसम्मत सद्भाव का रास्ता पहली बार दयानंद संन्यासी ने तलाशा। यह बगैर किसी दुराग्रह, आग्रह और स्वार्थ के वशीभूत हो किया गया सर्वहितकारी राष्ट्रहितैषी कार्य था।

( लेखक साहित्यकार और चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।


## सारा संसार



कोयम्बटूर के धार्मिक स्थलों में से एक, 11वीं शताब्दी का पेरुर पाटेश्वर निर्मित मंदिर राजा करिकाल चोल द्वारा बनाया गया था। शिव को स्वयंभू लिंगम के रूप में, पीठासीन देवता, पट्टेश्वर के रूप में पूजा जाता है।

## विचार

डॉ. राजेश के पिलानिया




# खुशहाल जीवन के लिए आत्मग्लानि से मुक्ति

आत्मग्लानि एक बहुत मजबूत भावना है। इसका लोगों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। आत्मग्लानि की भावना का एक सकारात्मक प्रभाव भी होता है, लेकिन इसका जीवन के कई पहलुओं पर, खासकर मानसिक स्वास्थ्य और खुशी पर, गहरा नकारात्मक प्रभाव भी पड़ता है। आत्मग्लानि का सकारात्मक प्रभाव यह है कि यह हमें कुछ नकारात्मक काम करने से रोकती है और हमारे जीवन में किए गए कार्यों पर सोचने में मदद करती है। आत्मग्लानि को एक सकारात्मक शक्ति के रूप में इस्तेमाल करना और जीवन में सही रास्ते पर बने रहना उपयोगी हो सकता है। हालांकि, कई लोगों के लिए आत्मग्लानि तब नकारात्मक प्रभाव डालती है, जब इसे सही तरीके से संभाला नहीं जाता। हमने कई ऐसे लोगों को देखा है जो आत्मग्लानि का भारी बोझ उठाए हुए हैं और एक दुखी व असंतुष्ट जीवन जी रहे हैं। उदाहरण के लिए- मैंने जो किया उसके आधार पर मैं अच्छा इंसान नहीं हूं और यह बात मुझे हर समय परेशान करती रहती है; मैं अपने माता-पिता की अपेक्षाओं पर खरा न उतर पाने के विचार से बाहर नहीं निकल पा रहा हूं; अपने पिछले रिश्ते को तोड़ने की आत्मग्लानि के कारण मैं अपने वर्तमान रिश्ते की सफलता को लेकर हमेशा चिंतित रहता हूँ; अपने जीवन की एक गलती के कारण मुझे खुद पर शर्म महसूस होती है; या मैंने जो किया उसकी शर्म की वजह से मैं लोगों से घुल-मिल नहीं पाता और अपने जीवन में अकेलापन महसूस करता हूं, और ऐसे कई अन्य उदाहरण। आत्मग्लानि शर्म, अलगाव, अकेलापन और मानसिक आघात जैसे कई हानिकारक प्रभाव पैदा कर सकती है। लोग उन बातों के लिए भी आत्मग्लानि महसूस करते रहते हैं जो कई दशक पहले हुई थीं। शोध से पता चलता है कि यह लंबे समय तक बनी रहने वाली आत्मग्लानि जीवन के कई पहलुओं को प्रभावित करती है, जिनमें आत्मविश्वास, रिश्ते, काम, शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य, समग्र भलाई और खुशी शामिल हैं। यह आत्मग्लानि से निपटने का सही तरीका नहीं है। हमें इसे संभालने का एक बेहतर तरीका खोजने की जरूरत है। हालांकि यह कठिन है, लेकिन सही दिशा में छोटे और सरल कदम उठाकर इसे किया जा सकता है। पहला कदम है आत्मग्लानि की भावना को पहचानना और उसे स्वीकार करना। दूसरा कदम यह देखना है कि क्या यह भावना वास्तव में सही है—क्या व्यक्ति वास्तव में जो हुआ उसके लिए जिम्मेदार है, या वह गलत धारणाओं के आधार पर खुद को दोषी मान रहा है। तीसरा कदम है आत्मग्लानि की जड़ को पहचानना और उसे निष्पक्ष रूप से देखना। चौथा कदम है उससे सीख लेना और अपनी पिछली गलतियों के लिए खुद को माफ करना, क्योंकि हम इंसान हैं और हमसे गलतियां होती हैं। पांचवां कदम यह है कि खुद को माफ करके, अपनी गलतियों से सीख लेकर और उन्हें दोहराने से बचने का संकल्प लेकर व्यक्ति आत्मग्लानि की भावना से बाहर आ सकता है। यदि किसी को अपने दम पर आत्मग्लानि से बाहर निकलना कठिन लगे, तो वह दूसरों से मदद ले सकता है, जिसमें पेशेवर मदद भी शामिल है। आत्मग्लानि को समझकर और उससे सीख लेकर व्यक्ति एक नई शुरुआत कर सकता है। इस नई शुरुआत के साथ वह उदासी की छाया से बाहर आ सकता है और अतीत के बोझ से मुक्त महसूस कर सकता है। इसके बाद व्यक्ति रोज़मर्रा के जीवन में खुशी के छोटे-छोटे कदम उठाना शुरू कर सकता है, अधिक खुश रह सकता है और एक अधिक संतोषपूर्ण जीवन जी सकता है।

( लेखक एमडीआई गुरुग्राम में प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## स्वीकारोक्तिः गलतियों को खुले मन से स्वीकार करें



संकलित

दर्शन

कार्य संपन्न होने की प्रक्रिया में कदाचित त्रुटियां रह सकती हैं, भले ही कार्य निष्ठा से किया जाए। अगर कोई आपके किए-कराए में चूक निकाले, उस पर टिप्पणी करे तो नाराज होने के बजाय उसे खुलेमन से स्वीकार करें। वैसे आप गलतियां करने से तभी बच पाएंगे, जब कुछ नहीं करेंगे। अपने अवगुण या खोट को स्वीकार करना श्रेष्ठ मानवीय गुण है। औसत सोच का व्यक्ति ऐसा करने में असमर्थ होता है। अवांछनीय या अनुचित कार्य की अनदेखी का अर्थ है संशोधन के द्वार बंद कर देना। सर्वगुणसंपन्न व्यक्ति तो साक्षात देवता है। भूल-चूक की स्वीकारोक्ति प्रगति की राह में पहला चरण है। इस प्रक्रिया में आप अनेक व्यक्तियों का विश्वास जीतते हैं। जिस सत्य का सामना करने के लिए तैयार नहीं, उसे बदलेंगे कैसे? जिसे अपनी अपूर्णताओं का आभास नहीं वह मूर्ख नहीं, बल्कि दयनीय है, क्योंकि ऐसा व्यक्ति अपने अवगुणों को दूर नहीं कर सकेगा। जिस सीमा तक हम अपनी अपूर्णताओं और अवांछनीय व्यवहार के प्रति सजग रहेंगे और समाधान की ओर अग्रसर रहेंगे, उसी अनुपात में हम नैतिक रूप से समृद्ध होंगे। व्यावहारिक जीवन में संयमी, संयत व्यक्ति से भी भूल-चूक हो जाती है। उन्नत सोच का व्यक्ति अपनी भूल को तुरंत स्वीकार कर लेगा। मध्यम सोच वाले को गलती का अहसास तो होगा, वह मन में कुढ़ेगा भी, किंतु लज्जित होने की आशंका से वह गलती को खुलेआम नहीं मानेगा। अपनी छवि के प्रति अत्यंत चौकस अधिसंख्य व्यक्ति अपने गलत कार्य या कथन की वैसी संरक्षा करेंगे जैसे सद्गुण या शील दांव पर हो।

## गौतम ऋषि के तप से प्रकट हुई थीं गंगा



संकलित

प्रेरणा

मान्यता है कि पुराने समय गौतम ऋषि और देवी अहिल्या ब्रह्मगिरी पर्वत पर रहते थे। वर्तमान में ये क्षेत्र नासिक जिले में है। गौतम ऋषि तपस्वी थे, इस कारण उन्हें हर जगह मान-सम्मान मिलता था। इस बात से यहां अन्य साधु-संत गौतम ऋषि के लिए जलन की भावना रखते थे। साधु-संत गौतम ऋषि का अपमान करने का कोई न कोई बहाना खोजते रहते थे। एक दिन जलन की वजह से सभी साधु-संतों ने गौतम ऋषि पर गोहत्या करने का झूठा आरोप लगा दिया। सभी साधु-संतों ने कहा कि इस हत्या के पाप के प्रायश्चित के लिए आपको देवी गंगा को यहां बुलाना होगा। तब गौतम ऋषि ने यहां शिवलिंग स्थापित करके तपस्या करना शुरू की। गौतम ऋषि की भक्ति से प्रसन्न होकर शिव जी और माता पार्वती यहां प्रकट हुए। जब शिव जी ने गौतम ऋषि से वरदान मांगने को कहा तो गौतम जी से वरदान में मांगा कि देव नदी गंगा को यहां भेज दीजिए। ऐसा कहने पर शिव जी की इच्छा से देवी गंगा भी वहां प्रकट हो गईं। गंगा ने कहा कि अगर शिव जी भी यहां रहेंगे, तभी मैं भी यहां रहूंगी। गौतम ऋषि को वरदान देने और देवी गंगा की इच्छा पूरी करने के लिए शिव जी यहां ज्योति रूप में विराजमान हो गए। इसके बाद देव नदी गंगा भी यहां गौतमी नदी के रूप में बहने लगी। गौतमी नदी का एक नाम गोदवरी भी है। इसके बाद गौतम ऋषि पर लगाया गया आरोप झूठा साबित हो गया। साधु-संतों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने गौतम ऋषि से क्षमा मांगी। गौतम ऋषि ने सभी को क्षमा भी कर दिया।

## सटाका




## आज की पाती

### बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट बंद हों

आज के अत्याधुनिक दौर में सोशल मीडिया का अनियंत्रित विस्तार न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व के लिए गंभीर मानसिक संकट का कारण बनता जा रहा है। इस तकनीकी उछाल ने इनसान को धीरे-धीरे मानसिक रूप से निर्बल बनाया है, साथ ही वह स्वाभाविक जीवन जीने की क्षमता भी खोता जा रहा है। सोशल मीडिया का सबसे अधिक विषैला प्रभाव बच्चों की कोमल मानसिकता पर पड़ रहा है। दुनिया के कई विकसित और प्रगतिशील देश बच्चों को सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए कड़े कानून बना चुके हैं और कठोरता से लागू भी कर रहे हैं। वहीं भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है। भारत में भी 16 साल तक के बच्चों के सोशल मीडिया अकाउंट तुरंत बंद होने चाहिए।

*- मनोज जोशी, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# बाल देखभाल केंद्रों में तेजी से बढ़ रही गंभीर घटनाएं

ऑस्ट्रेलिया में प्रारंभिक बाल शिक्षा केंद्रों तथा बाल देखभाल केंद्रों में गंभीर घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। उत्पादकता आयोग की अद्यतन रिपोर्ट के अनुसार 2024-25 में प्रति 100 सेवा केंद्रों पर ऐसी 160 गंभीर घटनाएं दर्ज की गईं, जबकि यह आंकड़ा 2023-24 में 148 और 2022-23 में 139 था। गंभीर घटना से आशय ऐसी स्थिति से है जो किसी बच्चे के स्वास्थ्य, सुरक्षा या कल्याण को गंभीर रूप से प्रभावित करे। इसमें गंभीर चोट या बीमारी जिसके लिए चिकित्सकीय उपचार की आवश्यकता हो, आपात सेवाओं की मौजूदगी वाली घटनाएं, बच्चे का लापता हो जाना आदि शामिल हैं। इसके अलावा दुर्व्यवहार या बच्चे की मृत्यु भी इस श्रेणी में आती है। दिसंबर 2025 में जारी राष्ट्रीय बाल देखभाल सुरक्षा एवं गुणवत्ता एजेंसी (एसीईसीक्यूए) की रिपोर्ट के अनुसार चोट, बीमारी या आघात के मामले कुल गंभीर मामलों के 77.7 प्रतिशत थे। ये आंकड़े देशभर में प्रारंभिक बाल शिक्षा केंद्रों तथा बाल देखभाल केंद्रों की सुरक्षा को लेकर जारी चिंताओं के बीच सामने आए हैं। पिछले सप्ताह नियामकों ने सिडनी में एक पारिवारिक बाल देखभाल केंद्र को बंद किए जाने की जानकारी दी, जहां चाकू और ज़हर जिस स्थान पर रखे गए थे, बच्चे वहां तक आसानी से पहुंच सकते थे।



## ऑफ बीट


# क्या गर्म पानी पीने से वजन घटता व साफ होती है त्वचा

सोशल मीडिया पर इन दिनों एक नया चलन तेजी से लोकप्रिय हो रहा है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि रोजाना एक कप सादा गर्म पानी (बिना किसी मिश्रण के) पीने से वजन घटाने, त्वचा साफ होने, गले की खराश और मासिक धर्म के दर्द में राहत जैसे फायदे मिलते हैं। इसे सरल और प्राकृतिक उपाय के रूप में पेश किया जा रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार गुनगुना (उबलता नहीं) पानी पीना सामान्यतः सुरक्षित है और कई लोगों को इससे आराम महसूस होता है, लेकिन इसके विशेष स्वास्थ्य लाभों के पक्ष में ठोस वैज्ञानिक प्रमाण सीमित हैं। लाभ संभवतः अधिक पानी पीने, नियमित स्वास्थ्य आदत अपनाने या गर्माहट से मिलने वाले सुकून के कारण हो सकते हैं, न कि पानी के तापमान के कारण। पानी, चाहे ठंडा हो या गर्म, शरीर के लिए आवश्यक है। पर्याप्त पानी पीना पाचन, रक्त संचार, गुर्दा क्रिया, रक्तचाप नियंत्रण और समग्र स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। 2025 के एक अध्ययन में संकेत मिला कि पर्याप्त पानी न पीने से रोजमर्रा के तनाव से निपटना कठिन हो सकता है। हालांकि अब तक ऐसा कोई मजबूत प्रमाण नहीं है कि गर्म पानी, सामान्य या ठंडे पानी की तुलना में अतिरिक्त स्वास्थ्य लाभ देता है।



## ट्रेंड

### अंत्योदय के प्रणेता



सर्वस्व समर्पण उस चेतना की अभिव्यक्ति है, जिसमें राष्ट्र और मानवता सर्वोपरि होती है। अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भी इसी भावना से देश के जन-जन को सशक्त बनाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### भारतीय टेक्सटाइल



टेक्सटाइल की रेस में भारत 18% टैरिफ की बेड़ियों में दौड़ेगा और बांग्लादेश 0% टैरिफ के खुले मैदान में। पीएम का ट्रम्प की शर्तों के सामने समर्पण का ऐलान, भारतीय टेक्सटाइल के लिए मौत का फरमान है।

**- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### सम्मानजनक स्टाइपेंड



1 साल में हेल्थ सेक्टर की 27 साल पुरानी लीगेसी प्रॉब्लम्स का हमने समाधान निकालना शुरू कर दिया है। नर्सिंग इंटर्न्स, जिन्हें स्टाइपेंड के नाम पर केवल 500 रुपये मिलते थे, आज उन्हें 13,000+ का सम्मानजनक स्टाइपेंड मिल रहा है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### उप्र बजट लोक लुभावना



उत्तर प्रदेश विस में पेश किया गया बजट लोक लुभावना ज्यादा तथा जनता के वास्तविक उत्थान एवं सर्वसमाज व सभी क्षेत्र के विकास का कम प्रतीत होता है। फिर भी जो घोषणायें व आश्वासन आदि जनता को देने का प्रयास किया गया है उसका सही से समयबद्ध तरीके से अमल जरूर हो।

**- मायावती, पूर्व सीएम, उप्र**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## दुष्कर्म के आरोप का बहुचर्चित प्रकरण

# देश न छोड़ने की शर्त पर युकां के प्रदेश सचिव को जमानत

हरिभूमि जबलपुर।



अपर सत्र न्यायाधीश महिमा कुशवाहा की अदालत ने दुष्कर्म के आरोपी युवक कांग्रेस के प्रदेश सचिव ऋषभ मिश्रा को कोर्ट की अनुमति के बिना देश न छोड़ने की शर्त पर जमानत का लाभ दे दिया है।

दरअसल, एक शादीशुदा महिला की शिकायत पर पुलिस ने दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज कर लिया था। शिकायतकर्ता के अनुसार शादी का प्रलोभन देकर विगत तीन सालों से दैहिक शोषण किया जा रहा था। वह शिकायतकर्ता व उसकी पुत्री को विगत 29 दिसम्बर को गोवा लेकर गया था और होटल में उसके साथ संबंध बनाए थे। आवेदक की ओर से तर्क दिया गया कि शिकायतकर्ता शादीशुदा महिला है और दोनों के बीच आपसी सहमति से संबंध स्थापित हुए थे। महिला का अपने पहले पति से तलाक नहीं हुआ था। ऐसी स्थिति में वह महिला से विवाह नहीं कर सकता था। उसके द्वारा शिकायतकर्ता को चार लाख रुपये दिए गए थे। जिसके संबंध में बैंक स्टेटमेंट भी न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। आवेदन में कहा गया था कि आवेदक युवक कांग्रेस का प्रदेश महासचिव है और उसके माता-पिता भी कांग्रेस के नेता हैं। शिकायतकर्ता राजीनामे के लिए उनके माता-पिता को धमका रही थी। न्यायालय ने सुनवाई के दौरान पाया कि शिकायतकर्ता की तरफ से ऐसे कोई साक्ष्य नहीं पेश किए गए हैं कि वह परित्यक्ता है या उसका पति नहीं है। न्यायालय ने सुनवाई के बाद आवेदक को जमानत का लाभ प्रदान कर दिया। आवेदक की तरफ से अधिवक्ता प्रियंक अग्रवाल ने पैरवी की।

## हाईकोर्ट का बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर निर्देश

# 62 वर्षीय गुमशुदा वृद्ध को खोज कर पेश करो

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने जबलपुर एसपी व पुलिस को 62 वर्षीय गुमशुदा वृद्ध को खोज कर कोर्ट को समक्ष पेश करने के निर्देश दिए हैं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका पर यह निर्देश दिए। कोर्ट ने पुलिस अधीक्षक जबलपुर और अधारताल थाना प्रभारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जबलपुर निवासी दीपक विश्वकर्मा की ओर से अधिवक्ता अतुल जेसवानी ने कोर्ट को बताया कि याचिकाकर्ता के पिता राकेश विश्वकर्मा 27 जून 2025 की रात्रि 9 बजे के आसपास पास घर से निकले और तभी से लापता हैं। इस मामले में अधारताल थाने में 28 जून 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सात माह बाद भी पुलिस उन्हें ढूंढ़ नहीं पाई है। पुलिस अधीक्षक को भी इस संबंध में शिकायत सौंपी थी। यह आशंका भी जताई गई कि किसी अज्ञात गिरोह के द्वारा बुजुर्ग को गायब किया गया है। इसके बावजूद कोई। कारवाई नहीं की जा रही है।



# पीएम विद्यालयों में कार्य पूर्णतः पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण हों : वर्मा

**जबलपुर।** पं. ल. श. झा शासकीय उत्कृष्ट उच्च माध्यमिक विद्यालय, जबलपुर में संभाग स्तरीय पीएम विद्यालयों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल से अपर संचालक मनीष वर्मा, वरिष्ठ अधिकारी रविकांत जैन, सुमनकांत जैन (प्रोग्रामर), अनिल दीक्षित एवं हेमंत वास्तव उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए अपर संचालक मनीष वर्मा ने कहा कि पीएम विद्यालय योजना शासन की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसकी मॉनिटरिंग केंद्रीय स्तर से निरंतर की जा रही है। शासन द्वारा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न मदों में राशि प्रदान की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि उपलब्ध कराई गई राशि का उपयोग नियमानुसार, पूर्ण पारदर्शिता के साथ एवं निर्धारित समय-सीमा में किया जाए तथा बजट लेप्स होने से पूर्व भुगतान सुनिश्चित किया जाए। बैठक में संभाग के सभी जिलों के पीएम विद्यालयों की विस्तृत समीक्षा की गई। संयुक्त संचालक अरुण कुमार इंगले द्वारा संभाग के सभी विद्यालयों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बैठक में संयुक्त संचालक अरुण कुमार इंगले, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी,संभाग के समस्त जिलों के जिला शिक्षा अधिकारी, अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं संबंधित स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. डी. के. खरे, सहायक संचालक द्वारा किया गया।

## हितानंद शर्मा संभालेंगे बौद्धिक प्रकोष्ठ का क्षेत्रीय दायित्व

# जबलपुर बना संघ की नई जिम्मेदारी का केंद्र

**जबलपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संगठनात्मक फेरबदल में जबलपुर को महत्वपूर्ण भूमिका मिली है। राज्य भाजपा में संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी निभा चुके हितानंद शर्मा को संघ ने पुनः अपने दायरे में लेते हुए जबलपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बौद्धिक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय कार्यालय का दायित्व सौंपा है। इस जिम्मेदारी के साथ उन्हें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के संघ कार्यों के समन्वय की जिम्मेदारी भी दी गई है। यह निर्णय हाल ही में इंदौर में आयोजित संघ की बैठक में लिया गया, जिसके बाद राजनीतिक और संगठनात्मक हलकों में इसकी चर्चा तेज हो गई है। जबलपुर से क्षेत्रीय स्तर पर दो राज्यों के कार्यों का संचालन होने से शहर का महत्व संगठनात्मक दृष्टि से और बढ़ गया है।

गौरतलब है कि हितानंद शर्मा पिछले छह वर्षों से भाजपा संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे थे। वे लंबे समय तक विद्या भारती से जुड़े रहे और वर्ष 2020 में सुहास भगत के कार्यकाल के दौरान राज्य भाजपा में सह-संगठन महामंत्री बनाए गए थे। साल 2022 में सुहास भगत के हटने के बाद शर्मा को संगठन महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई थी। यह पद मुख्यमंत्री और प्रदेश अध्यक्ष के बाद पार्टी का तीसरा सबसे महत्वपूर्ण पद माना जाता है।

भाजपा सूत्रों का कहना है कि संघ परंपरा के अनुसार संगठन महामंत्री को लंबे समय तक पार्टी में नहीं रखा जाता, और पांच वर्ष से अधिक अवधि के बाद उनकी वापसी संघ में होना स्वाभाविक प्रक्रिया का हिस्सा माना जाता है।

### जबलपुर की संगठनात्मक अहमियत बढ़ी

विश्लेषकों का मानना है कि क्षेत्रीय कार्यालय की जिम्मेदारी जबलपुर से संचालित होने से संघ और संबद्ध संगठनों की गतिविधियों के लिहाज से शहर का रणनीतिक महत्व और बढ़ेगा। मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के समन्वय की जिम्मेदारी यहां से संचालित होना इसे संगठनात्मक केंद्र के रूप में स्थापित करता है।

## कार में अपहरण कर ऑनलाईन लूट करने वाले 3 आरोपी पकड़ाये

जबलपुर। गोहलपुर थानांतर्गत तीन दिनों पूर्व दरमियानी रात चंडालभाटा रोड पर दोस्त की जन्मदिन पार्टी से लौट रहे दो युवकों का उनकी कार में ही अपहरण कर चाकू अड़ाकर मारपीट कर ऑनलाईन एप से 20 हजार रुपये ट्रांसफर कराने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है। गोहलपुर पुलिस ने बताया कि बाई का बगीचा घमापुर निवासी लक्ष्य झा गत 7 फरवरी को लेबर चौक स्थित नागेन्द्र होटल से दोस्त के जन्मदिन की पार्टी मनाकर अपने साथी अभिनव श्रीवास्तव के साथ क्रेटा कार क्रमांक एम पी 04 सी आर 1566 से दीनदयाल से अपने घर तरफ वापस आ रहा था। रात लगभग 2.30 बजे निस्तार करने के लिए कार को रोड से चंडालभाटा रोड पर लगभग 50 मीटर अंदर लेकर गये। लक्ष्य कार में अंदर ही बैठा था।

## सफाई मित्रों को कार्यस्थल पर सुरक्षा के लिए पी.पी.ई. किट भी की गई प्रदान

# शिविर में सफाई मित्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण, प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

हरिभूमि जबलपुर।




नगर निगम अपने स्वच्छता मित्रों की सुरक्षा और उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत एम.आई.सी. सदस्य एवं स्वास्थ्य प्रभारी श्रीमति रजनी कैलाश साहू सुभाष चंद्र बैनर्जी वार्ड पार्षद श्याम कनोजिया, अपर आयुक्त अरविंद शाह की उपस्थिति में 'सफाई मित्र स्वास्थ्य एवं सुरक्षा शिविर' का गरिमामय आयोजन किया गया।

जिसमें प्रशिक्षित चिकित्सकों की टीम द्वारा सभी सफाई मित्रों का गहन स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जांच के तत्काल बाद उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और उपचार भी उपलब्ध कराया गया। जनप्रतिनिधियों एवं निगम अधिकारियों की उपस्थिति में सफाई मित्रों के समर्पण को सराहा गया। उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया और कार्यस्थल पर सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पी.पी.ई. किट प्रदान की गई। शिविर के दौरान योजना शाखा के सदस्यों ने सफाई मित्रों को शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं से अवगत कराया, ताकि वे अपनी पात्रता अनुसार उनका लाभ उठा सकें।

बैंक प्रतिनिधियों की सहायता से सफाई मित्रों के बैंकिंग कार्यों का निपटारा किया गया। इसमें विशेष रूप से ई-केवाईसी और अन्य बैंकिंग सुविधाओं को मौके पर ही सुलभ कराया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थित जनों ने शहर को स्वच्छ बनाए रखने और अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाने की 'स्वच्छता शपथ' ली। स्वास्थ्य शिविर में उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोला राव एवं संभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नगर निगम ने नाले पर अतिक्रमण हटाया, लगाया 5000 का जुर्माना

**जबलपुर।** शहर को जलभराव की समस्या से मुक्त करने और ड्रेनेज सिस्टम को सुदृढ़ बनाने के संकल्प के साथ जबलपुर नगर निगम की टीम इन दिनों एक्शन मोड में है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के कड़े निर्देशों के बाद, आज छोटी लाइन फाटक क्षेत्र में एक बड़ी कार्रवाई की गयी। क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि छोटी लाइन फाटक के सामने वासु होटल द्वारा नाले के ऊपर पक्का निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था। इस अवैध निर्माण के कारण नाले की नियमित सफाई में बाधा आ रही थी, जिससे भविष्य में जलप्लावन का खतरा बना हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम की टीम ने तत्काल प्रभाव से नाले पर किए गए पक्के निर्माण को मौके पर ही ढहा दिया गया ताकि सफाई कार्य सुचारू रूप से हो सके। निगम के नियमों का उल्लंघन करने और जनहित के कार्य में बाधा डालने पर होटल प्रबंधन पर 5000 रूपये का जुर्माना लगाया गया और चालान काटा गया। अतिक्रमण हटते ही टीम ने नाले की गहरी सफाई का कार्य शुरू कर दिया। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया है कि शहर की स्वच्छता और बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुँचाने वाले किसी भी निर्माण को बख्शा नहीं जाएगा। यह कार्रवाई अन्य व्यवसायियों और नागरिकों के लिए एक संदेश है कि सार्वजनिक नालों और रास्तों पर अतिक्रमण करना न केवल अवैध है, बल्कि यह पूरे शहर के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए खतरा है।

## 2 हजार वर्गफुट भूमि भी की गई अधिग्रहित

# राजस्व वसूली के लिए नगर निगम की सख्ती

**जबलपुर।** शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से नगर निगम जबलपुर ने बकाया करों की वसूली के लिए अपना अभियान तेज कर दिया है। इसी कड़ी में आज दिनांक 11 फरवरी 2026 को संभाग क्रमांक 10 राँझी के अंतर्गत लाला लाजपत राय वार्ड में बकायादार आनंदी लाल पटेल पिता बाबू लाल पटेल की पटेल बारात घर पर 5 लाख 99 हजार 7 सौ 61 रूपये बकाया होने पर बारात घर में तालाबंदी की कार्यवाही की गयी तथा 2000 वर्गफुट भूमि को अधिग्रहित किया गया। यह कार्रवाई निगमायुक्त रामप्रकश अहिरवार के निर्देशानुसार संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा एवं उनकी टीम के द्वारा की गयी। कार्रवाई के संबंध में श्री शर्मा ने बताया कि 15 दिवस के अंदर करदाताओं के द्वारा बकाया करों की राशि जमा नहीं की जाती है तो नगर निगम द्वारा वैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए सम्पत्तियों को नीलाम करने की कार्रवाई की जायेगी।

संभागीय अधिकारी नरेश शर्मा ने यह भी बताया कि श्रीमती माया बाई पिता स्व. तीरथ प्रसाद पुरानी बस्ती लखेरा आटा चक्की के आगे पर बकाया राशि 1 लाख 42 हजार 8 सौ 36 रूपये होने पर 1000 वर्गफुट भूमि का माप कर अधिग्रहित की कार्यवाही की गयी।

कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक हरनारायण पटैल, उपयंत्री लोककर्म अनिल विश्वकर्मा, अजय यादव, समय पाल एवं वार्ड के सहायक राजस्व निरीक्षक चन्द्रभान नोनिया, खूबचंद धुम्मेरकर, श्रीमती उषारानी पाटिल, श्रीमती सविता कुशवाहा, राधा किशन धुर्वे एवं नोटिस सर्वर मुन्ना परस्ते, पवन बरकड़े, महेश परस्ते, रज्जू भवेदी, सृजन साहू आदि उपस्थित रहे।

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल

# नंदी पर सवार होकर निकला ग्रामीण



**जबलपुर।** पनागर थाना क्षेत्र का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. जिसमें एक व्यक्ति सांड (नंदी) की पीठ पर सवार होकर गुजर रहा है और लोगों का अभिवादन भी कर रहा है. वीडियों सांड भी व्यक्ति को अपने उपर बैठने दे रहा है वहीं व्यक्ति भी पूर्ण आत्मविश्वास के साथ बैठा है. सबसे दिलचस्प यह है की प्रशासन भी यह तय कर पाने में नाकाम है कि इसे पशुक्रूरता में गिना जाए या पशु प्रेम माना जाए। सोशल मीडिया पर इस अनोखे स्टंट का वीडियो आग की तरह फैल रहा है। कोई इसे युवक की बहादुरी बता रहा है, तो कोई इसे सड़क पर जोखिम भरा कारनामा मान रहा है। स्थानीय युवाओं के बीच यह वीडियो 'पनागर का स्वैग' के नाम से चर्चा का विषय बना हुआ है। हालांकि, व्यस्त सड़क पर इस तरह के करतब से किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है, जिसे लेकर कुछ जागरूक नागरिकों ने चिंता भी जताई है।

# विभागीय योजनाओं का नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : संभागायुक्त

**जबलपुर।** संभागायुक्त धनंजय सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संभाग के सभी कलेक्टरों से शासन के कार्यक्रमों एवं प्राथमिकता अभियानों के संबंध में चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस बिंदुओं के पालन प्रतिवेदन पर विस्तार से चर्चा कर प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने राजस्व एवं सामान्य प्रशासन से जुड़े मामलों, जिसमें राजस्व न्यायालयों के लंबित प्रकरण, सीएम हेल्पलाईन, सीपीग्राम, सीएम तथा सीएस मॉनिट, लोक सेवा गारंटी, जीएडी, लोकायुक्त कार्यालय से प्राप्त शिकायतों, लंबित विभागीय जांचों, अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन प्रकरणों पर समीक्षा कर इन्हें समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान निर्धारित लेबर बजट एवं विगत वर्षों के अपूर्ण कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत स्वीकृत एवं पूर्ण आवासों की जिले वार समीक्षा की गई।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कृषि एवं कृषि संबद्ध विभागों की कृषि वर्ष 2026 की कार्ययोजना की जिलेवार समीक्षा की गई। जिसमें मुख्य रूप से पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना, प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना, डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना, हिरण्यगर्भा अभियान एवं क्षीरधारा ग्राम योजना के अलावा मत्स्य पालन में आधुनिक तकनीक का उपयोग करने की समीक्षा की गई। साथ ही धान उपार्जन उपरांत उपार्जित धान के भंडारण एवं परिवहन के साथ रबी सीजन के लिए गुणवत्तापूर्ण बीज एवं खाद की उपलब्धता की भी समीक्षा की।

नगरीय प्रशासन विभाग अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में एसबीएम 2.0 और अमृत 2.0 प्रोजेक्ट अंतर्गत लंबित भूमि आवंटन प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये गये। उन्होंने उद्योग विभाग की समीक्षा के दौरान डीएलसीसी बैठक अंतर्गत चिन्हित विभिन्न योजनाओं की लक्ष्यपूर्ति समय सीमा में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की विभागीय योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रभावी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। समीक्षा के दौरान जिले के कलेक्टर्स एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी वर्चुअली रूप से सम्मलित रहे।




# तीन आरोपियों से चोरी के पांच वाहन जप्त

**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच व विजय नगर पुलिस ने तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी के पांच दोपहिया वाहन जप्त किये हैं। इन आरोपियों ने एसबीआई चौक पीएनटी कालोनी और विजय नगर व ग्वारीघाट में वाहन चोरी की वारदातें की थीं, मुख्बिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच की टीम ने चेरीताल निवासी राजकुमार सवनकर, ग्रीन सिटी निवासी धर्मेंद्र राजपूत व श्री नाथ की तलैया निवासी शिवम उर्फ विक्की श्रीवास को हिरासत में लेकर पूछताछ की और विजय नगर पुलिस के हवले किया, पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही कर चोरी के पांच दोपहिया वाहन जप्त किये हैं।

## शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने नगर निगम की कार्रवाई तेज

**जबलपुर।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और मुख्य मार्गों पर सुगम यातायात सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम ने अपनी मुस्तैदी बढ़ा दी है। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार आज संभाग क्रमांक 3 और 4 के अंतर्गत सड़कों के किनारे अवैध रूप से मलबा, गिट्टी और रेत रखने वालों पर कार्रवाई की गई। सड़कों और मुख्य मार्गों को बाधित करने वाले अतिक्रमणकारियों से कुल 19,000 रुपये की चालानी राशि वसूली गई। स्वच्छता टीम ने नागरिकों को स्पष्ट हिदायत दी है कि नालियों और सड़कों पर कचरा या निर्माण सामग्री न फैलाएं। दोबारा उल्लंघन पाए जाने पर दोगुना जुर्माना वसूल किया जाएगा। खाली प्लॉट मालिकों को अपने भूखंडों की सफाई रखने और वहां स्वामित्व का बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि वहां गंदगी का अंबार न लगे।

# अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन कटनी में कल से

**जबलपुर।** भारतीय सेना में शामिल होने का सुनहरा मौका। जबलपुर सहित 15 जिलों के युवाओं के लिए अग्निवीर भर्ती रैली का आयोजन किया जा रहा है। उप संचालक रोजगार एमएस मरकाम ने कहा कि भर्ती कार्यालय मुख्यालय जबलपुर द्वारा युवाओं के लिए भर्ती की रैली आयोजित की जाएगी। यह रैली 13 फरवरी से 24 फरवरी 2026 तक पुलिस लाइंस झिंझरी कटनी में होगी। अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क स्टोर कीपर, ट्रेड्समैन जैसे पदों के लिए भर्ती होगी। जबलपुर, अनूपपुर, बालाघाट, छिंदवाड़ा, कटनी, मंडला, मउगंज, नीमच, रीवा, सतना, सिवनी, शहडोल, सीधी, सिंगरौली और उमरिया जिले के युवा इस रैली में शामिल हो सकते हैं। साथ ही मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के सभी जिलों की महिला उम्मीदवार महिला सैन्य पुलिस की भर्ती के लिए आवेदन कर सकती हैं। सेना द्वारा मई और जून 2025 में ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जामिनेशन का आयोजन किया गया था। जो अभ्यर्थी इस परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं, उन्हें 27 जनवरी 2026 को ईमेल पर एडमिट कार्ड भेज दिया गया है। अब ये उम्मीदवार शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेंगे। रैली में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड, नवीनतम पासपोर्ट साइज फोटो, सभी जरूरी दस्तावेज और आधार से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य है। फोटो रैली की तारीख से 7 दिन से ज्यादा पुरानी नहीं होनी चाहिए। अग्निवीर ट्रेड्समैन और जनरल ड्यूटी के उम्मीदवारों को पांच विषयों में उत्तीर्ण होना जरूरी है। किसी भी जानकारी के लिए भर्ती कार्यालय जबलपुर से टेलीफोन नंबर 7247028996 पर संपर्क कर सकते हैं। भारतीय सेना में चयन पूरी तरह पारदर्शी और मेरिट के आधार पर होता है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि किसी दलाल या बिचौलिए के चक्कर में न पड़ें।

## खबर संक्षेप

### शासकीय कालेज का वार्षिक स्नेह सम्मेलन आज

**सिहोरा।** नगर के शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वार्षिक स्नेह सम्मेलन का आयोजन आज गुरुवार को पूर्वाह्न 11 बजे से किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार श्रीवास्तव ने बताया स्नेह सम्मेलन का आयोजन संतोष बरकंडे विधायक सिहोरा के मुख्य आतिथ्य,प्रोफेसर पंजाबराव चंदेलकर की अध्यक्षता,राजा मोर अध्यक्ष जन भागीदारी समिति, संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष, रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत अध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य एवं डॉ श्रीमती संतोष जाटव पूर्व अतिरिक्त संचालक उच्च शिक्षा जबलपुर के सारस्वत आतिथ्य में किया गया है। डॉ नीता तिवारी समन्वयक आयोजन समिति ने सभी से कार्यक्रम में पहुंचने की अपील की है।

### एल आई सी कर्मियों की हड़ताल आज

**सिहोरा।** एलआई सी द्वारा अमानवीय श्रम संहिताओं का बीमा उद्योग में एफ डी आई को 100 प्रतिशत तक बढ़ाने,पीएसजीएल कंपनियों के निजीकरण प्रंबधन के एकपक्षीय रवैये के विरोध में देशव्यापी हड़ताल का सिहोरा शाखा के कर्मचारीयों ने भी समर्थन किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार कर्मचारी एल आई सी में क्लास तृतीय एंव एल व्ही कैडर में तत्काल भर्ती सभी कर्मचारियों को 1995 पेंशन योजना कर्मचारियों के सभी लंबित मुद्दों का समाधान उद्योग एवं कर्मचारी मुद्दों पर यूनियन के साथ संवाद आदी प्रमुख मांग के विरोध में कर्मियों द्वारा आज गुरुवार को हड़ताल का आयोजन किया गया है।

### कार में अपहरण कर ऑनलाईन लूट करने वाले 3 आरोपी पकड़ाये

**जबलपुर।** गोहलपुर थानांतर्गत तीन दिनों पूर्व दरमियानी रात चंडालभाटा रोड पर दोस्त की जन्मदिन पार्टी से लौट रहे दो युवकों का उनकी कार में ही अपहरण कर चाकू अड़ाकर मारपीट कर ऑनलाईन एप से 20 हजार रुपये ट्रांसफर कराने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया है। गोहलपुर पुलिस ने बताया कि बाई का बगीचा घमापुर निवासी लक्ष्य झा गत 7 फरवरी को लेबर चौक स्थित नागेन्द्र होटल से दोस्त के जन्मदिन की पार्टी मनाकर अपने साथी अभिनव श्रीवास्तव के साथ क्रेटा कार क्रमांक एम पी 04 सी आर 1566 से दीनदयाल से अपने घर तरफ वापस आ रहा था। रात लगभग 2.30 बजे निस्तार करने के लिए कार को रोड से चंडालभाटा रोड पर लगभग 50 मीटर अंदर लेकर गये। लक्ष्य कार में अंदर ही बैठा था। अभिनव जैसे ही नीचे उतरा तभी अज्ञात चार लड़के मोटरसाइकिल व एक्सिस में आये तथा उसे व अभिनव को घेरकर कार की चाबी छुड़ा लिये। चारों ने अभिनव व लक्ष्य के साथ मारपीट की और अभिनव के गले में चाकू अड़ाकर 20 हजार रुपये मांगने लगे। लक्ष्य के पास पैसा नहीं होने पर चारों अपनी स्कूटी व मोटरसाइकिल को वहीं छोड़कर लक्ष्य व अभिनव को कार में बंधक बनाकर मारपीट कर सुपरमनी एप से 20 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए।

# नगर निगम ने पी.एम. स्वनिधि योजना के हितग्राहियों को लाभ दिलाने में दिखाई प्रतिबद्धता

**जबलपुर।**

शहर के स्ट्रीट वेंडर्स और छोटे कारोबारियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जबलपुर नगर निगम पूरी सक्रियता से जुटा हुआ है। निगमायुक्त आर.पी. अहिरवार के अथक प्रयास और बैंकों के सकारात्मक सहयोग से पी.एम. स्वनिधि योजना का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुँच रहा है।निगमायुक्त और उपायुक्त श्रीमती अंकिता जैन ने बताया कि योजना को गति देने के लिए वे बैंकों में जाकर हितग्राहियों और बैंक प्रतिनिधियों से सीधे संवाद कर रहे हैं। इस कार्य में सिटी मिशन मैनेजर और सामुदायिक संगठक भी सक्रिय रूप से लगे हुए हैं, ताकि अधिक से अधिक हितग्राहियों को राहत लोन उपलब्ध कराया जा सके। इंडियन बैंक, लालमाटी शाखा ने एक ही दिन में 20 हितग्राहियों के आवेदन प्रक्रिया को पूरा कर उन्हें सीधे खातों में ऋण राशि हस्तांतरित कर दिया। निगमायुक्त आर.पी. अहिरवार ने इस तत्परता की सराहना करते हुए शहर के अन्य बैंकों से भी आग्रह किया कि वे इसी सक्रियता के साथ अधिक से अधिक छोटे कारोबारियों को लाभान्वित करें। निगमायुक्त ने यह भी बताया कि हितग्राही अपनी नजदीकी संभागीय कार्यालयों में संपर्क कर योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस पहल से शहर के छोटे कारोबारियों की राह आसान होने के साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है।





## एस बी आई शाखा में मृतक हितग्राही के परिजनों को 10 लाख का चेक प्रदान

**बरेला।** भारतीय स्टेट बैंक (SBI) की बरेला शाखा से जुड़े एक हितग्राही चैन सिंह धुर्वे का निधन हो गया। बैंक द्वारा मृतक के नाम से संबंधित दावा प्रक्रिया पूरी किए जाने के बाद परिजनों को 10,00,000 (दस लाख रुपये) की राशि का चेक प्रदान किया गया। यह चेक रामेती बाई के नाम पर जारी किया गया। परिजनों ने आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर बैंक में औपचारिक प्रक्रिया पूर्ण की। बैंक प्रबंधन द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए राशि स्वीकृत की गई। शाखा प्रबंधक विजया लक्ष्मी बघेल ने टी आई अनिल पटेल व अन्य स्टाफ की उपस्थित में परिजनों को यह चेक सौंपा गया।

## रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में 10 दिवसीय योग शिविर का समापन

**जबलपुर।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के योग विभाग के एम. तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा कला निकेतन पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के फार्मेसी विभाग में 2 फरवरी से चल रहे 10 दिवसीय योग शिविर का समापन 11 फरवरी को संपन्न हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में महाराष्ट्र व्यायाम शाला के संयुक्त सचिव राजेंद्र खोखले उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में फार्मेसी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सीमा कोहली मौजूद रहीं। विश्वविद्यालय के योग विभाग के शिक्षक डॉ. राजेश कुमार पांडे और डॉ. राकेश गोस्वामी ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। अध्यक्षता डॉ. राजेश कुमार पांडे ने की। कार्यक्रम के दौरान फार्मेसी विभाग के छात्रों द्वारा योग प्रदर्शन प्रस्तुत किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बताया कि शिविर के अभ्यास ने उन्हें अपने दैनिक जीवन में योग को अपनाने की प्रेरणा दी है। समापन समारोह में शिविर संचालक मोहन देशपांडे ने सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन अलंकृति श्रीवास्तव ने किया। इस शिविर का संचालन विश्वविद्यालय योग विभाग के छात्रों अलंकृति श्रीवास्तव, मोहन देशपांडे, खुशबू साहू, राधा पटेल, रितु दुबे और राहुल सिंह राजपूत द्वारा किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन डॉ. राजेश कुमार पांडे ने दिया।



## 3 सटोरिये गिरफ्तार

**जबलपुर।** क्राईम ब्रांच और बेलबाग पुलिस की टीम ने गत रात ब्यौहारबाग पांडे अस्पताल के सामने सट्टा पट्टी लिख रहे तीन सटोरियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 12 हजार 120 रुपए जब्त किए हैं।बेलबाग थाना प्रभारी जितेंद्र पाटकर ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच और बेलबाग पुलिस की टीम ने ब्यौहारबाग पांडे अस्पताल के सामने सट्टा पट्टी लिख रहे बाई का बगीचा रामकृष्ण कालोनी निवासी 32 वर्षीय अभिषेक बिनोदिया को गिरफ्तार कर उसके पास से तीन सट्टा पट्टी तथा 4 हजार 120 रूपये जप्त किये। इसी प्रकार सागर पान भंडार के पास ब्यौहारबाग में दबिश देते हुये सट्टा पट्टी लिख रहे महाराजपुर अधारताल निवासी 58 वर्षीय आरोपी मगन कोरी को गिरफ्तार कर 2 सट्टा पट्टी एवं 3 हजार 500 रूपये जप्त किये गये। इसी तरह सागर पान भंडार के पास ब्यौहारबाग में दबिश देते हुये सट्टा पट्टी लिख रहे हनुमानताल निवासी 45 वर्षीय अच्छेलाल चौधरी को 2 सट्टा पट्टी एवं 4 हजार 500 रुपए सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने तीनों सटोरियों के विरूद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## खालसा लॉ कॉलेज के विधि विभाग का शैक्षणिक भ्रमण और विधिक जागरूकता कार्यक्रम

**बरगी।** श्री गुरु तेग बहादुर खालसा लॉ कॉलेज के विधि विभाग द्वारा विद्यार्थियों के व्यावहारिक और सामाजिक ज्ञान को बढ़ाने के उद्देश्य से 11 फरवरी 2026 को बरगी महाविद्यालय में एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत लीगल एड क्लिनिक और विधिक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विधि विभाग के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय से बरगी पहुँचकर कार्यक्रम की शुरुआत की। विधिक जागरूकता सत्र में आमजन को उनके कानूनी अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, न्याय प्राप्ति की प्रक्रिया और विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के माननीय डायरेक्टर श्री आर.एस. चंडोक के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संचालित किया गया। उनके कुशल निर्देशन और प्रेरणा से यह शैक्षणिक भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुआ। कार्यक्रम के सफल संचालन में विधि विभाग के शिक्षकगण अमर पाटकर, श्रीमती रुचि सिंह, जितेन्द्र पटेल, अनिल गुलहानी, श्रीमती वर्षा दीक्षित, सुश्री अंशुली, श्रीमती अनीता, बलजीत सिंह और श्रीमती आकांशी पाठक का विशेष योगदान रहा। साथ ही विधि छात्रों गौरव प्रेम डेहरिया, पुष्पेन्द्र लोधी, संदीप पटेल, नितिन प्रजापति, कुलदीप, मोहम्मद कैफ, राघव सोनी, रश्मि बर्मन, समीक्षा श्रीवास, अनामिका यादव और अर्पणा वर्मा का भी सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर अधिवक्ता ऋषि राज विज ने छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## बैंक मित्रों ने शोषण के खिलाफ देशव्यापी शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया

**जबलपुर।** NICT कंपनी द्वारा देशभर में कार्यरत बैंक मित्रों के साथ किए जा रहे निरंतर शोषण, अन्यायपूर्ण नीतियों और असंवेदनशील व्यवहार के विरोध में आज पूरे देश में बैंक मित्रों ने शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। जबलपुर जिले में, जिला अध्यक्ष मूर्ति नामदेव ने बताया कि सभी बैंक मित्रों ने अपने कार्यस्थलों पर काली पट्टी बांधकर कार्य करते हुए एकजुटता का परिचय दिया। यह विरोध प्रदर्शन पूरी तरह अनुशासित, शांतिपूर्ण और बिना किसी कार्य बहिष्कार के किया गया। बैंक मित्रों की मुख्य समस्याएँ: अत्यंत कम पारिश्रमिक, नौकरी की कोई सुरक्षा नहीं, मानसिक एवं आर्थिक शोषण, कार्यस्थल पर सम्मानजनक वातावरण का अभाव, लंबित वैध मांगों की अनदेखी, बैंक मित्रों का कहना है कि कार्यभार लगातार बढ़ाया जा रहा है, लेकिन उसके अनुपात में न तो मानदेय बढ़ाया जा रहा है और न ही उन्हें सामाजिक, आर्थिक अथवा मानसिक सुरक्षा दी जा रही है।इस आंदोलन का उद्देश्य सरकार और संबंधित विभागों का ध्यान बैंक मित्रों की गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित करना है।

# सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और मप्र पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के बीच कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज समझौता

**जबलपुर।**

**सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के बीच कॉर्पोरेट सैलरी पैकेज के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण समझौता संपन्न हुआ। इस समझौते के माध्यम से कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को बैंक की विशेष बैंकिंग सुविधाओं एवं बीमा लाभ प्राप्त होंगे।**

समझौते में सेंट्रल बैंक की ओर से डी. पी. खुराना (महाप्रबंधक, रिसोर्सेज, केंद्रीय कार्यालय मुंबई), डी. के. पांडे (उप महाप्रबंधक, आंचलिक कार्यालय भोपाल), अविनाश कुमार (क्षेत्रीय प्रबंधक, जबलपुर), सुबीर कुमार (सहायक महाप्रबंधक, नेपियर टाउन जबलपुर), विवेक कुमार (मुख्य प्रबंधक, रिसोर्सेज, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर) तथा प्रशांत मानी, सृजन गुप्ता और सोमेश गौतम उपस्थित रहे। पूर्व क्षेत्र कंपनी की ओर से अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक (प्रशासन) मो. ए. कुरैशी, महाप्रबंधक (स्थापना) आर.सी. साहू, उप निदेशक आनंद नायक और उप महाप्रबंधक एवं प्रबंधक (आईटी) अवनीश गुप्ता उपस्थित थे। यह समझौता पूर्व क्षेत्र कंपनी के अधिकारियों और कर्मचारियों को सुदृढ़ और सुविधाजनक बैंकिंग सेवाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



## श्री लक्ष्मी नृसिंह महायज्ञ में उमड़ी भक्तों की भीड़

**सिहोरा।**

**खितौला में यज्ञोपवीत संस्कार 13 को**


उपनगर खितौला के सिद्ध स्थल नृसिंह टेकरी मंदिर में 101 वें श्री लक्ष्मी नृसिंह महायज्ञ एंव श्रीमद नर्मदा पुराण कथा तथा महामंत्र का अखंड संकीर्तन का आयोजन 15 फरवरी तक किया जा रहा है। जिसमें प्रतिदिन नगर के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के भक्तगण बड़ी संख्या में पहुंचकर यज्ञशाला की परिक्रमा लगाकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।श्री लक्ष्मी नृसिंह भगवान की असीम कृपा एंव मंदिर के ब्रह्मलीन महंत श्री श्री 1008 द्वारका दास जी महाराज के आशीर्वाद एंव मंदिर के महंत स्वामी गोविंद दास महाराज के सानिध्य में चल रहे इस नौ दिवसीय विशाल एंव भव्य धार्मिक आयोजन में 13 फरवरी को ब्राह्मण बालकों का यज्ञोपवीत संस्कार आयोजित किया गया है। तथा 14 फरवरी को पूर्णाहुति के साथ कन्या भोजन भंडारे का का आयोजन होगा। एंव शिवरात्रि पर शिव जी का रुद्राभिषेक गौ पूजन एंव जलविहार होगा। महायज्ञ में सिहोरा खितौला के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में भक्त गण पहुंचकर पुण्य लाभ अर्जित कर रहे हैं।

## शिवलिंग निर्माण, ध्वज यात्रा, शिव बारात का आयोजन

## आज से प्रारंभ होंगे मांगलिक कार्यक्रम

**सिहोरा।**

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शिवरात्रि के पावन पर्व पर नगर की आस्था के केन्द्र शिव मन्दिर बाबाताल मे शिवलिंग निर्माण,ध्वज यात्रा शिव बारात महाआरती एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया है। आज 12 फरवरी को मेंहदी एवं संगीत,13 फरवरी मण्डप,14 फरवरी हल्दी एंव 15 फरवरी को भोले बाबा की बारात एवं जयमाला सायं 5.30 बजे से आयोजित की गई है।समस्त धर्मप्रेमियों से उपस्थिती की अपील टीम बाबा ताल सिहोरा ने की है।



## रेल मजदूर संघ का प्रयास रंग लाया

**महिला ट्रेकमेंटेनर्स के कैडर परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू**

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के कोटा, भोपाल, जबलपुर मंडलो में कार्यरत महिला ट्रेक मेन्टेनर्स कर्मचारियों को बड़ी सौगात मिलने वाली है । संघ प्रवक्ता सतीश कुमार ने बताया कि महिला ट्रेकमेन्टेनर्स कर्मचारियों के उनके कार्यस्थल अर्थात रेल ट्रेक पर अनेको कठिनाइयो का सामना करना पड़ता है उन्हे मूलभूत सुविधाएं यथा शौचालय , चैंजिंग रूम, रेस्ट रूम , पीने का पानी आदि की भी सुविधॉए मुहैया नही है उक्त पीड़ा को वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा ने पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक श्रीमति शोभना बंधोपाध्याय के समक्ष पत्राचार , व्यक्तिगत वार्ता कर महिला ट्रेक मेन्टेनर्स के कैडर परिवर्तन का रास्ता साफ कर दिया है । महाप्रबंधक के निर्देश पर कार्मिक विभाग मुख्यालय द्वारा तीनो मंडलों से कैडर परिवर्तन की कार्यवाही करने को कहा गया है ।संघ के मंडल अध्यक्ष एस.एन. शुक्ला, मंडल सचिव डी.पी. अग्रवाल, संयुक्त महामंत्री संदीप श्रोती, सतीश कुमार महिला उपाध्यक्ष सविता त्रिपाठी , हर्ष वर्मा , रोशन यादव, संतोष त्रिवेणी, संजय चौधरी, आर.ए.सिंह, योगेन्द्र सिंह, भूपत सिंह, अनिकेत कुमार, सुधीर कुमार , श्रीमति दुर्गा तिवारी, श्रीमति श्यामकला श्रीवास्तव, श्रीमति डॉली सक्सेना आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए आने वाले अंतरर्राष्ट्रीय महिला दिवस का तौहफा बताया है ।

# शोपीस बनी पानी की टंकी, पानी के लिए दर-दर भटक रहे परतला के वाशिंदे

**बरेला।**

गर्मी की आहट आते ही ग्रामीण क्षेत्रों में जल संकट शुरू हो गया है जहां एक और वाटर लेवल डाउन होना शुरू हो गया है तो वहीं दूसरी ओर जल जीवन मिशन से भी ग्रामीणों को जलापूर्ति नहीं हो पा रही है जिसके कारण ग्रामीणों को खेतों में बने हुए कुएं, हेड पंप और निजी बोर से पानी की व्यवस्था करना पड़ रही है इसका प्रत्यक्ष नजारा पड़वार रोड पर स्थित ग्राम परतलामें देखा जा सकता है ।जहां पर पानी की टंकी शोपीस बनी हुई है तथा जल जीवन मिशन का काम भी अपूर्ण है।

स्थानीय निवासी पूर्व जनपद सदस्य बेड़ी लाल साहूका कहना है कि ग्राम पंचायत परतलामें हमेशा से ही जल संकट रहा है। यहां पर पानी का स्थाई स्त्रोत न होने के कारण पानी की टंकी भी नहीं भर पा रही है। बताया जाता है कि लगभग 1 दशक पूर्व 50 लाख की लागत से पड़तला तिरगड्डामें इस टंकी का निर्माण किया गया था प्रारंभ में तो कुछ समय तो यहटंकी भरी गई किंतु समय बीतने के साथ-साथ यह टंकी का उपयोग न होने के कारण यह शो पीस बनकर रह गई है।



### जल जीवन मिशन का भी काम अपूर्ण

जल जीवन मिशन के तहत संपूर्ण नगर में पाइपलाइन बिछाने का काम अभी तक कंप्लीट नहीं हो पाया है गांव में कुछ जगह अभी भी पाइपलाइन के लिए छूटा हुआ है घरों के बाहर पाइपलाइन केवल शोपीस बनकर लटकी हुई है।

### हेड पंप के भरोसे है पूरा गांव

लगभग 5000 की आबादी वाला यह गांव पेयजल के लिए हेड पंप के भरोसे है। यहां पर लगभग छह हैंड पंप हैं जो की वर्तमान में चालू है तथा स्कूल के बोर का भी ग्रामीण जन उपयोग कर रहे हैं ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन से उनको बड़ी उम्मीद थी किंतु अभी तक कार्य ही पूर्ण नहीं हुआ है।

### इनका कहना है

ग्राम में हेड पंप द्वारा ही पानी की सुविधा है पी एच ई द्वारा एक बोर कराया गया है किंतु वह भी अभी तक चालू नहीं किया गया है।

**गनपत गर्ग, सचिव ग्राम पंचायत परतला**




**श्री कन्हैया लाल आहूजा-** चौथा पुल नेपियर टाउन निवासी श्री कन्हैया लाल आहूजा (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना सोनकर-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री मुन्ना सोनकर (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती कांतिसरा थापा-** अनुराधा कॉलोनी वाटर वर्क्स रोड निवासी श्री भगत बहादुर थापा की धर्मपत्नी श्रीमती कांतिसरा थापा (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामाधार चौधरी-** बाबा टोला ठक्करग्राम निवासी श्री रामाधार चौधरी (49) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गोपाल दास गुप्ता-** घमापुर चौक के पास निवासी श्री गोपाल दास गुप्ता (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री पवन गोहेरा-** झामनदास चौक लालमाटी निवासी श्री राम प्रसाद गोहेरा के पुत्र श्री पवन गोहेरा (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री उदयभान यादव-** रामपुर यादव मोहल्ला निवासी श्री उदयभान यादव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल चौधरी-** बाबा टोला जानकी दास मंदिर के पास निवासी श्री प्रेमलाल चौधरी के पुत्र श्री अनिल चौधरी (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश कुमार झा-** न्यू शोभापुर व्हीकल रोड निवासी श्री सुरेश कुमार झा (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामरति चौधरी-** राधाकृष्णन वार्ड भवानी चौक निवासी श्री राम प्रताप चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती रामरति चौधरी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुषमा शुक्ला-** यशवंत नगर अधारताल निवासी श्री आशीष शुक्ला की धर्मपत्नी श्रीमती सुषमा शुक्ला (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्रप्रकाश पोपली-** मनप्रीत अपार्टमेंट मदनमहल निवासी श्री चंद्रप्रकाश पोपली (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री काली चरण सेन-** नर्मदा नगर गोहलपुर निवासी श्री काली चरण सेन (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश कुमार अग्रवाल-** हनुमानताल शुक्रवारी बजरिया निवासी श्री राजेश कुमार अग्रवाल (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेश भाटिया-** गलगला नरघैया निवासी श्री रमेश भाटिया (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री जियेंद्र राम रूपाती-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री जियेंद्र राम रूपाती (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राधा बाई चौधरी-** जवाहर नगर अधारताल निवासी श्री बाबू लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई चौधरी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भगवती माखीजा-** द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री पेशूमल माखीजा की धर्मपत्नी श्रीमती भगवती माखीजा (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री महेंद्र कुमार प्रधान-** नयागांव साईं नगर रामपुर निवासी श्री महेंद्र कुमार प्रधान (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक में लिए गए कई निर्णय

# जनजातीय कार्य, महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं को वर्ष 2030-31 तक की निरंतरता के लिए 7,133 करोड़ 17 लाख रुपए की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कैबिनेट ने वर्ष 2026-27 से वर्ष 2030-31 तक जनजातीय कार्य और महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की निरंतरता के लिए 7,133 करोड़ 17 लाख की स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृति अनुसार जनजातीय कार्य विभाग की पीवीटीजी आहार अनुदान योजना के लिए 2,350 करोड़, एकीकृत छात्रावास योजना के लिए 1,703 करोड़ 15 लाख रुपए, सीएम राइज विद्यालय योजना के लिए 1,416 करोड़ 91 लाख की मंजूरी दी गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में हुई। इसमें उक्त कार्यो के अलावा आवास सहायता योजना के लिए 1,110 करोड़ के साथ ही माध्यमिक शिक्षा मण्डल को शुल्क की प्रतिपूर्ति, एससी-एसटी के अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति, कक्षा-9 वीं की छात्रवृत्ति के लिए 522 करोड़ 8 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त महिला एवं बाल विकास की मुख्यमंत्री कोविड-19 बाल सेवा योजना के लिए 31 करोड़ 3 लाख की स्वीकृति प्रदान की गई है।


कैबिनेट बैठक का दृश्य।

### धरती आबा के लिए 366 करोड़ रुपए

कैबिनेट ने धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डीए-जेजीयूए) के तहत विद्युत अधोसंरचना विस्तार में 63 हजार 77 अविद्युतीकृत घरों एवं 650 अविद्युतीकृत शासकीय संस्थानों के विद्युतीकरण के लिए 366 करोड़ 72 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। इसमें केन्द्र शासन से अनुदान राशि 220 करोड़ 03 लाख रुपए तथा राज्य शासन का अंश 146 करोड़ 69 लाख रुपए का भार आएगा। इसके अतिरिक्त (मप्र ऊर्जा विकास निगम) 8 हजार 521 घरों को ऑफ-ग्रिड से विद्युतीकरण के लिए अनुमानित लागत 97 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### मृत्यु की दशा में परिवार पेंशन का प्रावधान

प्रमुख नवीन प्रावधान के तहत अभिदाता की मृत्यु की दशा में परिवार पेंशन का प्रावधान किया गया है। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति और ई-सेवा पुस्तिका संबंधी प्रावधान किया गया है। केन्द्र तथा मध्यप्रदेश शासन की पूर्व सेवाओं को जोड़ा जायेगा। निलम्बन अवधि में अभिदाता तथा नियोक्ता के अंशदान का प्रावधान किया। इसके साथ ही राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए विस्तृत एवं स्पष्ट प्रक्रिया, अंशदान की दर, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, त्यागपत्र एवं मृत्यु की दशा में निकास प्रावधान किया गया है।

***2 लाख रुपए प्रति घर तक अनुमानित लागत वाली बसाहटों में खर्च होंगे***

*अनुमोदन अनुसार भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार वितरण कंपनी स्तर पर निर्धारित सीलिंग कॉस्ट का पालन करते हुए, 2 लाख रुपए प्रति घर तक अनुमानित लागत वाली बसाहटों में राज्य की विद्युत वितरण कंपनियों की ओर से विद्युत अधोसंरचना निर्माण कर ऑन-लाइन प्रणाली से विद्युतीकरण किया जाएगा।*

## खबर संक्षेप

### मप्र विस के पूर्व अध्यक्ष स्व. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर विधानसभा में पुष्पांजलि सभा



**भोपाल।** विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष स्व. राजेंद्र प्रसाद शुक्ल की जन्म जयंती पर आज मंगलवार को विधानसभा के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पूर्व प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा, पूर्व विधायकगण, विधानसभा के प्रमुख सचिव अरविंद शर्मा ने शुक्ल की सुपुत्री विनीता वाजपेई सहित विधानसभा के बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी की उपस्थित रहे।

### लाड़ली बहना योजना पर एचसी का हवाला देकर सिंगार ने सरकार को घेरा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश की बहुचर्चित लाड़ली बहना योजना को लेकर सरकार का असली रुख अब मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में उजागर हो गया है। इस मामले को लेकर हाईकोर्ट का हवाला देते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार ने सरकार को



सवालों को घेरे में खड़ा किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने लिखा कि योजना के तहत प्रदेश की हजारों पात्र महिलाओं का पंजीयन बंद कर दिया गया है, वहीं 18 से 21 वर्ष की विवाहित महिलाओं को योजना से बाहर रखे जाने को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। इसी कथित अन्याय के खिलाफ कांग्रेस नेता एवं पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। याचिका में मांग की गई है कि 21 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं का पंजीयन दोबारा शुरू किया जाए, 18-21 वर्ष की विवाहित महिलाओं को योजना का लाभ दिया जाए और सरकार द्वारा सार्वजनिक मंचों से घोषित 3,000 प्रतिमाह की राशि को लागू किया जाए लेकिन इस पूरे मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा तब हुआ, जब हाईकोर्ट में बहनों के पंजीयन को फिर से शुरू करने की मांग उठी और राज्य सरकार के उपमहाधिवक्ता ने स्वयं इस मांग का विरोध किया।

### उपमुख्यमंत्री को नर्सिंग ऑफिसर की समस्याओं से कराया अवगत



**भोपाल।** समस्त स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र कौरव और एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी प्रकोष्ठ की प्रदेशाध्यक्ष नीतू केल्दे के नेतृत्व में नर्सिंग ऑफिसर की समस्याओं से उपमुख्यमंत्री डॉ राजेंद्र शुक्ल को अवगत कराया गया। महासंघ ने नर्सिंग ऑफिसर की लंबित 14 सूत्रीय लंबित मांगों का ज्ञापन भी राजेंद्र शुक्ल को सौंपा। सरेंद्र कौरव और नीतू केल्दे ने होप प्रोग्राम में होने वाली वर्तमान और भविष्य में आने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया। उपमुख्यमंत्री ने नर्सिंग ऑफिसर की मांगों पर एनएचएम एमडी से चर्चा कर जल्द ही निराकरण करने आश्वासन दिया।

प्रदेश में मत्स्य उत्पादन दोगुना करने की दिशा में सक्रियता से कार्य करने के निर्देश

# मत्स्य पालकों की आर्थिक समृद्धि के लिए बनाई जाए कार्य योजनाः डॉ. यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है मध्यप्रदेश कृषि उत्पादन में देश का अग्रणी राज्य है, इसके साथ हमें मत्स्य उत्पादन में भी सक्रियता से कार्य कर आने वाले वर्षों में इसे दोगुना करने की दिशा में काम करना है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार मत्स्य पालकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रदेश में मछली पालन के साथ ही एक्वाकल्चर के क्षेत्र में भी कार्य किया जाए। प्रदेश में ऐसा इको सिस्टम तैयार किया जाए, जिससे मछुआरों का आर्थिक सशक्तिकरण हो सके। डॉ यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए।


मछुआ कल्याण तथा मत्स्य विकास विभाग की समीक्षा करते सीएम।

### संभाग स्तर पर मछली घर बनाने के निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ यादव को समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों ने जानकारी दी कि प्रदेश में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने की दिशा में मध्यप्रदेश केज कल्चर नीति पर कार्य किया जा रहा है। इसमें 10 हजार केज हितग्राही मूलक योजना में और 90 हजार केज उद्यमी मॉडल के अंतर्गत तैयार किए जाएंगे। मुख्यमंत्री मछुआ समृद्धि योजना के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों के विषय में भी अधिकारियों ने विस्तार से जानकारी दी।

### नंबर एक राज्य बनाने तैयार करें कार्ययोजना

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि राज्य सरकार कृषक कल्याण को समर्पित करते हुए यह वर्ष मना रही है। मध्यप्रदेश को मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लिए कार्य योजना तैयार करें। मछुआ सम्मेलन आयोजित कर मत्स्य पालन में बेहतर कार्य करने वालों को प्रोत्साहित किया जाए। प्रदेश में संचालित मत्स्य महासंघ के सुव्यवस्थित उपयोग के लिए भी कार्य करने के निर्देश डॉ यादव ने बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि कम भू-जल स्तर वाले जिलों में फॉर्म पॉन्ड मॉडल के माध्यम से मत्स्य उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए एक जिले को मॉडल के रूप में तैयार किया जाए, जिसमें मत्स्य उत्पादन के साथ ही सिंघाड़ा, कमल गट्टा, मखाना सहित अन्य एक्वाकल्चर आधारित गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाए।

## मुख्यमंत्री के समक्ष वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों का हुआ प्रेजेंटेशन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों में सभी क्षेत्रों और वर्गों के विकास तथा कल्याण का ध्यान रखा गया है। उन्होंने बजट प्रस्तावों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में बेहतर बताते हुए उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के दृष्टिकोण तथा प्रस्ताव तैयार करने में विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा किए गए परिश्रम की सराहना की। डॉ यादव के समक्ष मंगलवार को वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट प्रस्तावों का प्रेजेंटेशन दिया गया। मंत्रालय में हुई बैठक में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव (वित्त) मनीष रस्तोगी तथा वित्त विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्रि-परिषद के समक्ष भी आज ही बजट प्रस्तावों का प्रेजेंटेशन हुआ।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज उज्जैन में करेंगे वन मेले का शुभारंभ

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव उज्जैन में बुधवार 11 फरवरी को शाम 4 बजे दशहरा मैदान, सेठी नगर उज्जैन में वन मेले का शुभारंभ करेंगे। वे इस अवसर पर एमएफपी पार्क द्वारा निर्मित प्राकृतिक 'होली रंग गुलाल' एवं 'महाकाल स्मृति उपहार' का विमोचन करेंगे। साथ ही वन विभाग की एक नवीन पहल 'महाकाल वन प्रसादम' का भी शुभारंभ करेंगे। महाकाल वन मेला 'समृद्ध वन, खुशहालजन' थीम पर आधारित होगा, जो 11 से 16 फरवरी तक चलेगा। महाकाल की नगरी उज्जैन में वन मेले का आयोजन पहली बार किया जा रहा है।

***जैव विविधता को प्रदर्शित करने का सशक्त माध्यम***

*मेले में प्रदेश के वनवासियों द्वारा एकत्र की जाने वाली अकाष्ठीय वनोपज के प्रदर्शन, संरक्षण, संवर्धन, प्रसंस्करण एवं विपणन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेले का आयोजन किया जा रहा है। वन मेला प्रदेश की समृद्ध जैव विविधता के वैभव को प्रदर्शित करने का एक सशक्त माध्यम है। अकाष्ठीय वनोपज संग्राहक, वन धन केन्द्रों, प्राथमिक लघु वनोपज समितियां, व्यापारीगण, हर्बल और आयुर्वेदिक उद्योग के प्रतिनिधि इस आयोजन में भाग लेंगे और अपने उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय करेंगे।*

करोड़ों के कारम डैम घोटाले की रिपोर्ट पेश

# सीई, अधीक्षण यंत्री समेत दोषी ठहराए पांच इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कारम डैम घोटाले के लिए पांच इंजीनियर जिम्मेदार पाए गए हैं, जबकि तीन इंजीनियरों को साक्ष्यों के अभाव में आरोपों से मुक्त किया गया है। जल संसाधन विभाग के सचिव जॉन किंग्सली एआर की 350 पेज की जांच रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। 304.44 करोड़ की लागत वाले कारम डैम घोटाले की साढ़े तीन साल तक चली जांच के बाद पेश की गई।

रिपोर्ट में जिन पांच इंजीनियरों को डैम फूटने के लिए जिम्मेदार पाया गया है, उनके विरुद्ध जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता द्वारा 17 फरवरी को सुनवाई की जाएगी। इस डैम को बनाने की जिम्मेदारी एएनएस कंसट्रक्शन नई दिल्ली को सौंपी गई थी। जल संसाधन विभाग के सचिव जॉन किंग्सली एआर की रिपोर्ट में कहा गया है कि विभागीय जांच के अंतर्गत उपलब्ध साक्ष्यों, साक्षियों के बयान, आरोपियों द्वारा पेश बचाव के दस्तावेज और अन्य तथ्यों के परीक्षण के बाद यह बात सामने आई है कि प्रभारी मुख्य अभियंता नर्मदा ताप्ती कछार सीएस घटोल, पी जोशी तत्कालीन अधीक्षण यंत्री जल संसाधन मंडल धार, बीएल निनामा तत्कालीय कार्यपालन यंत्री डजल संसाधन ससंभाग क्रमांक एक धार, आदि पर कारम डैम फूटने को लेकर लगाए गए आरोप प्रमाणित पाए गए हैं।


फाइल फोटो

***शासन को कोई वित्तीय हानि नहीं हुई***

*जांच अधिकारी ने यह भी टिप्पणी की जांच अधिकारी जॉन किंग्सली एआर ने कहा है कि विभागीय जांच के दौरान कुछ आरोपी इंजीनियरों ने रिपोर्ट दी कि बांध पूरी तरह सुरक्षित था। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बांध में कट लगाने का निर्णय लिया गया, अगर ऐसा नहीं किया जाता तो बांध भी सुरक्षित रहता। इस कार्य से शासन को कोई वित्तीय हानि नहीं हुई है। जांच अधिकारी ने इसके आधार पर शासन को हुई वित्तीय हानि का उल्लेख करते हुए रिपोर्ट में कहा है कि कलेक्टर धार के 3 फरवरी 2026 के पत्र के अनुसार कारम डैम दुर्घटना में किसानों और प्रभावित व्यक्तियों को हुए नुकसान के बाद कुल 14 लाख 70 हजार 398 का भुगतान सरकार को करना पड़ा है।*

*किसान और भट्टे वालों को किया लाखों का भुगतान इसमें से 1 लाख 94 हजार 419 खेती की जमीन पर मिट्टी के जमाव के कारण देने पड़े हैं तो 9 लाख 90 हजार 679 फसल क्षति के रूप में भुगतान करना पड़ा।*

दो अलग-अलग हादसों में गई दो लोगों की जान

# सड़क हादसे में बस्तर फाइटर के जवान की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहर और उसके आसपास हुए दो सड़क हादसों में दो युवकों की जान चली गई। इनमें से एक मृतक बस्तर फाइटर का जवान बताया जा रहा है, जो ड्यूटी पर जा रहा था। वहीं, दूसरे हादसे में एक युवक डिवाइडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

इन घटनाओं ने क्षेत्र में यातायात सुरक्षा पर चिंताएं बढ़ा दी हैं। नारायणपाल के पास डिवाइडर से टकराकर युवक की मौत पहली घटना नारायणपाल के पास हुई, जहां गढ़िया लोहंडीगुड़ा निवासी 22 वर्षीय बलवीर मौर्य अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपनी मां को छोड़ने बोदरा गया हुआ था। वापसी के दौरान अनियंत्रित होकर वह सड़क के डिवाइडर से जा टकराया। इस भीषण दुर्घटना में बलवीर के सिर में गंभीर चोटें आईं। उसे तत्काल लोहंडीगुड़ा ले जाया गया, जहां से बेहतर उपचार के लिए जगदलपुर के मेकाज अस्पताल रेफर किया गया।



जिला पंचायत बीजापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी का फरमान

# जनपद पंचायत भोपालपट्टनम का सचिव निलंबित, अनियमितताओं का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

जिला पंचायत बीजापुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ग्राम पंचायत गुल्लापेंटा, जनपद पंचायत भोपालपट्नम के सचिव पेंदम हरिगोपाल को 15वें वित्त योजना की राशि में अनियमितता बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह कार्रवाई उनके द्वारा पदीय दायित्वों के प्रति बरती गई घोर उदासीनता का परिणाम है। हरिगोपाल को 16 जनवरी के माध्यम से एक कारण बताओ सूचना जारी की गई थी। उन्हें निर्धारित समय-सीमा में अपने कृत्य का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया था।



हालांकि, उनके द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण का परीक्षण करने पर वह संतोषजनक नहीं पाया गया। यह जवाब उनके कर्तव्यों के प्रति गंभीरता की कमी को दर्शाता है। ग्राम पंचायत सचिव के रूप में अपने कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही पाए जाने के फलस्वरूप, छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (अनुशासन तथा अपील) नियम 1999 के नियम 4(1) के तहत पेंदम हरिगोपाल को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

***जारी रहेगा जीवन निर्वाह भत्ता***

*इस अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा। यह कदम वित्तीय अनियमितताओं के प्रति सरकारी गंभीरता को रेखांकित करता है। 15वें वित्त योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है। इस तरह की अनियमितताओं पर की गई कार्रवाई यह संदेश देती है कि सार्वजनिक धन के दुरुपयोग को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ग्राम पंचायतों के सचिवों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है और उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे वित्तीय नियमों का सख्ती से पालन करें। इस मामले में की गई कार्रवाई भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने में सहायक हो सकती है।*

फरसगांव थानांतर्गत भोगाम गांव की घटना

# *सड़क हादसे में युवक की मौत, मामला संदिग्ध*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र के भोगाम गांव के पास बीती रात एक भीषण सड़क हादसे में राहुल वेन्जाम नामक युवक की मौत हो गई। यह घटना तब सामने आई जब सुबह आसपास से गुजर रहे लोगों ने नाले में बाइक के साथ युवक का शव देखा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया।

फरसपाल थाना प्रभारी ने बताया कि गीदम के हाउरनार निवासी राहुल वेन्जाम अपने दोस्तों के साथ फरसपाल गांव में आयोजित मेले में गया हुआ था। रात को लौटते समय भोगाम गांव के पास एक तीखे मोड़ पर अनियंत्रित होकर उसकी बाइक सड़क किनारे स्थित नाले में जा गिरी। रात का अंधेरा होने और सुनसान इलाका होने के कारण किसी ने भी युवक को नहीं देखा, जिसके चलते वह रात भर नाले में पड़ा रहा और चोटों के कारण उसकी मृत्यु हो गई। सुबह राहगीरों द्वारा शव देखे जाने के बाद घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि युवक संभवतः तेज गति से वाहन चला रहा था, जिसके कारण वह मोड़ पर नियंत्रण खो बैठा।

सीएम ने बैठक से पहले मंत्रियों को किया संबोधित

मातृ मृत्यु दर 173 से घटकर 142 और शिशु मृत्यु दर 41 से हुई घटकर 37

# समर्थन मूल्य पर सात मार्च तक किया जाएगा गेहूं उपार्जन के लिए रजिस्ट्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में गेहूं का उपार्जन के लिए पंजीयन 7 फरवरी से शुरू हो गया है, यह 7 मार्च तक जारी रहेगा। प्रदेश में 3186 पंजीयन केंद्र बनाए गए हैं। गेहूं का समर्थन मूल्य पिछले वर्ष से 160 रुपए अधिक है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक संदेश मिला है। प्रदेश में मातृ मृत्यु दर 173 से घटकर 142 और शिशु मृत्यु दर 41 से घटकर 37 हो गई है। टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में मप्र देश के 5 शीर्ष राज्यों में शामिल है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक से पहले अपने संबोधन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सिकल सेल उन्मूलन के लिए प्रदेश में व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं। आयुष्मान योजना के माध्यम से उपचार में मप्र देश में प्रथम स्थान पर है। एयर एंबुलेंस सेवा और राहवीर योजना के क्रियान्वयन में भी निरंतर प्रगति हो रही है। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि सभी जिलों में विक्रमोत्सव और गुड़ी पड़वा का पर्व उल्लास और उत्साह से मनाया जाए। इसके तत्काल बाद प्रदेश में जल गंगा अभियान आरंभ हो जाएगा जो 3 महीने तक जारी रहेगा।


फाइल फोटो

### मंत्री अपने-अपने जिलों में समन्वय बनाएं

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को अपने-अपने जिलों में अभियान की गतिविधियों के व्यवस्थित संचालन के लिए आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश को नक्सलियों से मुक्त करने के उपलक्ष में 9 फरवरी को बालाघाट में आयोजित कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकौशल क्षेत्र की कृषि कैबिनेट बालाघाट में की जाएगी, जो पूरे क्षेत्र को विकास की मुख्य धारा में लाने के संकल्प का प्रतीक होगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश को रेल के क्षेत्र में सिंगरौली जबलपुर ट्रेन की सौगात प्राप्त होने वाली है।

### धान का समर्थन मूल्य 2369 रुपए रखा गया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि धान का समर्थन मूल्य 2369 रुपए रखा गया है, जो पिछली बार की एमएसपी से अधिक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में 51 लाख 74 हजार मीट्रिक टन धान का उत्पादन हुआ। प्रदेश में 8 लाख 59 हजार से अधिक किसानों ने पंजीयन कराया, जिसमें से 7 लाख 89 हजार से अधिक किसानों ने स्पॉट बुकिंग कर धान उत्पादन में अपना योगदान दिया।

### रेस्क्यू सेंटर और जू एक साथ विकसित करने की योजना

सीएम ने बताया कि प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रेस्क्यू सेंटर और जू एक साथ विकसित करने की योजना है, इसके तहत जबलपुर और उज्जैन में गतिविधियां शुरू हुई हैं।

प्रदेशाध्यक्ष ने की संभाग और जिला प्रभारियों के साथ बैठक

# दायित्वबोध, प्रवास, समन्वय और संवाद से होगा संगठन मजबूतः जामवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में संभाग एवं जिला प्रभारियों के साथ बैठक की। इस बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने कहा कि किसी भी दायित्व को प्रभावी तरीके से निभाने के लिए सबसे पहले उसकी स्पष्टता बेहद जरूरी है। जिला प्रभारी को अपने प्रभार वाले जिले का भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक पहलुओं का गहन अध्ययन करना होगा, और निरंतर प्रवास के माध्यम से संगठन को आगे बढ़ाना होगा, ताकि पार्टी संगठन के लक्ष्यों को सही दिशा मिल सके। दायित्वबोध, प्रवास, समन्वय और संवाद से संगठन मजबूत होगा। बैठक का संचालन पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बरूआ ने किया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी एवं गौरव रणदिवे मंचासीन रहे।


भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक।

***संगठन की मजबूती का आधार कार्य विभाजन है***

*जामवाल ने कहा कि संगठन द्वारा सौंपे गए किसी भी दायित्व को प्रभावी ढंग से निभाने के लिए सबसे पहले जिम्मेदारी की स्पष्ट परिभाषा, उसकी भूमिका और संपूर्ण जानकारी का होना आवश्यक है। जिला प्रभारी को अपने प्रभार वाले जिले का भौगोलिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और संगठनात्मक अध्ययन करते हुए निरंतर प्रवास के माध्यम से आगे बढ़ाना होगा, ताकि सफलता का मार्ग सुनिश्चित हो सके। संगठन की मजबूती का आधार कार्य विभाजन है। कोई भी पदाधिकारी या कार्यकर्ता बिना दायित्व के नहीं रहना चाहिए।*

# सूचीबद्धता से कंपनियों का संचालन हो सकता बेहतर: सेबी चेयरमैन

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को कहा कि पिछले कुछ समय में हुए विकास के बावजूद, पूंजी बाजार के नजरिये से लघु एवं मझोले उद्यम (एसएमई) क्षेत्र की पहुंच अभी भी सीमित बनी हुई है।

- एसएमई क्षेत्र की पहुंच अभी भी सीमित बनी हुई

पांडेय ने यहां इंडिया एसएमई वित्तपोषण और निवेश शिखर सम्मेलन में कहा कि सूचीबद्धता से ऐसी छोटी कंपनियों में संचालन व्यवस्था बेहतर हो सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि नियामक संस्था को अतीत में इस मोर्चे पर कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।

## वित्तपोषण और निवेश सम्मेलन में बोले पांडेय

### रियायतों का दुरूपयोग हुआ

सेबी प्रमुख ने कहा, ''कुछ समय पहले, बाजार से पूंजी प्राप्त करने में एक और बाधा तब उत्पन्न हुई जब कुछ एसएमई ने एसएमई ढांचे के तहत उपलब्ध रियायतों का दुरुपयोग किया। ऐसे मामलों ने एसएमई आईपीओ में निवेशकों के भरोसे को बुरी तरह प्रभावित किया।''

**कंपनियों ने 98 आईपीओ से 9800 करोड़ जुटाए**

*पांडेय ने कहा कि पिछले वित्त वर्ष में कंपनियों ने 98 आईपीओ के माध्यम से 9,800 करोड़ रुपये जुटाए। यह वित्त वर्ष 2025-26 में जनवरी तक 232 सूचीबद्धता के साथ बढ़कर 10,500 करोड़ रुपये हो गया है। उन्होंने छोटे और मझोले उद्यमों (एसएमई) द्वारा शेयर बाजार के माध्यम से कर्ज जुटाने को स्वागत योग्य कदम बताया। पांडेय ने कहा कि पश्चिमी क्षेत्र से आईपीओ का अधिक चलन है।*



### 1400 कंपनियां एसएमई स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध

पांडेय ने कहा कि ऐसे भी मामले सामने आए जहां कुछ एसएमई ने सकारात्मक माहौल बनाने और निवेशकों को अपने शेयर खरीदने के लिए प्रेरित करने को अनुचित व्यापार गतिविधियों का सहारा लिया। उन्होंने कहा कि 1,400 कंपनियां अलग से बनाये गये एसएमई स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध हैं और उनका कुल बाजार पूंजीकरण 4.1 लाख करोड़ रुपये है। इनमें से 350 से अधिक कंपनियां मुख्य शेयर बाजार में स्थानांतरित हो चुकी हैं।

### पूंजी जुटाने की लागत भी एक बाधा


सेबी प्रमुख ने कहा, ''भारत की क्षमता के मुकाबले एसएमई पूंजी बाजार अभी भी सीमित बना हुआ है....। कंपनियां पूंजी बाजारों से अपरिचित होने और मर्चेंट बैंकरों तक सीमित पहुंच के कारण बाजार में आने से हिचकिचाती हैं। पांडेय ने कहा कि आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से पूंजी जुटाने की लागत भी एक बाधा हो सकती है।

### अनुपालन को बोझिल मानते हैं

पांडेय ने कहा कि ऐसी कंपनियां खुलासा और अनुपालन को 'बोझिल' मानती हैं और दस्तावेज दाखिल करने संबंधी व्यावहारिक मार्गदर्शन अक्सर अस्पष्ट होता है। सेबी प्रमुख ने बाजार से पूंजी जुटाने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि ऐसा कदम संचालन व्यवस्था को बेहतर बनाता है, जिससे पूंजी की लागत कम हो सकती है।

## खबर संक्षेप

### टाइटन का मुनाफा 61% बढ़कर 1,684 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** आभूषण और घड़ी बनाने वाली प्रमुख कंपनी टाइटन का वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 60.84 प्रतिशत बढ़कर 1,684 करोड़ रुपये हो गया, जिसमें घरेलू आभूषण व्यवसाय का योगदान रहा। कंपनी ने एक साल पहले अक्टूबर-दिसंबर की अवधि में 1,047 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था।

### अशोक लेलैंड का मुनाफा बढ़कर 862 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 5.19 प्रतिशत बढ़कर 862.24 करोड़ रुपये हो गया। वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी ने बुधवार को अपने तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की जानकारी दी।

### टाटा ऑटोकॉम्प देशभर में नए संयंत्र करेगी स्थापित




**नई दिल्ली।** टाटा ऑटोकॉम्प सिस्टम्स लिमिटेड ने कहा कि वह देश भर में अपनी उपस्थिति मजबूत करने और भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के लिए इस साल भारत में कई अतिरिक्त संयंत्र स्थापित करने की योजना बना रही है। कंपनी, जिसने 30 जनवरी को साणंद (गुजरात) में दो नए विनिर्माण संयंत्रों का उद्घाटन किया था।

### रिलायंस कंज्यूमर ने सदर्न हेल्थ का किया अधिग्रहण




**चेन्नई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली इकाई रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (आरपीसीएल) ने तमिलनाडु स्थित ''सदर्न हेल्थ फूड्स प्राइवेट लिमिटेड'' का अधिग्रहण कर लिया है। ''मन्ना'' ब्रांड के नाम से मशहूर सदर्न हेल्थ फूड्स पिछले दो दशकों से पैकेटबंद स्वास्थ्य खाद्य पदार्थों के क्षेत्र में एक प्रमुख नाम है।

### अकासा एयर के सह-संस्थापक अय्यर ने दिया इस्तीफा



**नयी दिल्ली।** अकासा एयर के सह-संस्थापक एवं मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी प्रवीण अय्यर ने इस्तीफा दे दिया है। विमानन कंपनी में चार महीने के भीतर वरिष्ठ स्तर पर यह दूसरा इस्तीफा है। अकासा एयर ने बुधवार को बयान में कहा कि पांच वर्ष की उल्लेखनीय यात्रा के बाद अय्यर ने अपने जीवन के अगले अध्याय की शुरुआत करने का निर्णय लिया है।

### एमएंडएम के लाभ में 38 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) का वित्त वर्ष 2025-26 की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 38.54 प्रतिशत बढ़कर 5,021.47 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने बुधवार को तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणामों की जानकारी दी। एमएंडएम ने वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 3,624.48 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। कंपनी की आय 51,579.95 करोड़ रुपये रही जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 41,464.98 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका कुल खर्च बढ़कर 41,464.98 करोड़ रुपये हो गया।

## मानकों के पालन के लिए सभी जरूरी इंतजाम पूरे : इंडिगो

# डीजीसीए के नए ड्यूटी नियमों के लिए पूरी तरह तैयार इंडिगो, पायलटों को बड़ी राहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इंडिगो ने विमानन नियामक डीजीसीए को बताया है कि संशोधित पायलट ड्यूटी मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक परिचालन, 'रोस्टरिंग' और निगरानी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। विमान कंपनी इंडिगो को दिसंबर में बड़े पैमाने पर परिचालन संबंधी व्यवधान के बाद नियामकीय कार्रवाई का सामना करना पड़ा था।

विमानन कंपनी को नए उड़ान ड्यूटी समय सीमा (एफडीटीएल) मानकों पर मिली अस्थायी छूट मंगलवार को समाप्त होने के बाद, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने बुधवार को बयान जारी कर कंपनी की ओर से दी गई प्रगति रिपोर्ट एवं आश्वासन की जानकारी दी।

### उड़ानों में 10 फीसदी की कटौती की गई थी

इंडिगो में परिचालन का अत्यधिक अनुकूलन, अपर्याप्त नियामक तैयारी, सिस्टम सॉफ्टवेयर समर्थन में कमियां एवं प्रबंधन संरचना और परिचालन नियंत्रण में खामियां उन प्रमुख कारणों में से थीं जिनके कारण व्यवधान उत्पन्न हुए, जिसके बाद डीजीसीए ने विमानन की शीतकालीन निर्धारित उड़ानों में 10 प्रतिशत की कटौती भी की थी।

## मानकों पर मिली अस्थायी छूट मंगलवार को समाप्त हो गई

- आवश्यक परिचालन और निगरानी व्यवस्थाएं की जा रही
- परिचालन व्यवधान के कारण दिसंबर में परिचालन व्यवधान आया था



### घरेलू हिस्सेदारी घटकर 59.6 फीसदी

डीजीसीए ने कहा कि उड़ान संचालन को स्थिर करने के लिए दी गई दोनों छूटें निर्धारित शर्तों, प्रति घंटे उड़ान संचालन आंकड़े जमा करने तथा साप्ताहिक/पाक्षिक परिचालन प्रदर्शन रिपोर्ट सौंपने के अधीन थीं। इंडिगो की घरेलू बाजार हिस्सेदारी दिसंबर में घटकर 59.6 प्रतिशत रह गई थी, जो नवंबर में 63.6 प्रतिशत थी तब वह प्रतिदिन करीब 2,200 उड़ानों का संचालन करती थी।

### नियामकीय नगरानी बनी रही

बयान में डीजीसीए ने कहा कि छूट की अवधि के दौरान इंडिगो के उड़ान संचालन की नियमित समीक्षा बैठकों के माध्यम से करीबी निगरानी की गई तथा यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए नियामक अधिकारियों को विभिन्न हवाई अड्डों पर तैनात किया गया। इंडिगो के संचालन नियंत्रण केंद्र में तैनात किया गया जिससे छूट अवधि के दौरान निरंतर नियामकीय निगरानी बनी रही।

### 2,507 उड़ानें रद्द की गई

इंडिगो के तीन से पांच दिसंबर के बीच 2,507 उड़ानें रद्द किए जाने की पृष्ठभूमि में, डीजीसीए ने संशोधित एफडीटीएल मानकों के क्रियान्वयन में कुछ ढील देने के लिए विमानन कंपनी के अनुरोध को 10 फरवरी तक का समय दिया था। डीजीसीए की ओर से बुधवार को जारी बयान के अनुसार, इंडिगो ने बताया है कि दिया गया समय समाप्त होने के बाद वह वैधानिक प्रावधानों के पालन और नौ अक्टूबर 2025 को स्वीकृत एफडीटीएल योजना को लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### इंडिगो का परिचालन स्थिर हुआ

डीजीसीए ने 20 जनवरी को कहा था कि निरंतर नियामकीय निगरानी और सुधारात्मक कदमों से इंडिगो का परिचालन स्थिर हुआ है और अब इंडिगो के पास नए उड़ान ड्यूटी मानकों के पालन के लिए पर्याप्त संख्या में पायलट उपलब्ध हैं। इंडिगो की ओर से प्रस्तुत जानकारी का हवाला देते हुए नियामक ने बताया था कि आवश्यक 2,280 की तुलना में 2,400 कमांड पायलट उपलब्ध हैं जबकि प्रथम अधिकारियों की संख्या 2,050 की जरूरत के मुकाबले 2,240 है।

### जांच के बाद 22.20 करोड़ का लगा था जुर्माना

मंगलवार को इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा कि पहले दिए गए आश्वासन के अनुसार कंपनी के पास अपने 'नेटवर्क' में स्थिर परिचालन सुनिश्चित करने के लिए पायलट सहित पर्याप्त संख्या में कर्मचारी हैं। डीजीसीए ने दिसंबर में हुए व्यापक व्यवधान के बाद विमानन कंपनी की शीतकालीन सेवाओं में 10 प्रतिशत कटौती की थी। जांच के बाद कुल 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया था।

# एसबीआई बाजार पूंजीकरण के मामले में चौथे स्थान पर

एजेंसी ▶▶| मुंबई




- बैंक के शेयरों में तीन फीसदी से अधिक की तेजी आई
- टीसीएस का शेयर ढाई फीसदी टूटकर नीचे आया

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) मजबूत तिमाही नतीजों के बाद आई तेजी के दम पर बुधवार को बाजार पूंजीकरण के लिहाज से देश की चौथी सबसे मूल्यवान सूचीबद्ध कंपनी बन गई है।

अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के मजबूत नतीजों के बाद बैंक के शेयरों में तीन प्रतिशत से अधिक की तेजी आने से उसने दिग्गज आईटी कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) को पीछे छोड़ दिया। बीएसई पर एसबीआई का शेयर 3.40 प्रतिशत बढ़कर 1,183 रुपये पर बंद हुआ, जबकि एनएसई पर यह 3.23 प्रतिशत चढ़कर 1,181.10 रुपये पर पहुंच गया।कारोबार के दौरान यह शेयर लगभग चार प्रतिशत चढ़कर अपने 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर बीएसई पर 1,187.70 रुपये और एनएसई पर 1,187.50 रुपये तक पहुंच गया। कारोबार के अंत में एसबीआई का बाजार पूंजीकरण 10,91,982.06 करोड़ रुपये रहा, जो बीएसई पर टीसीएस के 10,52,646.38 करोड़ रुपये के बाजार पूंजीकरण से अधिक है। इस बीच टीसीएस का शेयर 2.5 प्रतिशत टूटकर बीएसई और एनएसई पर क्रमशः 2,909.40 रुपये और 2,909 रुपये के भाव पर बंद हुए।

### उतार और चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार लगभग स्थिर बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को लगभग स्थिर बंद हुए। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वाहन शेयरों में हुआ फायदा आईटी शेयरों में मिले नुकसान से जाता रहा। बाजार में कारोबार सीमित दायरे में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 40.28 अंक की मामूली गिरावट के साथ 84,233.64 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 84,487.24 अंक के ऊपरी और 84,081.25 अंक के निचले स्तर तक गया। निफ्टी 18.70 अंक यानी 0.07 प्रतिशत बढ़कर 25,953.85 अंक पर बंद हुआ। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''भारत- अमेरिका व्यापार समझौते के कारण इस सप्ताह अबतक रही तेजी के बाद घरेलू शेयर बाजार में कुछ समय के लिए स्थिरता आ सकती है। बाजार का ध्यान अब तीसरी तिमाही के मिले-जुले नतीजों, आगामी मुद्रास्फीति आंकड़ों और व्यापार समझौते के विवरणों पर है।

# चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह 9.4 फीसदी बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- 10 फरवरी तक प्रत्यक्ष कर संग्रह 19 .44 लाख करोड़ रुपये

चालू वित्त वर्ष में 10 फरवरी तक प्रत्यक्ष कर संग्रह 9.4 प्रतिशत बढ़कर लगभग 19.44 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह बढ़ोतरी कॉरपोरेट कर की बेहतर वसूली और कर रिफंड की धीमी गति का परिणाम है।

आयकर विभाग की तरफ से बुधवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, शुद्ध कॉरपोरेट कर संग्रह 14.51 प्रतिशत बढ़कर 8.90 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वहीं गैर-कॉरपोरेट कर संग्रह, जिसमें व्यक्तिगत आयकर और हिंदू अविभाजित परिवार (एचयूएफ) से मिले कर शामिल हैं, 5.91 प्रतिशत बढ़कर लगभग 10.03 लाख करोड़ रुपये रहा। शेयरों एवं अन्य प्रतिभूतियों के लेनदेन पर लगाया जाने वाला प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) का संग्रह एक अप्रैल, 2025 से 10 फरवरी, 2026 के दौरान 50,279 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले की समान अवधि के लगभग समान है। इस अवधि में कर रिफंड जारी करने में 18.82 प्रतिशत की गिरावट आई और यह घटकर 3.34 लाख करोड़ रुपये रह गया।


**M.P. STATE ELECTRONICS DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
State IT Centre, 47-A, Arera Hills, Bhopal-462011 (M.P.)
www.mpsedc.mp.gov.in, marketing@mpsedc.com, Ph. : 0755-2518300

**NOTICE INVITING TENDER'S (NIT)**

MPSEDC invites online proposals for following bids on GeM Portal:

| S.No. | Bid No./Tender No. | NIT |
|---|---|---|
| 1 | GEM/2026/ B/7128694 | Cyber Security Audit - Security and Compliance Audit |
| 2 | GEM/2026/ B/7075967 | Hiring of Agency for IT Projects- Milestone basis |

For detail scope of work, terms and conditions please refer to the respective bid document available on GeM Portal.
M.P. Madhyam/124431/2026 **CHIEF GENERAL MANAGER**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, डिण्डौरी (म.प्र.)**

नि.सू.क्र./70-71/व.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./2026 डिण्डौरी, दिनांक 06.02.2026

**-: निविदा आमंत्रण सूचना :-**

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नानुसार ई-टेण्डर ऑनलाईन डिजिटल मुहरबंद (Digitaly Scaled ) डिण्डौरी जिले के अन्तर्गत ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। https://www.mptenders.gov.in जिसका अवलोकन बेवसाईट में किया जा सकता है । निविदा प्रपत्र केवल ऊपर उल्लेखित बेवसाईट से ऑनलाईन क्रय किये जा सकते है। जिसके मूल्य का भुगतान इण्टरनेट बैंकिंग से किया जावेगा। निविदा दिनांक 06.02.2026 को शाम 18.30 बजे से दिनांक 20.02.2026 को शाम 17.30 बजे तक ऑनलाईन प्रस्तुत किये जा सकते है ।

निविदा में संशोधन की स्थिति में बेवसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा जिसका पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही दिया जावेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना एवं अन्य जानकारी उक्त बेवसाईट पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | ई निविदा क्र. | नि. सू. क्र. | वि.खं./ जिला | विवरण | अनु. लागत (PAC) (रू.) | धरोहर राशि (PAC) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PHED _480838_1 | 70 | डिण्डौरी | Providing High Skilled, Skilled Semi-skilled and Unskilled Labour for Madiyaras Group Water Supply Scheme District- Dindori (M.P.) | 39.46 | 50000.00 | 5000.00 | प्रथम आमंत्रण |
| 2 | 2026_PHED _480839_1 | 71 | डिण्डौरी | Repairing work of various types of component Madiyaras Group Water Supply Scheme likes as D.I. pipe line leakage, & its specials including civil work of WTP as per required etc.in District- Dindori (M.P.) | 23.39 | 46780.00 | 5000.00 | प्रथम आमंत्रण |

कार्यपालन यंत्री
G-25701/25 "स्वच्छता ही सेवा" लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड डिण्डौरी (म.प्र.)

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
**लोककर्म विभाग द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PRO-835 Date-11/02/2026 2026_UAD _481499_1 | संभाग क्र. 15 नगर निगम जबलपुर के वार्ड नं. 72 में कचनार सिटी के लाइन में डामलीकरण कार्य। (CM Monit-A+) | 03 माह रू. 8.53 लाख | 2000/- 8531/- | 26/02/2026 |
| 1 | PRO-835 Date-11/02/2026 2025_UAD _481499_2 | वार्ड क्र.73 के विश्वकर्मा कालोनी में गणेश मंदिर के पास 1. लक्की कोष्टा के घर से संतोष पटेल के घर तक 2. तिवारी जी के घर से मोनू पटेल के घर तक 3. सतीश तिवारी के घर से अंजु दुबे के घर तक 4. शिव दुबे के घर से रवि ठाकुर के घर तक एम-30 सी.सी. सड़क निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह रू. 14.06 लाख | 2000/- 10550/- | 13/03/2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईड https://mptenders.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।
कार्यपालन यंत्री (लोककर्म विभाग)
नगर निगम जबलपुर

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: जीएसयू/ इलेक्ट/एएसएन/2025/06/आर, दिनांक 09.02.2026,** उप सीपीएम/ इलेक्ट/जीएसयू/ आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस और निम्नलिखित कार्य के निष्पादन में वित्तीय संपन्नता रखने वाले प्रतिष्ठित निविदाकारों से ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं.: जीएसयू-इलेक्ट-एएसएन-2025-06-आर, कार्य का नाम:** कार्य के विद्युत (सामान्य) अंश हेतु खुली निविदा-आसनसोल मंडल: (क) तुलसीटांड़ में अप लूप, (ख) छोटा अमबोना में अप द्वितीय लूप का प्रावधान, (ग) तापसी में डीडी-2 लाइन के लिए/से डायरेक्ट रिसेप्शन/डिस्पैच सुविधाओं के साथ स्टेशन यार्ड की रिमॉडलिंग और (घ) गति शक्ति यूनिट, आसनसोल के अधीन सोनाचारा में आइसोलेशन के साथ पूर्ण लंबाई का लूप। **निविदा मूल्य:** रु. 2,49,82,954.16, **बयाना राशि:** रु. 2,74,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 12 (बारह) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता:** खुलने की तिथि से 45 दिन। **बंद होने की तिथि और समय** : दिनांक 06.03.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है।
ASN-347/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**छत्तीसगढ़ शासन वनविभाग कवर्धा वनमंडल, कवर्धा (छत्तीसगढ़)**
**नीलाम की संक्षिप्त सूचना**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कवर्धा वनमंडल कवर्धा के अंतर्गत काष्ठागार चिल्फी में एकत्रित ईमारती काष्ठ का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वतन निम्नानुसार किया जावेगा। इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-आक्शन में भाग लेवें। ई-आक्शन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमंडल कार्यालय / काष्ठागार चिल्फी से प्राप्त की जा सकती है ।

**नीलाम दिनांक - 24.02.2026**
**समय - 2:00 बजे दोपहर से**

**वनोपज की अनुमानित मात्रा निम्नानुसार है**

| प्रजाति | नया काष्ठ | | | अनबिके काष्ठ | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 0.944 | - | - | 5.199 | 26 | 05 | 6.143 | 26 | 05 |
| साल | 373.373 | - | 56 | 1244.012 | - | 133 | 1617.385 | - | 189 |
| बीजा | - | - | - | 34.091 | - | 30 | 34.091 | - | 30 |
| साजा | 2.183 | - | - | 34.460 | - | - | 36.643 | - | - |
| तिंसा | 4.311 | - | 07 | 8.270 | - | - | 12.581 | - | 07 |
| ह.मु. | - | - | - | 55.574 | - | - | 55.574 | - | - |
| धावड़ा | 9.976 | - | - | 27.117 | - | 30 | 37.093 | - | 30 |
| कसही | - | - | - | 86.854 | 05 | 88 | 86.854 | 05 | 88 |
| स.मो. | 5.077 | - | - | - | - | - | 5.077 | - | - |
| अन्य | 2.973 | - | - | 18.441 | - | - | 21.434 | - | - |
| योग:- | 398.857 | - | 63 | 1514.018 | 31 | 286 | 1912.875 | 31 | 349 |

टीप :- (1) केताओ को ई-आक्शन के पूर्व MSTC E-Auction portal में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है ।(2) केताओ को ई- आक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वॉलेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम.डी., की राशि जमा करना अनिवार्य है ।(3) लाट की थप्पीसूची एवं फोटो MSTC E-Auction portal में अपने आई.डी. से लॉगइन करके देख सकते है ।(4) ई-आक्शन में लॉट क्रय करने हेतु प्रथम क्रेता को 40 सेकंड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं को क्रय करने पर 30 सेकंड का समय प्राप्त होगा ।(5) प्रत्येक लॉट 30 सेकंड की अवधि के लिए बोली लगाने के लिए लाइव रहेगा। यदि अंतिम 20 सेकंड में कोई बोली प्राप्त नही होती है तो लॉट बंद कर दिया जायेगा ।
वन मंडलाधिकारी
जी-252606617/4 कवर्धा, वनमण्डल कवर्धा

**कार्यालय अधीक्षक सबजेल लखनादौन जिला - सिवनी म.प्र.**
**ई-निविदा वर्ष 2026-27**
**Mptenders.gov.in के माध्यम से ई-निविदा सूचना ( द्वितीय आमंत्रण)**

केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर के अधीनस्थ सबजेल लखनादौन में परिरूद्ध बंदियों हेतु म.प्र. जेल पूर्ति नियम 1968 तथा म.प्र. भण्डार क्रय नियम 2015 ( यथा संशोधन - 2022 ) के तहत खण्ड-1 खाद्यान्न सामग्री, खण्ड-2 सब्जी दूध मही एवं फल सामग्री, खण्ड-3 स्वच्छता एवं विधुत सामग्री, खण्ड-4 दवाईयों एवं चिकित्सीय लैब सामग्री आदि की वार्षिक निविदाऐं ई-टेण्डर के माध्यम से दिनांक 23/02/2026 को अपरान्ह 05:30 बजे तक www.mptenders.gov.in बेवसाईड पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है निविदा कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है :-

| क्रं. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | ऑन लाईन निविदा प्रकाशन | 09/02/2026 | सबजेल लखनादौन |
| 2 | प्रीबिड मीटिंग | 20/02/2026 | सबजेल लखनादौन |
| 3 | ऑन लाईन निविदा फार्म क्रय करने की प्रारंभ तिथि एवं निविदा फार्म की कीमत राशि रू 10000/- लेखा शीर्ष 0056 जेलें - 800 अन्य प्राप्तियों में ऑनलाईन जमा किया जावेगा | 09/02/2026 को प्रात: 10:30 बजे तक | बेवसाईट www.mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 4 | ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 23/02/2026 को प्रात: 05:30 बजे तक | बेवसाईट www.mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 5 | नमूने जमा करने की अंतिम तिथि | 23/02/2026 को प्रात: 05:30 बजे तक | सबजेल लखनादौन |
| 6 | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | 25/02/2026 को प्रात: 11:30 बजे तक | सबजेल लखनादौन |
| 7 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 26/02/2026 को प्रात: 10:30 बजे तक | सबजेल लखनादौन |

निविदा फार्म एवं ई-निविदा से संबंधित जानकारी mptenders.gov.in बेवसाईट पर भी देखी जा सकती है निविदा फार्म दर्शित बेवसाईट पर क्रेडिट कार्ड या ऑन लाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।


अधीक्षक
सबजेल लखनादौन
G- 25702/25 जिला - सिवनी म.प्र.


इतिहास

कहानी जानकर कांप जाएगी रूह

# लड़कियों के खून से नहाती थी ये रानी, 650 लड़कियों की हत्या की

**बुडापेस्ट।** दुनिया में कई सीरियल किलर्स हुए हैं, जिनके बारे में जानकर लोगों की रूह कांप जाती है। एक महारानी ऐसी ही सीरियल किलर थी, जिसका नाम एलिजाबेथ बाथरी था। इसे इतिहास की सबसे खतरनाक और निर्दयी महिला सीरियल किलर के तौर पर जाना जाता है। एलिजाबेथ बाथरी ने साल 1585 से 1610 के बीच 650 लड़कियों की हत्या कर उनके खून से नहाया था। उसने सभी लड़कियों की हत्याएं अपने महल में की थी। एलिजाबेथ बाथरी हंगरी साम्राज्य के ऊंचे रसूख वाले बाथरी परिवार से थी। उसकी शादी फेरेंक नैडेस्डी नाम के शख्स से हुई थी, जो तुर्कों के खिलाफ युद्ध में हंगरी का नेशनल हीरो था।एलिजाबेथ का 1560 में हंगरी में जन्म हुआ था। वह अपनी खूबसूरती के लिए दूर-दूर तक जानी जाती थी। एलिजाबेथ मानती थी जवान लड़कियों के खून से कोई व्यक्ति जवान रह सकता है।





### लड़कियों को पीटती और भूख से तड़पाती थी

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एलिजाबेथ लड़कियों को बड़ी तनख्वाह पर नौकरी की पेशकश करती थी। इसके बाद उन्हें परिवार से दूर ले आती थी। उन्हें महल में बंद कर देती थी। इसके बाद उन्हें पीटती थी और भूख से तड़पने के लिए छोड़ देती थी। यहां तक कि उनके हाथों को जला देती थी या फिर काट देती थी। कई बार वह लड़कियों के चेहरे या शरीर के दूसरे अंगों का मांस दांतों से काटकर निकाल लेती थी और अंत में उनकी हत्या कर उनका खून एक टब में इकट्ठा करती थी, जिसमें वह नहाती थी। इसका जिक्र कई किताबों में भी किया गया है।

### मिली थी खौफनाक सजा

साल 1610 में एलिजाबेथ बाथरी को उसके इस जुर्म के लिए गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसके ही महल के एक कमरे में कैद कर दिया गया। कैद में चार साल बाद 21 अगस्त, 1614 को उसकी मौत हो गई। कहा जाता है कि एलिजाबेथ बेहद खूबसूरत थी और अपनी खूबसूरती को बरकरार रखना चाहती थी। इसकी वजह से उसने 650 लड़कियों की हत्या कर दी थी। जवान दिखने के लिए लड़कियों के खून से नहाती थी।

### कौन-कौन था जुर्म में शामिल?

एलिजाबेथ बाथरी के इस खौफनाक जुर्म में उसके तीन नौकर भी शामिल थे। चूंकि, वो एक ऊंचे रसूख वाली महिला थी, इसलिए वो आसपास के गांवों की गरीब लड़कियों को अपने महल में अच्छे पैसों पर काम करने का लालच देकर बुला लेती थी। लेकिन, लड़कियां जैसे ही महल में आती थीं, वो उन्हें अपना शिकार बना लेती थी। बताया जाता है कि इलाके में लड़कियों की संख्या कम होने पर वह ऊंचे परिवार की लड़कियों को अपना शिकार बनाने लगी थी। जब हंगरी के राजा को उसकी करतूतों के बारे में पता चला तो, उन्होंने मामले की जांच करवाई। इसके बाद मामले का खुलासा हुआ। जांच दल ने एलिजाबेथ के महल से कई लड़कियों के कंकाल और सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए थे।

# शौच के लिए निकली किशोरी से दुष्कर्म, बगीचे में अचेत

रीवा।

जिले के रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र में सोमवार तड़के एक किशोरी के साथ दुष्कर्म की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। शौच के लिए घर से निकली किशोरी को रास्ते में रोककर एक युवक द्वारा कथित रूप से अपहरण कर सुनसान बगीचे में ले जाया गया, जहां उसके साथ दुष्कर्म किया गया। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत और आक्रोश का माहौल है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार अलसुबह किशोरी घर से शौच के लिए निकली थी। इसी दौरान पहले से घात लगाकर बैठे एक युवक ने उसे जबरन पकड़ लिया। किशोरी द्वारा विरोध किए जाने के बावजूद आरोपी उसे पास स्थित एक बगीचे में ले गया और वारदात को अंजाम दिया। इधर, काफी देर तक किशोरी के घर वापस न लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। आसपास खोजबीन के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर परिजनों के साथ मिलकर तलाश अभियान शुरू किया। इसी दौरान किशोरी एक बगीचे में बदहवास और अचेत अवस्था में मिली। किशोरी को तत्काल उपचार एवं चिकित्सकीय परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया। होश में आने पर दिए गए बयान के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीम गठित कर दी गई है। पुलिस का दावा है कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

# परासिया में बेटे ने फावड़े से मारकर की पिता की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

छिंदवाड़ा जिले के परासिया थाना क्षेत्र में 3 फरवरी की रात पारिवारिक विवाद ने खूनी रूप ले लिया। वार्ड क्रमांक 07 बी.जे. सायडिंग में पुत्र ने मामूली कहासुनी के बाद अपने ही पिता पर फावड़े से हमला कर दिया, जिनकी उपचार के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने 11 फरवरी को आरोपी पुत्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार घटना रात लगभग 10 बजे की है। आरोपी नीरज इवनाती (36) अपने घर पर तेज आवाज में होम थिएटर चला रहा था। उसकी मां ने आवाज कम करने को कहा तो वह विवाद करने लगा। अशोभनीय भाषा का प्रयोग करने पर पिता भारत लाल इवनाती (72) ने आपत्ति जताई। इसी दौरान आरोपी ने आंगन में रखा फावड़ा उठाकर पिता पर प्राणघातक वार किया। गंभीर रूप से घायल वृद्ध को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई।



मामले में थाना परासिया में अप.क्र. 40/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस अधीक्षक अजय पांडे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे एवं एसडीओपी जितेन्द्र सिंह जाट के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक ईश्वर पटले के नेतृत्व में टीम गठित की गई। 11 फरवरी को आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त फावड़ा विधिवत जब्त किया गया तथा न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में घटना पारिवारिक विवाद का परिणाम प्रतीत होती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पारिवारिक तनाव और असंयमित व्यवहार की बढ़ती घटनाएं चिंताजनक है।

बच्चों को घटिया खाना,सुविधाएं शून्य,वहीं प्रशासन मौन

# जुड़वानी स्कूल में मध्यान्ह भोजन बना 'कमाई का धंधा'

**मैहर। मैहर जिले के जुड़वानी ग्राम पंचायत अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जुड़वानी (संकुल केंद्र-लटागांव,विकासखंड-मैहर) में बच्चों के भविष्य और स्वास्थ्य के साथ खुला खिलवाड़ सामने आया है। शासन की महत्वाकांक्षी मध्यान्ह भोजन योजना जिसका उद्देश्य बच्चों को पौष्टिक आहार देना है यहां भ्रष्टाचार और लालच की भेंट चढ़ चुकी है। विद्यालय में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली समूह की अध्यक्ष पर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं कि मध्यान्ह भोजन को बच्चों की थाली से उठाकर कमाई का जरिया बना लिया गया है।**







शासन द्वारा हर दिन के लिए अलग-अलग मीनू निर्धारित हैं लेकिन यहां पर हकीकत में मीनू कागजों तक सीमित है। बच्चों के द्वारा अभिभावकों बताया जाता है कि विद्यालय में मिलने वाले भोजन में न तो ढंग की दाल मिलती है,न चावल,न सब्जी वहीं अचार,पापड़ और सलाद तो शायद बच्चों ने कभी देखा ही नहीं है। बच्चों के बताया जा रहा है कि दाल में पानी ज़्यादा,दाल कम, इसी तरह सब्जी में सब्जी कम,पानी और हल्दी ज़्यादा,तेल और मसाले का तो नामोनिशान तक नहीं रहता है। बीते मंगलवार को जब जुड़वानी स्कूल में मीडिया टीम पहुंची तो हालात और भी चौंकाने वाले निकले। देखा गया कि कक्षा 1 से 10 तक के बच्चे पढ़ते हैं लेकिन भवन,स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं का भारी अभाव है। विद्यालय में पानी की टंकियां लगी हैं पाइप भी बड़ी संख्या में हैं लेकिन एक भी टोंटी (नल) नहीं लगे है जिसके चलते मजबूरन बच्चों को गंदगी से पटे हैंडपंप का पानी पीने को मजबूर हैं। सवाल यह है कि जब पूरी व्यवस्था मौजूद है तो पानी की टोंटी क्यों नहीं?

### फेंका गया भोजन कुत्ते भी नहीं खाते

यह भी देखा गया कि मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता इतनी खराब पाई गई कि कुछ बच्चों के द्वारा न खाने लायक मध्यान्ह भोजन को फेंक दिया था उस मध्यान्ह भोजन को कुत्तों ने उसे खाना पसंद नहीं किया। विद्यालयों में लाखों का वेतन उठाने वालों को बच्चों के मध्यान्ह भोजन को भी कमाई का जरिया बना लिया है इससे बड़ी शर्म की क्या बात होगी। इतना बड़े-बड़े छात्र छात्राएं या तो डर के कारण खाना खा रहे थे या मजबूरी में खा रहे है।जिन बच्चों को पढ़ाने के लिए शासन उनकों लाखों रुपए देती है वहीं बच्चों को पढ़ाई में व्यवधान न उत्पन्न हो इसलिए मध्यान्ह भोजन दिया जाता है कि कोई भी स्कूली बच्चों भूखों न पढ़े लेकिन जुड़वानी विद्यालय में इस प्रकार दृश्य किसी भी संवेदनशील समाज को शर्मसार करने के लिए काफी है। सबसे बड़ी बात यह है कि इन छोटे छोटे छात्रों से थाली भी धुलवाई जाती है।

### कमीशन के कारण नही होती जांच

ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है कि इसकी जांच नहीं होती है क्यों कि यह कमीशन से पास होता है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार,शिक्षा विभाग का मुख्यालय दूर होने का फायदा उठाकर जांच से बचने का खेल खेला जा रहा है। आरोप है कि कमीशन के दम पर अधिकारियों को स्कूल तक पहुंचने नहीं दिया जाता और बच्चों के मध्यान्ह भोजन के नाम पर खुली लूट मची हुई है।अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या इस खबर के बाद मैहर जिला प्रशासन की नींद खुलेगी या फिर मासूम बच्चों के साथ मध्यान्ह भोजन का चल रहा भ्रष्टाचार यूं ही चलता रहेगा।अब देखना यह है कि प्रशासन कार्रवाई करता है या फिर इस मध्यान्ह भोजन के भ्रष्टाचार पर भी चुप्पी साध ली जाती है।

# चलती ट्रेन पकड़ने की कोशिश में छात्रा की मौत



**सतना।** रेलवे स्टेशन पर बुधवार तड़के एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। प्लेटफॉर्म नंबर एक पर एर्नाकुलम एक्सप्रेस में चढ़ने के प्रयास में 25 वर्षीय एक छात्रा ट्रेन के नीचे आ गई। हादसे में छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा सुबह 4:25 बजे का है। जीआरपी से प्राप्त जानकारी के अनुसार,रीवा जिले के लालगांव गढ़ थाना क्षेत्र की रहने वाली अंजलि साकेत पिता चंद्रमणि साकेत एर्नाकुलम एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 22670 पकड़ने के लिए स्टेशन पहुंची थी। ट्रेन प्लेटफॉर्म से रवाना हो चुकी थी। रफ्तार पकड़ती ट्रेन को देख अंजलि ने दौड़कर कोच में चढ़ने की कोशिश की। इस दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह सीधे पटरियों के बीच जा गिरी। यात्रियों के शोर मचाने पर आरपीएफ और जीआरपी के जवान मौके पर पहुंचे। अंजलि को तत्काल जिला अस्पताल ले जाया गया,लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### मोबाइल और टिकट से हुई पहचान

शुरुआत में मृतका की पहचान नहीं हो पा रही थी। पुलिस को लगभग सात घंटे की मशक्कत करनी पड़ी। अंजलि के पास मौजूद मोबाइल को खंगाला गया।मोबाइल में सतना से एर्नाकुलम का ऑनलाइन आरक्षित टिकट मिला। मोबाइल नंबर के जरिए दोपहर 12 बजे के बाद परिजनों से संपर्क हो सका। परीक्षा देने जा रही थी छात्रा परिजनों ने बताया कि अंजलि रीवा के शासकीय कॉलेज में एमए फाइनल ईयर की छात्रा थी। वह किसी प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होने के लिए एर्नाकुलम जा रही थी। दोपहर बाद सतना पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

# झारखंड से लापता युवती को छतरपुर के निर्वाणा फाउंडेशन ने परिवार से मिलवाया

**छतरपुर।** झारखंड के जमशेदपुर से लापता हुई 28 वर्षीय ऋचा कुमारी को छतरपुर स्थित निर्वाणा फाउंडेशन के प्रयासों से उसके परिवार से सुरक्षित मिलवाया गया। निर्वाणा फाउंडेशन के संचालक संजय सिंह ने बताया कि यह युवती मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण घर से बिना बताए निकल आई थी और कई दिनों तक लावारिस हालत में भटकती रही।
ऋचा कुमारी 6 दिसंबर 2025 को अपने घर से मात्र 50 रुपये लेकर निकली थी और अपना मोबाइल फोन घर पर ही छोड़ आई थी। मां एवं भाई के निधन के कारण वह कई सालों से गंभीर डिप्रेशन से जूझ रही थी। 11 दिसंबर को दमोह में लावारिस अवस्था में कोतवाली पुलिस को मिली, जहां से उसे वन स्टॉप सेंटर पहुंचाया गया। वहां पूछताछ के दौरान वह अपने परिवार के बारे में कुछ नहीं बता पाई। सामाजिक न्याय विभाग के आदेश पर 31 दिसंबर को आश्रय के लिए छतरपुर के निर्वाणा फाउंडेशन भेज दिया गया। फाउंडेशन में रहते हुए उसकी देखभाल की गई। शुरुआत में उसकी मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण वह बहुत गुस्सा होती, चिढ़चिढ़ाती रहती थी। धीरे-धीरे सुधार होने पर लगभग 15 जनवरी के आसपास उसने बताया कि मुझे जमशेदपुर ले चलो। 30 जनवरी को उसने जमशेदपुर के सुभाष चौक, पश्चिम मंदिर के पास का पता और एक मोबाइल नंबर लिखा तथा बताया कि उसका परिवार है। संजय सिंह ने तुरंत उस नंबर पर संपर्क किया और परिवार वालों से बातचीत की। परिवार के सदस्य छतरपुर पहुंचे और ऋचा को घर ले गए।

# दुनिया का सबसे छोटा पार्क, जहां इंसान नहीं, रहती हैं परियां

गिनीज बुक में दर्ज है इस 2 फुटिया बगीचे का नाम!




**न्यूयार्क।** कल्पना कीजिए एक ऐसे पार्क की, जहां घूमने के लिए आपको घंटों चलने की जरूरत नहीं है, बल्कि आप उसे एक कदम में पार कर सकते हैं। अमेरिका के ओरेगन राज्य के पोर्टलैंड शहर में स्थित 'मिल एंड्स पार्क'दुनिया का सबसे छोटा आधिकारिक पार्क है। मात्र दो फीट के व्यास वाला यह पार्क असल में सड़क के बीचों-बीच एक छोटा सी जगह है, जिसे यहां के लोग किसी विशाल नेशनल पार्क से कम नहीं मानते। इस पार्क की साख का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसका नाम 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स' में दुनिया के सबसे छोटे पार्क के रूप में दर्ज है। इस अनोखे पार्क की कहानी साल 1948 में शुरू हुई थी। दरअसल, जिस जगह पर आज यह पार्क है, वहां नगर निगम ने एक लाइट का खंभा लगाने के लिए गड्ढा खोदा था।काफी दिनों तक जब खंभा नहीं लगा, तो वहां घास-फूस उगने लगी। पास ही स्थित 'ओरेगन जर्नल' के कॉलमनिस्ट डिक फागन की ऑफिस की खिड़की से यह गड्ढा साफ दिखता था। उन्होंने इस खाली जगह को खूबसूरत बनाने की ठानी और वहां फूल लगा दिए। फागन अपने कॉलम 'मिल एंड्स' में इस पार्क के बारे में काल्पनिक और मजेदार कहानियां लिखने लगे, जिससे यह छोटा सा गड्ढा रातों-रात मशहूर हो गया। डिक फागन अक्सर दावा करते थे कि इस पार्क में छोटे कद वाली परियां और लेप्रेचुन (आयरिश लोककथाओं के जादुई पात्र) रहते हैं, जिन्हें केवल वे ही देख सकते हैं। उन्होंने एक बार कहानी सुनाई कि उन्होंने एक लेप्रेचुन को वहां खुदाई करते हुए पकड़ा और उससे एक पार्क की इच्छा मांगी। चूंकि, उन्होंने आकार नहीं बताया था, इसलिए उस लेप्रेचुन ने उन्हें वही छोटा सा छेद दे दिया। फागन ने उस लेप्रेचुन के मुखिया का नाम 'पैट्रिक ओ'टूल' रखा था। 1969 में फागन की मौत के बाद भी शहर के लोगों ने इस पार्क की देखभाल जारी रखी और 1976 में इसे आधिकारिक तौर पर सिटी पार्क घोषित कर दिया गया। समय के साथ इस नन्हे पार्क में कई मजेदार चीजें जोड़ी गईं। यहां तितलियों के लिए एक छोटा सा स्विमिंग पूल और डाइविंग बोर्ड लगाया गया, एक नन्हा फेरिस व्हील (झूला) लाया गया और यहां तक कि छोटे से उड़न तश्तरी के मॉडल भी रखे गए। यहां अक्सर छोटे स्तर पर संगीत कार्यक्रम और पिकनिक आयोजित किए जाते हैं। हर साल सेंट पैट्रिक दिवस पर यहां विशेष उत्सव मनाया जाता है। भले ही यह पार्क महज एक फूल के गमले जैसा दिखता हो, लेकिन पोर्टलैंड के निवासियों के लिए यह उनकी संस्कृति और रचनात्मकता का एक बड़ा हिस्सा है।

# प्रकृति का अजूबा, एक शरीर, तीन दिल

**नई दिल्ली।** वैलेंटाइन वीक के दौरान अक्सर दिल लेने-देने की बातें होती हैं, लेकिन इसी मौके पर एक ऐसा रोचक तथ्य भी जानना जरूरी है जो आपको हैरान कर देगा. जहां इंसान के शरीर में केवल एक दिल होता है, वहीं समुद्र में पाया जाने वाला ऑक्टोपस तीन दिलों का मालिक होता है। यह कोई कहानी नहीं, बल्कि वैज्ञानिक सच्चाई है। ऑक्टोपस के तीनों दिल अलग-अलग काम करते हैं। इसके दो दिल गलफड़ों तक खून पहुंचाते हैं, ताकि उसमें ऑक्सीजन मिल सके, जबकि तीसरा दिल ऑक्सीजन से भरपूर रक्त को पूरे शरीर में भेजता है। एक और दिलचस्प बात यह है कि ऑक्टोपस का खून इंसानों की तरह लाल नहीं, बल्कि नीले रंग का होता है। ऑक्टोपस के दो दिल खून को गलफड़ों तक ले जाकर ऑक्सीजन लेने में मदद करते हैं। वहीं, उसका सिस्टमिक दिल पूरे शरीर की मांसपेशियों और अंगों तक ऑक्सीजन युक्त रक्त पहुंचाने का काम करता है। जब ऑक्टोपस तैरता है, तो उसका मुख्य दिल कुछ समय के लिए काम करना बंद कर देता है, इसी वजह से वह जल्दी थक जाता है और तैरने के बजाय रेंगना ज्यादा पसंद करता है।



### ऑक्टोपस का खून नीला क्यों होता है?

ऑक्टोपस के खून का रंग नीला होने की वजह उसमें मौजूद तांबा है। यह खास तरह का खून ठंडे और कम ऑक्सीजन वाले समुद्री इलाकों में ज्यादा प्रभावी तरीके से ऑक्सीजन को शरीर तक पहुंचाने में मदद करता है।

### ऑक्टोपस के पास होते हैं 9 दिमाग

यह जानकर हैरानी और बढ़ जाती है कि ऑक्टोपस के पास सिर्फ तीन दिल ही नहीं, बल्कि कुल नौ दिमाग भी होते हैं। इनमें से एक मुख्य दिमाग उसके सिर में होता है, जबकि बाकी आठ उसकी आठ भुजाओं में मौजूद होते हैं, जिन्हें गैंग्लिया कहा जाता है। ये दिमाग भुजाओं को स्वतंत्र रूप से सोचने, महसूस करने और प्रतिक्रिया देने की क्षमता देते हैं।

### पल भर में बदल सकता है रंग

ऑक्टोपस की एक और खासियत यह है कि वह बेहद तेजी से अपना रंग बदल सकता है। उसके शरीर में फैले तंत्रिका तंत्र की वजह से वह आसपास के माहौल के अनुसार तुरंत रंग बदल लेता है, जो उसकी बुद्धिमत्ता को भी दर्शाता है।ऑक्टोपस की उम्र ज्यादा नहीं होती और यह उसकी प्रजाति पर निर्भर करती है। कुछ प्रजातियां केवल 6 महीने तक जीवित रहती हैं। जबकि कुछ 5 साल तक जी सकती हैं। उदाहरण के तौर पर ब्लू-रिंग्ड ऑक्टोपस लगभग 1 से 2 साल जीता है, वहीं विशाल ऑक्टोपस करीब 5 साल तक जीवित रह सकता है।

# उपजेल में रिश्वतखोरी का वीडियो वायरल कैदियों से वसूली के आरोपों में प्रहरी निलंबित

मऊगंज

उपजेल में कैदियों और उनके परिजनों से अवैध रूप से पैसे लेने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पैसे की मांग और लेन-देन से जुड़ा वीडियो व स्क्रीनशॉट सामने आने के बाद जेल प्रशासन हरकत में आया। प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए जाने पर उपजेल मऊगंज में पदस्थ प्रहरी प्रकाश सिंह बघेल को निलंबित कर दिया गया है।मामला मंगलवार दोपहर उस समय उजागर हुआ जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो और कुछ स्क्रीनशॉट वायरल हुए। इनमें उपजेल मऊगंज का एक प्रहरी कैदी से पैसे की मांग करता और कैदी द्वारा पैसे दिए जाने के दृश्य दिखाई दे रहे हैं। वीडियो संज्ञान में आने के कुछ ही घंटों के भीतर जेल अधीक्षक ने कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रहरी को निलंबित कर दिया। इस पूरे मामले की शिकायत चितईपुरवा गांव निवासी अम्ब्रीश (अमरेश उर्फ पिंटू) द्विवेदी ने कलेक्टर मऊगंज को पत्र लिखकर की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि 16 दिसंबर 2025 को उपजेल मऊगंज लाए जाने के बाद प्रहरी प्रकाश सिंह बघेल ने उसे और अन्य बंदियों के साथ करीब दो घंटे तक मारपीट की। इसके बाद परिजनों से मोबाइल के जरिए पैसे मंगवाए गए। आरोप है कि पहले 20 हजार, फिर जेलर के नाम पर 20 हजार और लिए गए। इसके अलावा हर मुलाकात पर परिजनों से 1000 से 4000 तक की वसूली की जाती थी।शिकायत पत्र में यह भी आरोप लगाए गए कि पैसे न देने पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना दी जाती थी। जेल में अवैध रूप से नशे की सामग्री (बीड़ी, सिगरेट, शराब) की सप्लाई कर मोटी रकम वसूली जाती थी। साथ ही खाने की गुणवत्ता बेहद खराब होने, लकड़ी चोरी कर खाना बनवाने और निरीक्षण से पहले बंदियों को धमकाने जैसे गंभीर आरोप भी लगाए गए।शिकायत मिलने पर केंद्रीय जेल अधीक्षक द्वारा प्रारंभिक जांच कराई गई, जिसमें प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए गए। इसके बाद जेल अधीक्षक एसके उपाध्याय ने प्रहरी प्रकाश सिंह बघेल को निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में उसका मुख्यालय जिला जेल अनूपपुर नियत किया गया है और उसे जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।केंद्रीय जेल अधीक्षक सतीश कुमार उपाध्याय ने बताया कि संबंधित प्रहरी के खिलाफ पहले भी शिकायतें मिल चुकी थीं और पूर्व में भी उस पर कार्रवाई हो चुकी है। फिलहाल पूरे मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।



# संकट के क्षणों में स्थिरता देता है धर्म

## रांझी में मुनि श्री प्रमाण सागर जी के प्रवचन



**जबलपुर।** धर्म हमें बाहर के सुख साधन नहीं देता धर्म हमें स्थिरता देता हैरु उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने रांझी में प्रातःकालीन धर्मसभा में व्यक्त किये। मुनि श्री ने कहा कि ज्यादातर लोगों की मान्यता है कि यदि हम धर्म करेंगे तो हमें खूब धन मिलेगा कभी अभाव या अल्पता या कोई भी शारीरिक या मानसिक परेशानी नहीं आयेगी जीवन में हर प्रकार की सुख सुविधा नौकर चाकर गाड़ी बंगला सभी रहेगी यदि आप लोगों की यही सोच है तो यह धारणा ही गलत है? यदि यह सब नहीं मिलता तो प्रश्न उठता है कि धर्म हमें क्या देता है,तथा धर्मी के पास क्या होंना चाहिये? यदि में धर्मी हूँ तो में धर्म के नाम पर क्या कर रहा हूं और मुझे क्या करना चाहिये? ये चार सवाल आप सभी के सामने रख रहा हूं।

मुनि श्री ने कहा कि सबसे पहली बात तो धर्म हमें सुख और दुःख,संयोग और वियोग, इष्ट अनिष्ट, हानि लाभ, मान अपमान,तथा अन्य संकटों के क्षणों में ₹स्थिरता₹ प्रदान करता है, धर्म हमारे जीवन में मकान की ₹नींव₹ के समान है जो बड़ी से बड़ी हवेली को स्थिरता प्रदान करती है यदि उस नींव को हटा दिया जाये या नींव ही कमजोर हो तो वह मकान टिक नहीं सकता उसी प्रकार जिसके जीवन में धर्म नहीं है, उसके जीवन में कभी स्थिरता नहीं आ सकती धर्म अर्थात तत्वज्ञान की सही समझ, वस्तु स्वरुप का ज्ञान जिसको होता है वह मुसीबतों से कभी घबराहट महसूस नहीं करता मुनि श्री ने कहा कि एक धर्मी के जीवन में सही समझ, सही दिशा, संयम और संतोष रहता है, इसलिये वह कभी संकटो से रोता बिलखता नहीं, न ही वह घबराहट महसूस करता क्योंकि वह जानता है कि यह सब कर्म जनित संयोग वियोग है जहां समझ है वही स्थिरता है,

उन्होंने कहा कि बोलो इस दुनिया में कोई भी एक आदमी है, जो यह कह सके कि में पूर्ण संतुष्ट और सक्षम हूं, कि मेरे जीवन में कभी दुःख आ ही नहीं सकता? हां ऐसा व्यक्ति जरुर मिल सकता है जो यह कहे कि में कभी दुखी नहीं हो सकता मुनि श्री ने कहा कि दुःख और संकटों के क्षणों में अपने आपको स्थिर रखने वाला व्यक्ती ही धर्मी है,जो अपने तत्वज्ञान के बल पर प्रत्येक संकटों से अपने आपको निकाल लेता है।

उन्होंने अंजना का उदाहरण दिया जिसके उदर में तदभव मोक्षगामी हनुमान पल रहे थे फिर भी उसको झूठे लांक्षनों का सामना करना पड़ा लेकिन उसने तत्वज्ञान के बल पर अपने मन को स्थिर किया और उन संकटों से बाहर निकल कर आई। मुनिसंघ के प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी, एवं सुवोध जैन कामरेड ने बताया दोपहर में शंकासमाधान के कार्यक्रम के बाद मुनि संघ का कुंडम की ओर विहार हो गया, जहां आज गुरुवार को मांगलिक प्रवचन एवं आहारचर्या होगी।




## जनेकृविवि में पादप किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कल

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से जेनेटिक्स एण्ड प्लांट ब्रीडिंग विभाग में पादप किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यकम का आयोजन 13 फरवरी को किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य कृषकों को पादप किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार अधिनियम के प्रावधानों, महत्व तथा कृषकों एवं प्रजनकों के अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कृषक शामिल होकर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करेंगे।

## जेडीए ने विकास कार्यों के दौरान पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अनूठी पहल की

**जबलपुर।** जबलपुर विकास प्राधिकरण (JDA) ने एस.आर.-2 मार्ग में आने वाले बड़े वृक्षों को बिना काटे सुरक्षित तरीके से प्रत्यारोपित कर पर्यावरण संरक्षण के साथ शहरी विकास का संतुलन बनाए रखने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह पहल JDA सीईओ दीपक वैद्य के मार्गदर्शन में की गई।जेडीए द्वारा टी.डी.एस.-02 योजना के तहत एस.आर.-3 से पाटन बाईपास को जोड़ने वाली 2.30 किमी लंबी और 30 मीटर चौड़ी एस.आर.-2 सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। इस मार्ग में कुछ बड़े वृक्ष आने के कारण उन्हें काटने के बजाय सुरक्षित तरीके से प्रत्यारोपित किया गया। इस तकनीकी उपाय से वृक्षों को जीवनदान मिला और हरे-भरे पेड़ विनष्ट होने से बच गए। सीईओ दीपक वैद्य ने बताया कि शहरी विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण पर ध्यान देना आज की सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं में सख्त पर्यावरणीय मानदंडों का पालन और पर्यावरण-संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। वृक्ष पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं, इसलिए मार्ग में आने वाले वृक्षों को काटने के बजाय प्रत्यारोपित कर संरक्षित किया गया।



## जेनको क्रिकेट लीग सीजन-3 : चार्जर्स और रॉयल्स की शानदार जीत, सेमीफाइनल की ओर बढ़े कदम

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल) के तत्वावधान में रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल मैदान पर आयोजित जेनको क्रिकेट लीग सीजन-3 के तीसरे दिन खेले गए मुकाबलों में चार्जर्स और रॉयल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने मैच जीत लिए। दोनों टीमों ने 2-2 अंक अर्जित कर सेमीफाइनल में पहुंचने की संभावना मजबूत कर ली है। कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) दीपक कश्यप ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और खेल भावना बनाए रखने का संदेश दिया।



टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का वॉरियर्स का फैसला भारी पड़ा। चार्जर्स ने 12 ओवर में 4 विकेट पर 126 रन बनाए। प्रशांत कावड़कर ने 37 रन और विनीत त्रिपाठी ने 11 गेंदों में 35 रन (4 छक्के, 2 चौके) की तूफानी पारी खेली। लक्ष्य का पीछा करते हुए वॉरियर्स 12 ओवर में 101 रन ही बना सके। कुशल जैन ने 21 रन का योगदान दिया। प्रशांत कावड़कर को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया।

दूसरे मैच में ग्लेडिएटर्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 62 रन पर सिमट गई। रॉयल्स के मोहसिन खान ने 2 ओवर में 7 रन देकर 2 विकेट लिए। जवाब में रॉयल्स ने 23 गेंद शेष रहते 6 विकेट से जीत दर्ज की। विक्रम सिंह बनाफर (16 रन), आनंद गुप्ता (20 रन) और कप्तान सुहैल मोहम्मद (17 रन) ने अहम योगदान दिया। वॉरियर्स और ग्लेडिएटर्स लीग से बाहर हो गए हैं। आउटसोर्स कार्मिकों की टीमों चैंपियंस और रेंजर्स के बीच खेले गए शो मैच में रेंजर्स ने 23 रन से जीत हासिल की। रेंजर्स ने 10 ओवर में 101 रन बनाए, जबकि चैंपियंस 88 रन पर सिमट गई। मैचों में अंपायर की भूमिका सुबोध धांडे, अनिल शर्मा, संदीप बर्मन और मनोज कुमरे ने निभाई, जबकि स्कोरिंग सुशील पांडे, प्रणव देशमुख, प्रतीक कुंटे और दीपक साहू ने की। लीग के अंतर्गत 12 फरवरी को दोपहर 1 बजे लिजेंड्स बनाम चार्जर्स तथा 3:30 बजे रॉयल्स बनाम हिटर्स के बीच मुकाबले खेले जाएंगे।



## विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ का धरना, पेंशन गारंटी और महंगाई राहत की मांग

**जबलपुर।** म.प्र. विद्युत मंडल पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ, शाखा जबलपुर द्वारा 11 फरवरी 2026 को शक्ति भवन रोड स्थित बैरियर गेट पर दोपहर 12 से 4 बजे तक धरना एवं प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में विद्युत पेंशनर्स शामिल हुए। धरना के दौरान पेंशनर्स ने दो प्रमुख मांगें रखीं। पहली, विद्युत पेंशनर्स की पेंशन की गारंटी सुनिश्चित करते हुए ट्रेजरी के माध्यम से पेंशन भुगतान किया जाए। दूसरी, केंद्र सरकार द्वारा जारी तिथि से ही विद्युत पेंशनर्स को महंगाई राहत (डीआर) एरियर सहित प्रदान की जाए। संघ के पदाधिकारी संजय पशीने, नरेंद्र घंगारे, विनोद साहू, पी.आर. विश्वकर्मा, विवेक गायकी, सी.एस. हरडे सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्रदर्शन में शामिल सभी पेंशनर्स का आभार व्यक्त किया।



## लावारिस हालत में भर्ती ऑटो चालक का निधन, गरीब नवाज कमेटी ने कराया अंतिम संस्कार

**जबलपुर।** त्रिपुरी चौक जैन मंदिर, गढ़ा निवासी पप्पू जैन (लगभग 40 वर्ष), पिता हीरा लाल जैन का उपचार के दौरान जिला अस्पताल विक्टोरिया में निधन हो गया। मृतक जीवित अवस्था में ऑटो रिक्शा चलाकर अपना जीवन यापन करता था।जानकारी के अनुसार पप्पू जैन पिछले चार माह से जिला अस्पताल के गैंगरीन वार्ड में भर्ती था, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। केजुअल्टी से इसकी सूचना गरीब नवाज कमेटी को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही कमेटी के सदस्यों ने मृतक के परिजनों की तलाश की। जांच में पता चला कि मृतक की एक बहन है, जिसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। अन्य रिश्तेदारों से संपर्क किया गया, लेकिन उन्होंने आने से मना कर दिया। पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूर्ण होने के बाद गरीब नवाज कमेटी द्वारा मृतक का अंतिम संस्कार तिलवारा मुक्ति धाम में विधिवत कराया गया। इस दौरान कमेटी के सदस्य रियाज़ अली, रोहित सोनकर, निहाल खान, अय्यूब मालगुज़ार एवं फैजुल हुसैन उपस्थित रहे। गरीब नवाज कमेटी द्वारा मानवता की मिसाल पेश करते हुए लावारिस स्थिति में मृतक का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कराया गया।



## बरगी युवा प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष बने कपूर शरण उईके

**बरगी।** बिशन सिंह परतेती, प्रदेश अध्यक्ष, गौड़ समाज महासभा, मध्यप्रदेश की अनुशंसा पर कपूर शरण उईके को बरगी ब्लॉक अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। कपूर शरण उईके समाज के उत्थान और विकास के कार्यों में लगातार सक्रिय रहेंगे और ब्लॉक स्तर पर युवाओं को प्रेरित कर सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने का कार्य करेंगे।

## प्रगति शैक्षिक अध्ययन संस्थान में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**जबलपुर।**

शासकीय प्रगति शैक्षिक अध्ययन संस्थान (पीएसएम) जबलपुर में 11 फरवरी 2026 को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन आईएएसई की प्राचार्य श्रीमती एफ. इक्का के मुख्य आतिथ्य तथा महाकौशल क्रीड़ा परिषद के संस्थापक डॉ. प्रशांत मिश्रा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों ने मार्च पास्ट की सलामी ली, महाविद्यालय ध्वज फहराया और खिलाड़ियों को शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि श्रीमती एफ. इक्का ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए खेल और व्यायाम को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नियमित खेल गतिविधियों से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य सुदृढ़ होता है तथा विद्यार्थियों को अधिकाधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया। महाविद्यालय के खेल प्रभारी एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शेख मुनीर के संयोजन में प्रतियोगिता 11 से 18 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। संचालन एम.एड. के प्रदीप तिवारी तथा बी.एड. के भुवनेश्वर उपाध्याय एवं सुदेश रहांगडाले ने किया। गोला फेंक (पुरुष वर्ग) में देवदत्त शुक्ला (अरावली सदन) प्रथम, अमित ठाकुर (अरावली सदन) द्वितीय और सोमनाथ उईके तृतीय रहे। गोला फेंक (महिला वर्ग) में प्रीति जैन प्रथम, उर्मिला गोंड द्वितीय और सरिता मालेवार तृतीय रहीं।तवा फेंक (पुरुष वर्ग) में माणिकचंद बट्टी (मैकाल सदन) प्रथम, सौरव उईके द्वितीय और कपिल प्रजापति (अरावली सदन) तृतीय रहे। तवा फेंक (महिला वर्ग) में संध्या सल्लाम (शिवालिक सदन) प्रथम, निकिता चौधरी (रत्नागिरी सदन) द्वितीय और लक्ष्मी सोनी (मैकाल सदन) तृतीय रहीं।



इस अवसर पर महाविद्यालय के आचार्यगण डॉ. आशीष नारायण माथुर, श्रीमती ललिता सप्रा, डॉ. ज्योति खरे, डॉ. राजकुमारी दुबे, डॉ. ज्योत्स्ना दुबे, जी.पी. यादव, डॉ. आर.एन. पटेल, कु. रीनू मोर, श्रीमती अल्पना खरे, केशव नंदन पटेरिया, श्रीमती मेघना सिंह ठाकुर, डॉ. सारिका चौकसे सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। साथ ही एम.एड. एवं बी.एड. के छात्राध्यापकों की सक्रिय सहभागिता से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी ने दी आंदोलन की चेतावनी

## NH-719 को 'खूनी हाईवे' बताते हुए 6-लेन की मांग

**जबलपुर।** इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने ग्वालियर–भिंड–इटावा राष्ट्रीय राजमार्ग 719 (NH-719) की स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए इसे "खूनी हाईवे" करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कम चौड़ाई, दो-लेन संरचना, भारी वाहनों का दबाव और अपर्याप्त सुरक्षा प्रबंधों के कारण इस मार्ग पर लगातार जानलेवा हादसे हो रहे हैं। डॉ. तिवारी के अनुसार, पिछले सात वर्षों में भिंड जिले में 1,403 से अधिक लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में हुई है। वर्ष 2025 के पहले 11 महीनों में 670 से अधिक दुर्घटनाएँ और 241 मौतें दर्ज की गईं, जबकि पिछले तीन वर्षों में 2,014 हादसों में 611 लोगों की जान गई। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रतिदिन 15 से 20 हजार वाहनों की आवाजाही के बावजूद यह राजमार्ग अब भी दो-लेन क्यों है। उन्होंने सड़क परिवहन मंत्रालय, मध्यप्रदेश सरकार और भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI) पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि हर दुर्घटना की जिम्मेदारी संबंधित एजेंसियों की है। पार्टी की प्रमुख मांगें: NH-719 को तत्काल 6-लेन घोषित कर निर्माण कार्य शुरू किया जाए। मजबूत डिवाइडर और दोनों ओर सर्विस रोड बनाई जाए। सभी ब्लैक स्पॉट्स का त्वरित सुधार किया जाए। गति नियंत्रण, सीसीटीवी और आधुनिक ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली लागू की जाए। सड़क सुरक्षित होने तक टोल वसूली रोकी जाए।



डॉ. तिवारी ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र 6-लेन निर्माण की घोषणा नहीं की गई, तो पार्टी सड़क से संसद तक जन आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि यह हर उस नागरिक की लड़ाई है जो सुरक्षित घर लौटने की उम्मीद करता है।

In The Court Of Sushri Palak Singhai,
II Civil Judge Class-II, District Court,
(Damoh)
Presiding Officer :सुश्री पलक सिंघई
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCSA/0000115/2024)
सतीशचंद.............................वादी
Vs
नत्थू रजक.....................प्रतिवादी
TID 395/2026
Process Id- 42/2026
पेशी दिनांक :- 23/02/2026
प्रेषिती-
(1) रमेश पिता स्व. मंगलप्रसाद पता - मोरगंज ब्रिज के मोड के पास भेड़ाघाट तहसील व जिला जबलपुर म.प्र. (2) किशन बल्द मंगल प्रसाद पता - मोरगंज ब्रिज के मोड के पास भेड़ाघाट तहसील व जिला जबलपुर म.प्र. (3) छोटे बल्द मंगल प्रसाद पता - मोरगंज ब्रिज के मोड के पास भेड़ाघाट तहसील व जिला जबलपुर म.प्र.
यह कि प्रार्थी सतीशचंद ने आपके विरूद्ध घोषणा स्थायी निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात /हाजिर होने के लिए सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 04 February 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
सील
(पलक सिंघई दिवाकर)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड, दमोह (म.प्र.)
कृपया ध्यान-1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा ।

न्यायालय अतिरिक्त
तहसीलदार रांझी जबलपुर
आम इश्तहार
रा.प्र.क्र. 1120/ अ-6 / 2025-26
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्री/श्रीमति मोहम्मद मेहफूज पिता/पति अब्दुल खालिक निवासी 904, हरिजन थाने के पीछे, बड़ी ओमती जबलपुर द्वारा ग्राम गुरैया प.ह.नं. 24 न.ब. ख.नं. 21/1, 21/1/1, 22/3, 56/1, 56/1/1, 55/1/1, 55/1/2, 57, 22/3/1 रकबा 0.450, 0.661, 0.070, 0.010, 0.182, 0.120, 0.065, 0.344, 0.2520 हेक्टेयर/वर्गफुट भूमि रजिस्टर्ड विक्रयपत्र/ वसीयतनामा /सहमति पत्र/फौती के आधार पर शासकीय अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उक्त भूमि आवेदक / आवेदिका के नाम दर्ज किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति/एतराज हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति इस न्यायालय के कक्ष क्र. 32 में तारीख पेशी के पूर्व पेश कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनॉक 27/01/2026 को जारी।
जारी दिनांक 27/01/2026 अतिरिक्त
पेशी दिनॉक 20/02/2026 तहसीलदार
मुहर
रांझी जबलपुर

# पं. दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों को आत्मसात कर करें समाज व राष्ट्र सेवा: भाजपा

**जबलपुर। भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा शहर के सभी 1041 बूथों पर पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित कर 'समर्पण दिवस' मनाया गया। दीनदयाल चौक स्थित प्रतिमा एवं भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्री रत्नेश सोनकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे तथा नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज की उपस्थिति में श्रद्धांजलि अर्पित की गई।**



जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का मार्ग दिखाया। उनके आदर्शों को आत्मसात कर समाज और राष्ट्र सेवा करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने बताया कि संगठन को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कार्यकर्ताओं ने आजीवन सहयोग निधि का समर्पण भी किया।प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन ने कहा कि एकात्म मानववाद उस दौर में सामने आया जब विश्व में कम्युनिज्म और पूंजीवाद का प्रभाव था। पं. दीनदयाल उपाध्याय ने जनसंघ के रूप में वैकल्पिक राजनीतिक दल और एकात्म मानववाद के रूप में वैचारिक दिशा दी। विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य पद प्राप्ति नहीं, बल्कि वैभवशाली और शक्तिशाली भारत का निर्माण है। वहीं विधायक अभिलाष पांडे ने कहा कि कश्मीर से धारा 370 हटाने का संकल्प प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरा हुआ, जो पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों की ही परिणति है। कार्यक्रम में महामंत्री पंकज दुबे, रंजीत पटेल, शंकर श्रीवास्तव, योगेंद्र राजपूत, संकल्प पाठक, रीना राय, विवेक अग्रवाल, श्रीराम शुक्ला, राजेश मिश्रा 'पप्पू', योगेश बिलोहा, कमलेश नामदेव, पुष्पराज पांडे, अमर पटेल, अतुल जैन दानी, जयकांत उपाध्याय, रंजीत ठाकुर, नितिन भाटिया, कुसुम चौबे, दीपमाला केसरवानी, रौनक अग्रवाल, रविंद्र तिवारी, नरेश चौधरी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त शहर के सभी 1041 बूथों पर मंडल अध्यक्षों—शैलेन्द्र विश्वकर्मा, संतोष यादव, नरेश पटेल, प्रशांत दुबे, प्रणय गुप्ता, अमर पटेल, राहुल रजक, दिलीप पटेल, सपन यादव, पुष्पराज पांडे, आशीष राव, गुड्डा केवट, पुष्पराज सेंगर, सौरभ गोयल, योगेश लोखंडे, अमित राय—के नेतृत्व में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

दुनिया को अगले साल तेज गर्मी का सामना करना पड़ सकता है। इसकी वजह प्रशांत महासागर में अल नीनो का बनना होगा। मौसम विज्ञान के एक्सपर्ट का कहना है कि प्रशांत महासागर में अल नीनो का बनना 2027 में ग्लोबल तापमान को रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा सकता है।

# प्रशांत महासागर में बनेगा अल नीनो, तापमान में भारी बढ़ोतरी का खतरा

**वॉशिंगटन।** ऐसा होने पर साल 2027 पिछले तीन वर्षों के मुकाबले कहीं ज्यादा गर्म रहेगा। यह इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि बीते तीन वर्ष पहले ही सबसे गर्म साल रिकॉर्ड किए गए हैं। मौसम एजेंसियों और क्लाइमेट वैज्ञानिकों ने इस साल के आखिर में प्रशांत महासागर में अल नीनो बनने की संभावना जताई है। यह घटना 2027 में ग्लोबल तापमान को अब तक के सबसे ऊंचे रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा देगी। पूरी दुनिया में इसका सीधा असर देखने को मिलेगा।

## दुनिया के सामने आ रही तेज गर्मी की चुनौती

### साल के आखिर में बनेगा अल नीनो

एक्सपर्ट ने बताया है कि अभी पक्के तौर पर कुछ कहना जल्दबाजी होगी। फिलहाल कोई दावा नहीं किया जा सकता, लेकिन प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह के तापमान के फैलाव में ऐसे संकेत मिले हैं, जो बताते हैं कि 2026 में अल नीनो बन सकता है। अमेरिकी सरकार के नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन और ऑस्ट्रेलिया के ब्यूरो ऑफ मेटियोरोलॉजी ने कहा है कि क्लाइमेट मॉडल अल नीनो का अनुमान लगा रहे हैं। दोनों एजेंसियों ने इसकी चेतावनी दी है। हालांकि दोनों के इस पर दावों में अनिश्चितताएं हैं।



### अल नीनो कैसे बनता है

प्रशांत महासागर में समुद्र के तापमान का चक्र दुनिया भर में मौसम की चरम घटनाओं से जुड़ा हुआ है। भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के पूर्व में औसत से ज्यादा गर्म पानी इकट्ठा होकर अमेरिकी महाद्वीप के तट तक फैलता है तो इसे अल नीनो कहा जाता है। यह ग्लोबल तापमान को बढ़ाता है। ऑस्ट्रेलिया के ब्यूरो ने कहा है कि कुछ मॉडल जून से अल नीनो के बनने की संभावना बता रहे हैं। अमेरिकी एजेंसी ने कहा है कि अल नीनो की संभावना बढ़ी हैं। क्लाइमेट साइंटिस्ट एंड्रयू वॉटकिंस ने कहा है कि हमारे पास पश्चिमी ट्रॉपिकल प्रशांत महासागर में बहुत सारा गर्म पानी जमा है।

### अल नीनो की संभावना आधी-आधी

न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी में ईएनएसओ विशेषज्ञ एसोसिएट प्रोफेसर एंड्रिया टैशेटो ने कहा कि मौजूदा वक्त में ला नीना खत्म हो रहा है, जहां गर्म पानी ऑस्ट्रेलिया के करीब है। इस पर इससे आगे की भविष्यवाणी करना फिलहाल काफी मुश्किल है। एंड्रिया ने आगे कहा कि जून से अगस्त में अल नीनो के विकसित होने या ईएनएसओ के न्यूट्रल रहने की संभावना फिलहाल लगभग 50/50 है। हालांकि, यह होता है तो चिंता बढ़ेगी क्योंकि धरती पर पिछले तीन रिकॉर्ड पर सबसे गर्म तीन सालों में रहे हैं।

## रोचक खबरें

### चीन में रोबोट्स सीख रहे कुंग फू के जानलेवा दांव-पेंच

**बीजिंग।** चीन के सदियों पुराने शाओलिन मंदिर से एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ है, जिसने पूरी दुनिया के इंटरनेट यूजर्स को सोचने पर मजबूर कर दिया है। इसमें शाओलिन भिक्षुओं के साथ ह्यूमनॉइड रोबोट्स कुंग फू की प्रैक्टिस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। चीन के हेनान प्रांत से एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ है, जिसने इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है। दरअसल, सदियों से अपनी कठिन तपस्या और मार्शल आर्ट्स के लिए मशहूर चीन का शाओलिन मंदिर अब एक बिल्कुल नए अवतार में नजर आ रहा है। वायरल क्लिप में दिखाया गया है कि शाओलिन भिक्षु अब सिर्फ इंसानों को ही नहीं, बल्कि ह्यूमनॉइड रोबोट्स को भी कुंग फू की बारीकियां सिखा रहे हैं। वीडियो में अत्याधुनिक रोबोट्स शाओलिन भिक्षुओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। ये रोबोट इंसानी छात्रों की तरह ही जटिल पोज औरड्रिल्स को बिना किसी गलती के दोहरा रहे हैं। रोबोट्स की फ्लेक्सिबिलिटी और उनके मूव्स को देखकर ऐसा लगता है कि उन्हें खास तौर पर मार्शल आर्ट्स के लिए प्रोग्राम किया गया है। बता दें कि शाओलिन कुंग-फू केवल शारीरिक लड़ाई नहीं, बल्कि मानसिक और आध्यात्मिक अनुशासन है। ऐसे में रोबोट्स का इसे सीखना इंटरनेट की जनता के मन में कई सवाल खड़े कर रहा है। जहां कुछ लोग इसे टेक्नोलॉजी और परंपरा का अद्भुत मेल बता रहे हैं, तो वहीं कई नेटिजन्स इसे भविष्य के लिए खतरनाक मान रहे हैं। लोगों का तर्क है कि अगर मशीनें इतनी सटीकता से जानलेवा दांव-पेंच सीख गईं।



### घास-पत्तियां ही नहीं, अंडे और छोटे जानवर भी खा जाता है बार्किंग डियर

**नई दिल्ली।** बार्किंग डियर, जिसे भारतीय मुंटजैक भी कहा जाता है, एक अलग तरह का हिरण है जो खतरा महसूस होते ही कुत्ते जैसी तेज आवाज निकालकर दूसरों को सतर्क करता है। इसके नुकीले दांत और फुर्तीला स्वभाव इसे खास बनाते हैं। कल्पना कीजिए, आप किसी घने जंगल या पहाड़ी रास्ते से गुजर रहे हैं। आपके चारों तरफ सन्नाटा है, तभी अचानक कुत्ते के भौंकने जैसी तेज आवाज सुनाई देती है। ऐसे में किसी का भी डरना स्वाभाविक है। लेकिन हर बार यह आवाज किसी कुत्ते की नहीं होती. कई बार यह आवाज एक अनोखे और रहस्यमयी जानवर की होती है, जिसे बार्किंग डियर या भौंकने वाला हिरण कहा जाता है। नाम से भले ही यह एक मासूम हिरण लगे, लेकिन इसकी आदतें और व्यवहार इसे जंगल का बेहद सतर्क और दिलचस्प शिकारी बनाते हैं। दरअसल, बार्किंग डियर को वैज्ञानिक भाषा में मुंटजैक कहा जाता है। यह आकार में छोटा लेकिन बेहद फुर्तीला हिरण होता है। इसकी लंबाई लगभग 20 से 30 इंच और वजन सिर्फ 22–23 किलोग्राम के आसपास होता है। नर हिरण के छोटे-छोटे सींग होते हैं, जो आमतौर पर 5 इंच से ज्यादा लंबे नहीं होते. इन सींगों में एक छोटा ब्रो-टाइन और साधारण बीम होता है, जिससे वह अपनी रक्षा करते हैं। पहली नजर में यह हिरण बेहद शांत और सुंदर लगता है।

# पतंजलि शहद पर किया गया शोध, अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल में प्रकाशित

**हरिद्वार।** पतंजलि अपने प्रत्येक उत्पाद में गुणवत्ता, शुद्धता और उपभोक्ता सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इस प्रतिबद्धता को एक और सशक्त वैज्ञानिक मान्यता उस समय मिली, जब पतंजलि शहद पर किया गया विस्तृत शोध विश्वप्रसिद्ध एल्सेवियर प्रकाशन के प्रतिष्ठित रिसर्च जर्नल अप्लाई फ़ूड रिसर्च में प्रकाशित हुआ। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि पतंजलि जो कहता है, वही करता है और यह एक शाश्वत सत्य है। पतंजलि का उद्देश्य है इस देश को मिलावट के जहर से बचाना और पतंजलि इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए सदा ही समर्पित है। उन्होंने कहा कि भारतीय खाद्य उत्पादों को लेकर लंबे समय से वैश्विक मंच पर संदेह की दृष्टि से देखा जाता रहा है, किंतु अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित इस शोध द्वारा यह सिद्ध हुआ है कि भारत में भी विश्वस्तरीय अनुसंधान संभव है। यह उपलब्धि न केवल पतंजलि के लिए, बल्कि समूचे भारतीय FMCG उद्योग के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आगे बताया कि अध्ययन के दौरान यह भी




प्रमाणित हुआ कि पतंजलि शहद में किसी प्रकार की बाहरी शर्करा, सिंथेटिक सिरप या अवांछित रासायनिक अवशेष नहीं पाए गए हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि पतंजलि की आपूर्ति श्रृंखला, कच्चे माल की सोर्सिंग से लेकर अंतिम पैकेजिंग तक, कठोर गुणवत्ता नियंत्रण प्रक्रियाओं से गुजरती है। यह शोध इस बात का प्रमाण है कि पतंजलि शहद गुणवत्ता, शुद्धता और वैज्ञानिक प्रमाणिकता के वैश्विक मानकों पर पूरी तरह खरा उतरता है। इस अवसर पर पतंजलि के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अनुराग वार्ष्णेय ने इस शोध के बारे में बताते हुए कहा कि इस शोध में, पतंजलि शहद के 25 विभिन्न बैचों का उन्नत वैज्ञानिक तकनीकों, एचपीएलसी एचपीएलटीसी और युएचपीएलसी के माध्यम से व्यापक परीक्षण किया गया। शोध के निष्कर्षों के अनुसार सभी बैच एफएसएसएआई द्वारा निर्धारित खाद्य सुरक्षा एवं मानकों पर पूर्णतः खरे उतरे, तथा बैच-टू-बैच गुणवत्ता में उल्लेखनीय एकरूपता पाई गई। डॉ. वार्ष्णेय ने कहा कि उपभोक्ता को सुरक्षित और शुद्ध उत्पाद उपलब्ध कराना पतंजलि का सर्वोच्च लक्ष्य है, और इसी उद्देश्य कि पूर्ति के लिए संस्थान वैश्विक परीक्षण मानकों को अपनाता है। पतंजलि भविष्य में भी अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप शोध करता रहेगा, जिससे आम जनमानस को वैज्ञानिक प्रमाणीकरण के साथ उत्पाद उपलब्ध कराए जा सकें।पतंजलि शहद, गुणवत्ता और शुद्धता के मापदंडो पर किस प्रकार खरा उतरता है।




### टीवीएस मोटर कंपनी ने सागर में एसएम ऑटोमोबाइल डीलरशिप का किया उद्घाटन

**सागर।** दोपहिया एवं तिपहिया वाहनों की अग्रणी निर्माता टीवीएस मोटर कंपनी ने मध्य प्रदेश के सागर में अपनी नई ऑथराइज्ड डीलरशिप 'एसएम ऑटोमोबाइल' के उद्घाटन की घोषणा की है। खुराई रोड स्थित यह नई यूनिट क्षेत्र में कंपनी की रिटेल उपस्थिति को मजबूत करेगी और ग्राहकों को बेहतर व सुलभ सेवाएं प्रदान करेगी।नई डीलरशिप को इस तरह डिजाइन किया गया है कि ग्राहकों को वाहन खरीद का अनुभव सहज और सुविधाजनक हो। यहां टीवीएस मोटर कंपनी के पैसेंजर और कार्गो वाहनों सहित व्यापक पोर्टफोलियो को प्रदर्शित किया गया है, जो विभिन्न मोबिलिटी जरूरतों को पूरा करता है। उद्घाटन समारोह में टीवीएस की सेल्स एवं सर्विस टीम के प्रतिनिधियों के साथ डीलर प्रिंसिपल मनीष जैन उपस्थित रहे। कंपनी के अनुसार, यह कदम क्षेत्र में ब्रांड की उपस्थिति को और सशक्त बनाएगा। एसएम ऑटोमोबाइल के शुभारंभ के साथ टीवीएस मोटर कंपनी देशभर में अपने भरोसेमंद रिटेल नेटवर्क का विस्तार करते हुए आधुनिक, विश्वसनीय और उपभोक्ता-केंद्रित मोबिलिटी समाधान उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़ रही है।

## फ्लेक्सी कैप फंड्स बने पहली पसंद, जबलपुर के निवेशकों का बढ़ा भरोसा

**जबलपुर। वैश्विक संकेतों में बदलाव और शेयर बाजार में जारी उतार-चढ़ाव के बीच फ्लेक्सी कैप फंड्स खुदरा निवेशकों की पहली पसंद बनकर उभरे हैं। कम अस्थिरता के साथ संतुलित विकास की चाह रखने वाले निवेशकों ने वर्ष 2025 में इस श्रेणी में रिकॉर्ड निवेश किया है। AMFI के ताज़ा आंकड़ों के अनुसार, 2025 में फ्लेक्सी कैप फंड्स में 80,978 करोड़ का निवेश हुआ, जो स्मॉल-कैप (52,321 करोड़) और मिड-कैप (49,939 करोड़) फंड्स की तुलना में काफी अधिक है।**



दिसंबर 2025 में अकेले 10,019.27 करोड़ का निवेश दर्ज किया गया, जो पिछले महीने से 23% ज्यादा रहा। इसी रुझान के बीच टाटा फ्लेक्सी कैप फंड की लोकप्रियता भी बढ़ी है। ICRA के अनुसार, 31 दिसंबर 2025 तक फंड का एसेट अंडर मैनेजमेंट (AUM) करीब 3,700 करोड़ पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 27.5% अधिक है। जबलपुर में जनवरी 2026 के दौरान इस फंड की कुल बिक्री 80,67,041 रही, जो जनवरी 2025 की तुलना में 517% की वृद्धि दर्शाती है। (स्रोतः आंतरिक डेटा) टाटा एसेट मैनेजमेंट के सीआईओ (इक्विटीज) श्री राहुल सिंह ने कहा कि फ्लेक्सी कैप रणनीति बाजार की बदलती परिस्थितियों के अनुरूप निवेश का लचीलापन देती है। जरूरत पड़ने पर फंड मैनेजर स्मॉल और मिड-कैप से लार्ज-कैप कंपनियों की ओर रुख कर जोखिम को संतुलित कर सकते हैं। निवेशकों को इस श्रेणी के फायदों से अवगत कराने के लिए टाटा म्यूचुअल फंड ने हाल ही में "फुल फ्लेक्सी" अभियान भी शुरू किया है। विशेषज्ञों का मानना है कि सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (SIP) के जरिए फ्लेक्सी कैप फंड्स में निवेश बाजार के उतार-चढ़ाव के दौरान लागत औसत करने और लंबी अवधि में संपत्ति निर्माण का प्रभावी माध्यम बन सकता है।

## उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने लॉन्च किया 'उज्जीवन ईज़ी'

**नई दिल्ली। डिजिटल दौर में ग्राहकों की तेज़, सुरक्षित और आसान बैंकिंग की जरूरत को ध्यान में रखते हुए उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने अपना नया डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म 'उज्जीवन ईज़ी (ईज़ेडवाई)' लॉन्च किया है।** यह प्लेटफॉर्म मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग को एकीकृत करते हुए ग्राहकों को 200 से अधिक




फीचर्स प्रदान करता है, जिनमें 90 से ज्यादा नई सुविधाएँ शामिल हैं। यह सेवा अंग्रेज़ी और हिंदी समेत नौ भारतीय भाषाओं—कन्नड़, गुजराती, मराठी, बंगाली, उड़िया, पंजाबी और तमिल—में उपलब्ध है। बैंक के रणनीति और परिवर्तन (स्ट्रेटेजी और ट्रांसफॉर्मेशन) प्रमुख श्री दीपक अग्रवाल ने कहा कि यह पहल ग्राहकों को सरल, सुरक्षित और समावेशी डिजिटल अनुभव देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उज्जीवन ईज़ी के माध्यम से ग्राहक खाता प्रबंधन, फंड ट्रांसफर, एफडी-आरडी, बिल और जीएसटी भुगतान, डेबिट कार्ड मैनेजमेंट, डीमैट और एनपीएस जैसे निवेश विकल्पों का लाभ एक ही प्लेटफॉर्म पर उठा सकते हैं। उन्नत सुरक्षा एसडीके और ऐपप्रोटेक्ट जैसी तकनीकों से यह प्लेटफॉर्म साइबर जोखिमों और धोखाधड़ी से सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नही होगी।

## एयरटेल का नया AI फीचर करेगा 'OTP लीक फ्रॉड' से सुरक्षा

**नई दिल्ली।** देश में बढ़ते OTP आधारित बैंकिंग फ्रॉड पर लगाम लगाने के लिए एयरटेल ने नया AI-पावर्ड फ्रॉड अलर्ट सिस्टम लॉन्च किया है। यह फीचर रियल-टाइम में ग्राहकों को संदिग्ध कॉल के दौरान OTP साझा करने के जोखिम से सचेत करेगा। अक्सर ठग डिलीवरी, कस्टमर सपोर्ट या अन्य सेवाओं का बहाना बनाकर ग्राहकों पर दबाव डालते हैं और बैंकिंग ट्रांजेक्शन से जुड़ा OTP हासिल कर लेते हैं। एयरटेल का नया सिस्टम ऐसी परिस्थितियों की पहचान कर तुरंत 'फ्रॉड अलर्ट' जारी करता है, जिससे ग्राहक समय रहते सतर्क हो सकें। एयरटेल इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर और सीईओ शाश्वत शर्मा ने कहा कि कंपनी सुरक्षित नेटवर्क के मिशन पर काम कर रही है और यह नेटवर्क-लेवल AI समाधान रियल-टाइम में धोखाधड़ी की पहचान कर उसे रोकने के लिए तैयार किया गया है। उन्होंने बताया कि परीक्षणों में इस सिस्टम ने उच्च सटीकता दिखाई है।




पिछले दो वर्षों में एयरटेल ने स्पैम कॉल अलर्ट और खतरनाक लिंक ब्लॉक करने जैसे कई AI-आधारित सुरक्षा उपाय शुरू किए हैं। नया फीचर फिलहाल हरियाणा में उपलब्ध है और अगले दो हफ्तों में इसे देशभर के ग्राहकों के लिए चरणबद्ध तरीके से शुरू किया जाएगा।

## 10 साल से सिर्फ पत्तियां खाकर जिंदा है ये शख्स बीमार भी नहीं पड़ा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के बेलगाम में 34 वर्षीय बुदान खान पिछले 10 वर्षों से केवल जंगल की पत्तियां खाकर जीवित हैं। बंदरों से प्रेरित होकर उन्होंने अनाज का त्याग कर दिया था। उनका दावा है कि इस आहार से वे कभी बीमार नहीं पड़े। उनकी यह जीवनशैली चिकित्सा विशेषज्ञों के लिए एक रहस्य बनी हुई है। भेड़ और बकरियां पत्तियां खाकर जीवित रहती हैं, यह सामान्य बात है। लेकिन, क्या कोई इंसान सालों तक केवल पत्तियों और जड़ी-बूटियों पर निर्भर रहकर स्वस्थ रह सकता है? कर्नाटक के बेलगावी जिले के सवादत्ती तालुक स्थित उगागोल्ला गांव के बुदन खान होसमानी का जीवन इस दावे को सच साबित कर रहा है। हेग्गोल्ले पहाड़ी पर रहने वाले 34 वर्षीय बुदान खान होसमानी पिछले 10 सालों से पारंपरिक भोजन त्याग चुके हैं।

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद–विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा–निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग–दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान–सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

## शब्द पहेली - 6136



**बाएँ से दाए**

1. असभ्यता, मूर्खता-4
3. निर्भय, बहादुर-3
5. प्याला-2
6. सहारा, शरण-3
7. मां का भाई-2
9. साठ वर्ष की अवधि-3
11. परतंत्रता, गुलामी-5
14. दानव, दैत्य-3
16. लूटपाट-4
17. वाद्य यंत्र-2
18. परछाई, छाया-2
19. आदत, स्वभाव(उर्दू-4)
23. जंगल, वन-3
24. सेंधमार-5
27. गजल लिखने वाला-3
28. मोटा आटा, सूजी-2
30. गुलिस्तां, बाग-3
31. एक ग्रह, शनिश्चर-2
32. दबाना, कुचलना-3
33. रोब वाला, ठसके वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. मंत्रों का पाठ-2
2. उद्देश्यहीन-4
3. अनूठा, अनोखा-3
4. लक्ष्मी, कमला-2
5. खीजना, रोना-4
6. एक पौधा, अकुवा, आकड़ा-2
8. दक्ष, होशियार-3
10. जमीकंद, एक सब्जी-3
12. धैर्य, संयम-3
13. अस्थमा-2
15. एक गायिका-3
17. वर्षा ऋतु-3
18. महोदय-3
20. पैंदा, तला-2
21. पुत्र, बेटा-3
22. अवमानना-4
23. नास्तिक (उर्दू-3)
25. करामात-4
26. प्रतिज्ञा-3
27. ठाठ-बाट-2
29. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
31. तीर, बाण-2

**शब्द पहेली - 6135 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | स | ह | यो | ग | ■ | अ | दा | ब | त |
| र | क्स | ■ | रा | ■ | ग | रु | ड़ | ■ | न | र |
| ख | ■ | स | ना | त | न | ■ | ना | म | ■ | क |
| र | फ्ता | र | ■ | ■ | चुं | गी | ■ | त | म | स |
| खा | ■ | मा | ■ | चा | बी | ■ | सी | ■ | ही | ■ |
| ब | ल | या | का | र | ■ | प | रा | या | प | न |
| ■ | क | ■ | या | ■ | का | ल | ■ | द | ■ | क |
| द | वा | त | ■ | भ | ला | ■ | ■ | गा | य | ब |
| र | ■ | र | ज | ■ | बा | जी | ग | र | ■ | ज |
| क | र | ■ | ल | ह | जा | ■ | र्ज | ■ | खा | न |
| ना | जा | य | ज | ■ | र | घु | ना | य | क | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6146

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु नवताल - 6145 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

**डॉक्टर्स सजेशन**

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## बदलते मौसम में जब बार-बार हो खांसी-जुकाम



**मेरी उम्र 62 वर्ष है। बदलते मौसम में मुझे सर्दी-खांसी और बुखार की समस्या अकसर हो जाती है। कृपया बताएं, ऐसा क्या करूं कि मैं बदलते मौसम में भी स्वस्थ रह सकूं?**

**-कृपाशंकर, हिसार**

बदलते मौसम में, जिनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है, उनको सर्दी-जुकाम जल्दी-जल्दी होता है। आपकी उम्र भी अधिक है, इसलिए आपको और बचाव करने की जरूरत है। कोशिश करें कि सुबह शाम जब ठंड हो तब मॉर्निंग वॉक ना करें या घर से बाहर ना निकलें। अगर निकलना जरूरी हो तो पूरी तरह से वूलेन क्लॉथ पहनकर निकलें। साथ ही फ्रिज में रखा हुआ कोई भी कोल्ड डिश या ठंडा पेय बिल्कुल ना पिएं। नियमित रूप में विटामिन सी वाले यानी खट्टे फल जैसे संतरा, आंवला आदि खाएं। इससे आपको काफी राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ दिनों से मेरे पेट में दाईं तरफ मीठा-मीठा दर्द बना रहता है। भूख नहीं लगती है और कभी-कभी बुखार भी आ जाता है। कृपया बताएं कि मुझे ऐसी समस्या क्यों हो रही है?**

**-सौरभ, बिलासपुर**

आपको तुरंत किसी जनरल फिजिशियन से संपर्क करना चाहिए। जैसा आप बता रहे हैं कि दर्द होता है, भूख नहीं लग रही है। साथ में कभी-कभी फीवर भी आता है तो यह संभावना है कि आपको टाइफाइड हो सकता है। लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी कहना मुश्किल है। इसलिए डॉक्टर से संपर्क कर जांच कराएं और फिर रिपोर्ट के आधार पर उसका ट्रीटमेंट होगा।

**मेरी उम्र 28 वर्ष है। मुझे कुछ महीनों से हार्ड स्टूल और पाइल्स की समस्या है। कई तरह की दवाइयां और चूर्ण लेने के बाद भी मेरी प्रॉब्लम बनी हुई है। कृपया बताएं कि मुझे क्या करना चाहिए?**

**-एक पाठक, ईमेल से**

पाइल्स की समस्या तब शुरू होती है, जब आपका पेट ठीक नहीं होता है यानी आपको मोशंस क्लियर नहीं होते हैं। इसके लिए सबसे जरूरी है कि आप ऐसा खाना खाएं, जो जल्द डाइजेस्ट हो। साथ में कोशिश करें कि खाने के साथ नियमित रूप में पपीता जरूर लें। खाना आपका सादा होना चाहिए, तला-भुना और ज्यादा मिर्च मसाले वाला ना हो। काली मिर्च और अदरक का भी सेवन कम करें या ना करें। ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो एक बार सर्जन को दिखा सकते हैं। अगर ऑपरेट करने की संभावना होगी तो वह कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 23 वर्ष है। मुझे बस या ऑटो में जर्नी करते समय चक्कर आने लगता है और वॉमिटिंग भी होती है। प्लीज कुछ ऐसा उपाय बताएं, जिससे मेरी यह हेल्थ प्रॉब्लम ठीक हो जाए।**

**-विभूति, कांकेर**

इस तरह की समस्याएं कई लोगों को होती है। इसका सीधा तरीका है कि आपको सफर से पहले खाना नहीं खाना चाहिए। हल्का या सॉफ्ट डाइट लेना चाहिए और कोशिश करें कि बस और ऑटो जर्नी कम से कम करें। ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो और जर्नी करनी जरूरी हो तो डॉक्टर से सलाह के बाद वॉमिट रोकने वाली दवा भी ले सकते हैं।

**मेरी उम्र 56 वर्ष है। मैं अकसर छोटी-छोटी बातों को लेकर चिंतित और तनावग्रस्त हो जाता हूं। इस वजह से मुझे ठीक से नींद नहीं आती और बीपी भी बढ़ जाता है। मैं इस समस्या से कैसे निजात पाऊं, प्लीज बताएं?**

**-कौशल, रायपुर**

यह समस्या आज के दौर में काफी लोगों में देखी जाती है। ज्यादातर लोग किसी न किसी मानसिक समस्या से ग्रसित होते हैं। इसका समाधान आप ही कर सकते है। आप क्या सोचते हैं, उसका क्या समाधान होगा, उसे करें। इसके साथ ही सुबह और शाम नियमित रूप में प्राणायाम करें। अगर ज्यादा समस्या है तो एक बार मनोचिकित्सक से संपर्क कर सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**

---

**फिटनेस सजेशन**

दिव्यज्योति 'नंदन'

शरीर को हेल्दी और फिट रखने में योगाभ्यास और जिम में वर्कआउट दोनों का अपना-अपना महत्व है। लेकिन अपने लिए किसी का चुनाव करने से पहले आपको यह जरूर जान लेना चाहिए कि किस एज के लोगों को क्या करना अधिक फायदेमंद और सुरक्षित रहता है। हम आपको यहां बता रहे हैं अलग-अलग एज ग्रुप के लोगों के लिए योगा और वर्कआउट में से किसका और कितना अभ्यास करना चाहिए?

# योगाभ्यास-जिम में वर्कआउट किस एज में क्या होता है बेस्ट





आज फिटनेस को लेकर लोगों में काफी मतभेद होता है। एक वर्ग योग को महत्वपूर्ण मानता है और दूसरा वर्ग जिम में वर्कआउट को कारगर समझता है। कोई कहता है जिम के बिना फिटनेस संभव ही नहीं है, तो दूसरे वर्ग के लोग कहते हैं कि कितना भी जिम में वर्कआउट कर लो, बिना योग के शरीर में लोच, लचक नहीं आती और न ही शरीर तनाव से मुक्त होता है। दोनों अपने-अपने तर्कों पर अडिग रहते हैं और दोनों अपने सिवा दूसरे को खारिज करते हैं। लेकिन आपको किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले दोनों के बारे में खूब अच्छी तरह से समझना होगा।

### योगा और जिम वर्कआउट में फर्क

योग शरीर के लचीलेपन को, सांस लेने की प्रक्रिया को, मन की स्थिरता को और हमारे नर्वस सिस्टम को बेहतर बनाने का काम करता है। मतलब यह है कि योग हमारे शरीर को भीतर से तंदुरुस्त करता है। जबकि जिम वेट ट्रेनिंग, शरीर की मसल्स, ताकत, स्टेमिना और मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करने का जरिया होता है। यह तेजी से शरीर में दिखने वाले बदलाव करता है और हां, अगर बिना इंस्ट्रक्टर के देख-रेख के अगर जिम में वर्कआउट किया जाता है, तो वह चोट लगने और फिटनेस को जोखिम में डालने की आशंका भी पैदा करता है। ऐसे में जरूरी है कि हम यह बात जानें कि योग बनाम जिम नहीं है बल्कि योग एक खास उम्र के लिए ज्यादा बेहतर है और जिम दूसरी उम्र के लोगों के लिए ज्यादा मुफीद होता है।

### 18-25 की उम्र में जिम वर्कआउट करना है सही

इस उम्र समूह के लोगों के लिए शरीर को फिट रखने का सबसे बेहतर जरिया जिम में वर्कआउट को माना जाता है। क्योंकि इस उम्र में



शरीर में भरपूर ताकत होती है। टेस्टोस्टेरॉन, ग्रोथ हार्मोन और शरीर की रिकवरी कैपेसिटी पीक पर होती है। इसलिए इस उम्र के लिए जिम में वर्कआउट करना बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए इस उम्र के लोगों को जिम, वेट ट्रेनिंग और कार्डियो (मुख्य) को वरीयता देनी चाहिए। लेकिन अगर ये लोग सप्ताह में दो या तीन दिन योग को भी अपनी फिटनेस योजना में शामिल करते हैं तो समझिए सोने में सुहागा है, क्योंकि जिम के जरिए मसल्स आसानी से बनती हैं। बॉडी शेप में आती है और भविष्य के लिए हड्डियों की मजबूती बढ़ती है। अगर इसी दौरान योगाभ्यास का भी साथ लिया जाए तो यह सांस लेने की प्रक्रिया को भी बेहतर बनाता है। शरीर के ध्यान को फोकस करता है, चोटों से बचाता है और मसल्स स्ट्रेचिंग में भी कारगर है। लेकिन इस उम्र में जिम वर्कआउट को मुख्य माना जा सकता है।

### 26-35 साल के लिए योगाभ्यास

26 से 35 साल की उम्र ऐसी होती है, जब शादी, परिवार, तनाव आदि के कारण नींद कम आती है। शरीर चूंकि मजबूत होता है, इसलिए ज्यादा फर्क नहीं दिखता है लेकिन तनाव धीरे-धीरे शरीर को कमजोर और मन को अशांत करने लगता है। आमतौर पर देखा जाता है कि इस वजह से पीठ का दर्द, पेट, वजन, शुगर और बीपी की शुरुआत इसी उम्र में होती है। ऐसे में जरूरी है-

- हफ्ते में कम से कम तीन से चार दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग जरूर करें।
- बाकी बचे तीन दिन हर हाल में योग और प्राणायाम करें।
- इस सबके साथ पैदल चलना और हल्का कार्डियो हर दिन जरूरी है। क्योंकि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से मेटाबॉलिज्म तेज होता है, योग से तनाव काबू में रहता है, नींद बेहतर होती है और दोनों साथ हों तो वजन नियंत्रित रहता है और बॉडी फिट रहती है। लब्बोलुआब यह कि इस उम्र में दोनों पर ध्यान देना चाहिए।

### 36-45 साल की एज में शुरू करें स्मार्ट जिम ट्रेनिंग

यह उम्र का वह पड़ाव होता है, जब मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है और पेट बढ़ने लगता है। शरीर में हार्मोनल बदलाव और मसल्स घटने लगते हैं। जोड़ों की जकड़न, पीठ और कंधे का दर्द बढ़ने लगता है। ऐसे में कुछ बातों पर अमल जरूरी है।

- मॉडरेट वेट ट्रेनिंग करें। यह आपकी जिम एक्टिविटी में मुख्य होनी चाहिए।
- इसी उम्र के दौरान योग और मोबिलिटी ट्रेनिंग शुरू करना भी जरूरी है।
- ध्यान और प्राणायाम इस उम्र के तनाव को कम करते हैं।
- वेट ट्रेनिंग करना भी फायदेमंद है क्योंकि इससे मसल्स मजबूत बनती हैं।
- योगाभ्यास, जोड़ों और रीढ़ को सुरक्षित रखता है, दोनों मिलकर शरीर को एजिंग के खिलाफ मजबूती देते हैं। ऐसे में इस उम्र में वर्कआउट और योगाभ्यास दोनों करना जरूरी है।



### 46-60 की उम्र में योग को दें प्राथमिकता

उम्र का यह वह पड़ाव होता है, जब व्यक्ति अकसर बीपी, शुगर, हार्ट रिस्क, घुटनों के दर्द और कमर की समस्याओं से जूझ रहा होता है। बहुत लोग सोचते हैं कि अब जिम नहीं करना चाहिए पर विशेषज्ञ कहते हैं, इस उम्र में भी हल्की स्ट्रेंथ ट्रेनिंग बेहद जरूरी है। पर हां, योग सबसे ज्यादा जरूरी है। ऐसे में इस उम्र का बेहतरीन फार्मूला कुछ इस तरह का बनता है-

- योगाभ्यास को मुख्य रूप से रोजाना करें। विशेषकर जोड़ों, फेफड़ों की बेहतरी के लिए ये बहुत कारगर रहता है।
- हल्की वेट ट्रेनिंग भी जरूरी है। इस उम्र में चूंकि हड्डियों और मसल्स की समस्याएं सिर उठाने लगती हैं, इसलिए हल्की वेट ट्रेनिंग लगातार करते रहना चाहिए।
- सबसे ज्यादा जरूरी है कि इस उम्र में लंबी वॉक करें, क्योंकि हार्ट हेल्थ के लिए यह बहुत फायदेमंद होता है।
- इस उम्र में योगाभ्यास करने से शरीर में लचीलापन बना रहता है और मसल्स-जोड़ों में दर्द कंट्रोल में रहता है।
- स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से गिरने का खतरा कम होता है।
- हड्डियां मजबूत होती हैं, मसल्स लॉस कम होता है। लब्बोलुआब यह है कि इस उम्र में योग को प्राथमिकता दें, लेकिन हल्के जिम की रेग्युलर एक्सरसाइज न छोड़ें। *

---

## मेरे लिए हेल्दी-फिट फील करना सबसे ज्यादा जरूरी है

**फिटनेस फंडा**

पारस अरोड़ा



इन दिनों एंड टीवी पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'घरवाली पेड़वाली' में जीतू का किरदार निभा रहे पारस अरोड़ा काफी फिट नजर आते हैं। इसके लिए वे क्या एफर्ट करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

**हेल्थ-फिटनेस की इंपॉर्टेंसः** मेरे हिसाब से हेल्दी और फिट रहना अच्छी लाइफ की सबसे मजबूत नींव है। अगर आप शारीरिक तौर पर फिट नहीं हो तो चाहे कितनी भी सफलता मिल जाए, आप उसे पूरी तरह एंज्वॉय नहीं कर पाते। एक एक्टर होने के नाते हमारे काम में लंबे शूटिंग ऑवर्स, ट्रैवल और अनप्रेडिक्टेबल रूटीन होता है। ऐसे में फिटनेस ही है, जो मुझे हर दिन फ्रेश और फोकस्ड रखती है। फिट बॉडी के साथ-साथ पॉजिटिव माइंडसेट भी बहुत जरूरी है।

**हेल्दी-फिट फील करना इंपॉर्टेंटः** मेरे लिए हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक फील करना, सबसे ज्यादा जरूरी है। अगर आपके पास एनर्जी नहीं है, तो आप अपने काम में 100% नहीं दे सकते।

**डाइट प्लानः** मैं बहुत ज्यादा स्ट्रिक्ट डाइट फॉलो नहीं करता, लेकिन बैलेंस्ड खाने में विश्वास रखता हूं। सुबह की शुरुआत गुनगुने पानी या नीबू पानी से करता हूं। ब्रेकफास्ट में ओट्स, अंडे या कभी-कभी घर का बना परांठा खाता हूं। लंच में दाल, सब्जी, रोटी और सलाद लेना पसंद करता हूं। शाम को फल, नट्स या नारियल पानी ले लेता हूं। और डिनर में हल्का खाना जैसे सूप या सब्जी ले लेता हूं। मैं जंक फूड और ज्यादा मीठा खाने से बचता हूं।

**वर्कआउट शेड्यूलः** मैं हफ्ते में 4 से 5 दिन वर्कआउट करने की कोशिश करता हूं। मेरा रूटीन मिक्स रहता है कभी जिम, कभी कार्डियो, कभी योग। शूटिंग की वजह से अगर जिम नहीं जा पाता, तो कम से कम वॉक, स्ट्रेचिंग या बॉडीवेट एक्सरसाइज जरूर करता हूं। मेरा मानना है कि रोज थोड़ा मूवमेंट बहुत जरूरी है।

**मेंटल फिटनेसः** मेंटल फिटनेस के लिए मैं रोज मेडिटेशन करता हूं और खुद के लिए थोड़ा मी टाइम निकालता हूं। म्यूजिक सुनना, फैमिली, दोस्तों से बात करना मुझे स्ट्रेस-फ्री रखता है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

---

**मेंटल हेल्थ**

रेखा देशराज

नेचर के करीब कुछ समय बिताने से न केवल सुकून मिलता है, हम मेंटली हेल्दी भी रहते हैं। इस बात की पुष्टि कुछ समय पहले किए गए एक स्टडी में हुई है। इस स्टडी के बारे में डिटेल में जानिए।

## नेचर के करीब रहने से आप रहेंगे मेंटली हेल्दी





हाल ही में हुए एक अध्ययन में यह पाया गया कि प्रकृति से जुड़ी गतिविधियां हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती हैं। जो लोग मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं, उनको भी प्रकृति के साथ जुड़ने से लाभ होते हैं। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ योर्क द्वारा किया गया, जिसमें बताया गया है कि घर से बाहर प्रकृति से जुड़ी गतिविधियां हमारे भीतर के तनाव को कम करती हैं, मूड अच्छा करती हैं और हममें सकारात्मक भावनाओं को बढ़ावा देती हैं। इसमें यह भी पाया गया है कि 20 से 90 मिनट की गतिविधियां, जिन्हें हम 8 से 12 सप्ताह तक करते हैं, इनके बहुत ही बेहतर नतीजे सामने आते हैं।

**क्या कहती है स्टडीजः** इस अध्ययन में अध्ययनकर्ताओं द्वारा 14,321 नेचर बेस्ड इंटरवेंशंस यानी जो लोग प्रकृति से जुड़ी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी कर रहे थे, उनके रिकॉर्ड के 50 अध्ययनों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला गया है। इस अध्ययन के मुख्य लेखक डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ साइंसेज के डॉ. पीटर कन्वेंटरी का कहना है कि हम पहले से ही इस तथ्य से परिचित हैं कि प्रकृति से जुड़ना हमारे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद होता है। लेकिन हमारे इस अध्ययन ने इस बात को और भी पुख्ता कर दिया है कि प्रकृति से जुड़ी गतिविधियों में संलग्न होने से हमारा मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होता है। प्रकृति से जुड़ी इन गतिविधियों को स्वयं किया जाए या दूसरों के साथ मिलकर किया जाए, सभी का फायदा होता है। इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि आउटडोर गतिविधियां शारीरिक स्वास्थ्य को कम, मानसिक स्वास्थ्य को ज्यादा सुधारती हैं। इस अध्ययन ने लोगों को इस बात के लिए भी उत्साहित किया है कि प्रकृति से जुड़ी गतिविधियों को करने से हमारे शारीरिक स्वास्थ्य पर भी असर होता है। इसलिए इस अध्ययन ने लोगों को एक दूसरे के साथ जुड़कर खुद को प्रकृति से जुड़ने की ओर उत्साहित किया है।

**तन-मन को मिले फायदाः** आज की मॉडर्न जीवनशैली में लोग अपना अधिकांश समय घर या दफ्तर के भीतर फोन, टेलीविजन या कंप्यूटर की स्क्रीन पर ही बिताते हैं। दिनभर ऑफिस में रहने के दौरान मानसिक रूप से थके होने के कारण हम तनाव का शिकार होते हैं और ऐसे में प्राकृतिक वातावरण में अगर हमारा तन और मन विश्राम पाते हैं तो हमारी एकाग्रता बढ़ती है और हमें खुशी की अनुभूति होती है। दिल को सुकून मिलता है। प्रकृति के बीच अपना समय बिताने के लिए वॉक करना, साइकिलिंग या लंबी दूरी तक पैदल चलना अच्छा लगता है। इससे हम वजन तो नियंत्रित रख ही सकते हैं। मासंपेशियों में तनाव कम होता है। हृदय प्रणाली पर दबाव कम होने से हार्ट बीट और ब्लड प्रेशर भी कम हो जाता है। जो लोग प्रकृति के ज्यादा करीब रहते हैं, उनमें हृदय रोग की दर भी कम होती है। खुले वातावरण में रहने से विटामिन डी का शरीर में स्तर बढ़ता है, जो हड्डियों, रक्त कोशिकाओं और प्रतिरक्षा प्रणाली के लिए महत्वपूर्ण है।

**चिंता-अवसाद होते हैं कमः** रोजमर्रा की भागदौड़ भरी जिदंगी से कुछ देर प्रकृति के सान्निध्य में हमें मानसिक शांति मिलती है और हमारी रचनात्मक क्षमता भी बढ़ती है। कभी-कभी जब हम मानसिक रूप से थक जाते हैं और ताजी हवा के लिए घर से बाहर प्रकृति के नजदीक रहते हैं तो हम अपने को बेहतर पाते हैं। प्रकृति हमारी चिंता को कम करती है। तनाव व क्रोध घटाती है। हरियाली वाले स्थान में रहने से हमें अवसाद कम होता है। प्राकृतिक रोशनी में रहने से रात में नींद भी अच्छी आती है। *





गुरबाज़ ने खेली धमाकेदार पारी

## डबल सुपर ओवर का महा रोमांच : साउथ अफ्रीका ने जीता मैच

# अफगानिस्तान की दिल तोड़ने वाली हार, गुरबाज की छक्कों की हैट्रिक, छुड़ाए साउथ अफ्रीका के पसीने

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अफगानिस्तान को साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 वर्ल्ड कप में दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा। टी20 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज मैच में अफगान टीम साउथ अफ्रीका से डबल सुपर ओवर में हार गई। दूसरे ओवर में 24 रन का पीछा करते हुए रहमानुल्लाह गुरबाज ने तीन गेंदों पर लगातार तीन छक्के लगाकर लगभग मुकाबले को अफगानस्तिान के पक्ष में कर दिया था। आखिरी गेंद पर सिर्फ पांच रन चाहिए थे तब आउट हो गए।

### गुरबाज ने खेली 84 रनों की विस्फोटक पारी

मैच की बात करें तो 188 रन का लक्ष्य हासिल करने उतरी अफगानिस्तान के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने 84 रनों की विस्फोटक पारी खेली। 42 गेंदों पर खेली गई इस पारी में गुरबाज ने 4 चौके और 7 छक्के लगाए। तेजी से शतक की तरफ बढ़ रहे गुरबाज को केशव महाराज ने जॉर्ज लिंडे के हाथों कैच कराकर पवेलियन की राह दिखाई। गुरबाज के अलावा शीर्ष क्रम का कोई भी बल्लेबाज नहीं चला।

इब्राहिम जादरान 12, गुलबदीन नायब 0, सेदिकुल्लाह अटल 0, और रसूली 15 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद नबी भी 5 रन बना सके। अजमतुल्लाह ओमरजई ने 17 गेंद पर 3 चौके लगाते हुए 22 रन बनाए। राशिद खान ने 12 गेंद पर 20 रन बनाए। अफगानिस्तान 19.4 ओवर में 187 पर ऑल आउट हो गया।



### डिकॉक और रिकल्टन ने की 114 रन की साझेदारी

इसके पहले टॉस गंवाने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने 6 विकेट पर 187 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका के लिए क्विंटन डिकॉक ने 41 गेंद पर 3 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 59 रन और रयान रिकल्टन ने 28 गेंद पर 4 छक्कों और 5 चौकों की मदद से 61 रन की पारी खेली थी। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 114 रन की साझेदारी हुई थी। इसके अलावा डेवाल्ड ब्रेविस ने 23, डेविड मिलर ने 20 और मार्को जानसेन ने 16 रन बनाए थे। अफगानिस्तान के लिए राशिद खान ने 2, फजलहक फारुखी ने 1, और अजमतुल्ला ओमरजाई ने 3 विकेट लिए थे।

### पहला सुपर ओवर — 18 रन का लक्ष्य पार नहीं का पाया अफ्रीका

पहले सुपर ओवर में साउथ अफ्रीका ने लुंगी एनगिडी को बॉल दी और अफगानिस्तान ने अजमतुल्लाह उमरजई और रहमानुल्लाह गुरबाज पर भरोसा किया। अजमतुल्लाह ने सुपर ओवर की पहली दो बॉल पर चौका और फिर छक्का लगाया, फिर एक सिंगल लेकर स्ट्राइक गुरबाज को दी। चौथी बॉल पर एक और सिंगल के बाद अजमतुल्लाह वापस स्ट्राइक पर आ गए। इस बार उन्होंने बाउंड्री लगाई। आखिरी बॉल पर एक सिंगल लेकर अफगानिस्तान ने साउथ अफ्रीका को जीतने के लिए 18 रन का टारगेट दिया।

#### आखिरी बॉल पर चाहिए थे 7 रन

मिलर पहली बॉल पर सिर्फ एक रन बना सके। लेकिन ब्रेविस ने दूसरी बॉल पर छक्का मारा। ड्रामा अगली बॉल पर हुआ, जब ब्रेविस एक स्लो-बॉल बाउंसर पर अपना विकेट गंवा बैठे। ट्रिस्टन स्टब्स ने अपनी पहली बॉल बाउंड्री लगाकर शुरुआत की, लेकिन अगली बॉल पर रन नहीं बना सके, जिससे साउथ अफ्रीका को आखिरी बॉल पर सात रन चाहिए थे। यहां स्टब्स ने छक्का मारकर सुपर ओवर टाई कर दिया।

### दूसरा सुपर ओवर — अफगानिस्तान नहीं बना पाया 24 रन

दूसरे सुपर ओवर में स्टब्स और मिलर द.अफ्रीका के लिए बैटिंग करने आए। अफगानिस्तान ने बॉल अजमतुल्लाह उमरजई को दी। इस बार स्टब्स ने दूसरे सुपर ओवर की शुरुआत पहली बॉल पर छक्के से की। इससे पहले कि बैट्समैन ने दूसरी बॉल पर सिंगल लिया। तीसरी बॉल पर बैट्समैन ने दो रन बनाए। चौथी बॉल पर मिलर ने 95m का हिट स्टैंड्स में मारकर एक छक्का मारा। 5वीं बॉल पर एक और छक्का मारा गया, इससे पहले कि दोनों ने आखिरी बॉल पर दो रन लिए। उन्होंने दूसरे सुपर ओवर में अफ़गानिस्तान के लिए 24 रन का टारगेट रखा।

#### महाराज ने लुटाए रन

द. अफ्रीका ने स्पिनर केशव महाराज को बॉल दी। पहली डॉट बॉल के बाद नबी ने दूसरी बॉल पर अपना विकेट गंवा दिया। तीसरी बॉल पर फिर से बैटिंग करने आये गुरबाज ने महाराज गेंद पर लगातार तीन छक्का मारा। अब आखिरी बॉल पर सिर्फ़ छह रन चाहिए थे। प्रेशर में महाराज ने एक वाइड बॉल फेंकी, जिसका मतलब था कि एक बाउंड्री से गेम तीसरे सुपर ओवर में चला जाता, मगर ऐसा नहीं पाया। गुरबाज आखिरी बॉल पर आउट हो गए और इसी के साथ अफगानस्तिान को दिल तोड़ने वाली हार का सामना करना पड़ा।

## ऑस्ट्रेलिया ने की जीत के साथ अभियान की शुरुआत
## आयरलैंड को हराया, एलिस-जांपा ने चटकाए 8 विकेट



**115 रन पर सिमटी आयरलैंड की टीम**

*इसके जवाब में आयरलैंड की टीम 16.5 ओवरों में 115 रन पर सिमट गई। इस टीम ने 43 के स्कोर तक अपने 5 विकेट खो दिए थे। यहां से लॉरेन टकर ने मोर्चा संभाला। टकर ने 27 गेंदों में 24 रन की पारी खेली, जबकि डॉकरेल ने 29 गेंदों में 2 छक्कों और 3 चौकों के साथ 41 रन बनाए, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।*

एजेंसी ▶▶| कोलंबो

ऑस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप में जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की है। इस टीम ने बुधवार को आयरलैंड के विरुद्ध आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले गए मुकाबले को 67 रन से अपने नाम किया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ग्रुप-बी की प्वाइंट्स टेबल में शीर्ष पर पहुंच गया है। इस टीम का नेट रन रेट +3.350 है, जबकि अपने-अपने पहले मैच जीतने के बाद जिम्बाब्वे (+2.702) और श्रीलंका (+1.000) क्रमशः दूसरे और तीसरे पायदान पर मौजूद हैं। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से नाथन एलिस और एडम जांपा ने 4-4 विकेट निकाले।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 6 विकेट खोकर 182 रन बनाए। इस टीम को कप्तान ट्रेविस हेड (6) के रूप में 7 के स्कोर पर पहला झटका लगा। इसके बाद कैमरून ग्रीन ने जोश इंगलिस के साथ दूसरे विकेट के लिए 23 गेंदों में 49 रन की साझेदारी की। ग्रीन 11 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 1 छक्का और 6 चौके शामिल रहे। इसके बाद मैट रेनेशॉ ने मोर्चा संभाला। उन्होंने 33 गेंदों में 2 चौकों के साथ 37 रन बनाए, जबकि जोश इंगलिस 17 गेंदों में 7 बाउंड्री के साथ 37 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इनके अलावा, मार्कस स्टोइनिस ने 29 गेंदों में 3 बाउंड्री के साथ 45 रन का योगदान टीम के खाते में दिया। विपक्षी टीम की तरफ से मार्क अडायर ने सर्वाधिक 2 विकेट हासिल किए, जबकि मैथ्यू हम्फ्रीज, जॉर्ज डॉकरेल और हैरी टेक्टर ने 1-1 विकेट निकाला।

## खबर संक्षेप



### भारत के खिलाफ अलग मानसिकता के साथ खेलेंगे

**कोलंबो।** पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ रविवार को होने वाले टी20 विश्व कप मैच को एक 'आम मैच' करार दिया लेकिन इसके साथ ही कहा कि इस बार उनकी टीम इस मुकाबले में अलग मानसिकता के साथ उतरेगी। फरहान ने कहा, ''लगातार दो मैच जीतने और तालिका में शीर्ष पर काबिज होने से आत्मविश्वास मिलता है। अगला मैच भी एक आम मैच जैसा ही होगा। यह पहला अवसर नहीं है जबकि हम उनके खिलाफ खेलेंगे।' उन्होंने कहा, 'हम पहले भी उनके खिलाफ खेल चुके हैं लेकिन इस बार हमारी मानसिकता अलग होगी। आपने देखा ही होगा कि शादाब (खान) रन बना रहे हैं, (मोहम्मद) नवाज़ रन बना रहे हैं। उम्मीद है कि आपको उनके खिलाफ हमारा खेल पसंद आएगा।'

### हमें आखिर तक लड़ना होगा : मारक्रम



**अहमदाबाद।** दक्षिण अफ्रीका के कप्तान एडेन मारक्रम ने टीम के साथी खिलाड़ियों से कहा था कि उन्हें अफगानिस्तान के खिलाफ 'चुनौती' के लिए तैयार रहना होगा और बुधवार को खेला गया यह मैच टी20 विश्व कप के इतिहास के सबसे रोमांचक मुकाबलों में से एक साबित हुआ। मारक्रम ने कहा, 'इसे शब्दों में बयां करना काफी मुश्किल है। कड़ा मुकाबला था। टीमें आपको जबरदस्त दबाव में लाती हैं। और जब आप खुद पर दबाव डालने लगते हैं तो हालात मुश्किल हो जाते हैं। जीत और अंक मिलने के लिए शुक्रगुजार हूं। ' मारक्रम ने कहा, 'आखिरकार सुपर ओवर में आप अपने बेहतर, सबसे आत्मविश्वास से भरे खिलाड़ी को चुनते हैं। पहले ओवर में लुंगी से ज्यादा गलती नहीं हुई, लेकिन फिर उन्होंने अच्छा स्कोर बना लिया। केशव के साथ भी यही कहानी रही। स्पिनर के लिए यह मुश्किल होता है, फिर भी हमने उन पर भरोसा किया।'



## आईसीसी टी20 रैंकिंग में भारत का दबदबा अभिषेक और वरुण शीर्ष पर काबिज

एजेंसी ▶▶| मुंबई



नई दिल्ली। आईसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग में बल्लेबाजों की सूची में अभिषेक शर्मा पहले स्थान पर बने हुए हैं, वहीं वरुण चक्रवर्ती ने गेंदबाजों की सूची में अपना पहला स्थान बरकरार रखा है। जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा टी20 फॉर्मेट में नंबर वन ऑलराउंडर बन गए हैं। बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के अभिषेक शर्मा पहले, इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे, पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे, इंग्लैंड के जोस बटलर चौथे और भारत के तिलक वर्मा पांचवें स्थान पर हैं। श्रीलंका के पाथुम निसंका छठे स्थान पर हैं। भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव सातवें, न्यूजीलैंड के टिम साइफर्ट आठवें, ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड नौवें और ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिशेल मार्श दसवें स्थान पर हैं। साहिबजादा फरहान को यूएसए के खिलाफ खेली गई 73 रन की पारी का जोरदार फायदा हुआ है। इसी पारी की बदौलत फरहान 4 स्थान की छलांग लगाते हुए

### गेंदबाजों में चक्रवर्ती पहले स्थान पर

गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के वरुण चक्रवर्ती पहले, पाकिस्तान के अबरार अहमद दूसरे, अफगानिस्तान के राशिद खान तीसरे, इंग्लैंड के आदिल रशीद चौथे, श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा पांचवें, न्यूजीलैंड के जैकब डफी छठे, पाकिस्तान के मोहम्मद नवाज सातवें, बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान आठवें, ऑस्ट्रेलिया के एडम जांपा नौवें और अफगानिस्तान के मुजीब उर रहमान दसवें स्थान पर हैं।

### ऑलराउंडर में रजा शीर्ष पर

टी20 के शीर्ष ऑलराउंडर्स की सूची में पाकिस्तान के सईम अयूब को पीछे छोड़ते हुए जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने पहला स्थान हासिल कर लिया है। अयूब दूसरे स्थान पर हैं। भारत के हार्दिक पांड्या तीसरे, वेस्टइंडीज के रोस्टन चेज चौथे, पाकिस्तान के मोहम्मद नवाज पांचवें, नेपाल के दीपेंद्र सिंह एरे छठे, वेस्टइंडीज के रोमारियो शेफर्ड सातवें, अफगानिस्तान के अजमतुल्लाह ओमरजई आठवें, अफगानिस्तान के मोहम्मब नबी नौवें और श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा दसवें स्थान पर हैं।

## निशिचत रूप से एक रोमांचक मैच था

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद



दक्षिण अफ्रीका के विकेटकीपर-बल्लेबाज रेयान रिकेल्टन को दो सुपर ओवर के बाद अफगानिस्तान पर रोमांचक टी20 विश्व कप मैच में मिली जीत को बयां के लिए शब्द नहीं मिल रहे थे और उन्होंने कहा कि आखिर में जीत हासिल करके खुश हैं। रिकेल्टन ने कहा, 'पहला ख्याल आता है कि क्रिकेट खराब खेल है। निश्चित रूप से यह एक रोमांचक मैच था। मेरे पास इसे बताने के लिए ज्यादा शब्द नहीं हैं। आखिर में हम जीत गए, इससे बहुत खुश हूं। ''उनतीस साल इस खिलाड़ी ने कहा, ''हम सब चिंतित थे और जीत की उम्मीद में थे। यह एक रोमांचक मैच था। हमने भावनाओं पर काबू पा लिया। पर यह बहुत मुश्किल था।'

## हसरंगा की जगह हेमंथा श्रीलंका टीम में शामिल

एजेंसी ▶▶| कोलंबो



स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर दुशान हेमंथा को मौजूदा टी20 विश्व कप के लिए चोटिल वानिंदु हसरंगा की जगह श्रीलंका की टीम में शामिल किया गया है। श्रीलंका के स्पिन गेंदबाज हसरंगा आयरलैंड के खिलाफ पहले मैच के दौरान चोटिल हो गए थे, जिसके कारण वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। पांच वनडे और तीन टी20 मैच खेल चुके 31 वर्षीय हेमंथा उनकी जगह लेंगे। टीम का अगला मैच गुरुवार को ओमान के खिलाफ होगा।

आईसीसी ने कहा, 'टी20 विश्व कप की प्रतियोगिता तकनीकी समिति ने वानिंदु हसरंगा के स्थान पर दुशान हेमंथा को श्रीलंका की टीम में शामिल करने की मंजूरी दे दी है।' आईसीसी ने न्यूजीलैंड के चोटिल माइकल ब्रैसवेल की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को टीम में शामिल करने की अनुमति दे दी है। न्यूजीलैंड ने अभी तक इस खिलाड़ी का नाम उजागर नहीं किया है।

### ऑस्ट्रेलिया को झटका

## कप्तान मार्श टूर्नामेंट से बाहर, स्मिथ की वापसी



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

टी20 वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका लगा है। टीम के कप्तान मिचेल मार्श टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। मार्श को ग्रोइन में चोट लगी थी, जिसकी वजह से वह 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ पहला मैच नहीं खेल पाए थे। इसके बाद खबर आई कि मार्श पूरे वर्ल्ड कप से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह स्टीव स्मिथ को स्टैंड-बाय प्लेयर के तौर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने एक ऑफिशियल बयान जारी कर कहा कि मिचेल मार्श को ग्रोइन (ऊपरी जांघ) में चोट लगी है और अंदरूनी ब्लीडिंग हो रही है। उन्हें आराम और रिहैबिलिटेशन की ज़रूरत है।

### स्मिथ टीम में शामिल

बोर्ड ने अपने बयान में यह भी साफ किया कि मिचेल मार्श की मैदान पर वापसी मेडिकल टीम से मंजूरी मिलने के बाद ही मुमकिन है। स्मिथ स्टैंड-बाय प्लेयर के तौर पर श्रीलंका में ऑस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ेंगे। स्टीव स्मिथ ने फरवरी 2024 के बाद से ऑस्ट्रेलिया के लिए कोई टी20 मैच नहीं खेला है। लेकिन हाल ही में, उन्होंने बिग बैश लीग में सिडनी सिक्सर्स के लिए शानदार प्रदर्शन करते हुए सेंचुरी बनाई। ऑस्ट्रेलिया का पहला मैच 11 फरवरी को आयरलैंड के खिलाफ था। मिचेल मार्श की गैरमौजूदगी में ट्रैविस हेड कंगारुओं की कप्तानी कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले ही पैट कमिंस को खो चुकी है, जो पीठ की दिक्कतों की वजह से वर्ल्ड कप से बाहर हो गए थे।

### बेखौफ होकर खेलना जारी रखे भारत : बांगड़

**नई दिल्ली।** पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने कहा कि भारत को टी20 विश्व कप के अपने पहले मैच में अमेरिका के खिलाफ बल्लेबाजों की नाकामी का ज्यादा विश्लेषण करने की जरूरत नहीं है और उसे अपना बेखौफ रवैया जारी रखना चाहिए, जिसके कारण उसने काफी सफलता हासिल की हैं। बांगड़ ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि भारतीय बल्लेबाजों को वानखेड़े में अमेरिका के खिलाफ, जो हुआ उसका बहुत अधिक विश्लेषण करना चाहिए, क्योंकि टी20 क्रिकेट में आजकल जिस तरह से भारतीय बल्लेबाज खेल रहे हैं उसमें निश्चित तौर पर जोखिम भरा हुआ है।'

### आज शाम 7 बजे से भारत और नामीबिया के बीच मुकाबला

## प्रीव्यू : नामीबिया के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मौजूदा चैंपियन भारत को गुरुवार को होने वाले टी20 विश्व कप मैच में नामीबिया से किसी तरह का खतरा नहीं है लेकिन सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के पेट के संक्रमण के कारण मुख्य कोच गौतम गंभीर सहित टीम प्रबंधन चिंतित होगा क्योंकि इससे उसकी योजनाओं पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। अमेरिका के खिलाफ पहले मैच में वानखेड़े की चिपचिपी पिच पर बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। अब उन्हें फिरोज शाह कोटला की पिच पर आक्रामक खेल दिखाना चाहेगा, जिसे बल्लेबाजी के लिए बेहतरीन पिच कहा जा सकता है। नामीबिया के खिलाफ भारत का पलड़ा बहुत भारी है, जिसकी टीम इसी मैदान पर नीदरलैंड के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई थी। इस तरह से देखा जाए तो भारत के लिए पाकिस्तान के खिलाफ 15 फरवरी को होने वाले महत्वपूर्ण मैच से पहले यह मैच अभ्यास मैच की तरह है।



### टीमे इस प्रकार

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, वरुण चक्रवर्ती, रिंकू सिंह।

**नामीबिया :** गेरहार्ड इरास्मस (कप्तान), जान बाल्ट, ज़ेन ग्रीन (विकेटकीपर), मालन क्रूगर, डायलन लीचर, लॉरेन स्टीनकैंप, जान फ्राइलिनक, जान निकोल लोफ्टी-ईटन, विलियम मायबर्ग, जे जे स्मिट, जैक ब्रासेल, मैक्स हेंगो, बर्नार्ड शोल्ट्ज़, बेन शिकोंगो, रूबेन ट्रम्पेलमैन।

### चक्रवर्ती का सामना करना नामीबिया के लिए चुनौती

चक्रवर्ती का सामना करना नामीबिया की टीम के लिए बहुत बड़ी चुनौती हो सकती है क्योंकि वे आमतौर पर इतने उच्च स्तर के गेंदबाजों का सामना नहीं करते हैं। आईसीसी की कार्यक्रम बनाने वाली टीम ने यह सुनिश्चित किया कि पाकिस्तान के खिलाफ व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण मैच को छोड़कर भारत के लीग चरण के बाकी मैच ऐसी टीमों के खिलाफ हों, जो इस प्रारुप में भारत की ए, बी या सी टीम से भी हार जाएंगी। टूर्नामेंट से पहले एक अभ्यास मैच में भारत ए ने नामीबिया को 100 से कम रन पर आउट कर दिया था।

## नजरुल का यू-टर्नः बीसीबी ने लिया था नहीं खेलने का फैसला

एजेंसी ▶▶| ढाका

बांग्लादेश के खेल सलाहकार आसिफ नजरुल ने अब यू-टर्न लेते हुए कहा कि भारत में टी20 विश्व कप के मैच नहीं खेलने का फैसला बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) और खिलाड़ियों ने लिया था। इससे पहले उन्होंने कहा था कि यह फैसला सरकार की सुरक्षा चिंताओं से प्रेरित था। बांग्लादेश ने भारत में होने वाले अपने मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था, जिसे आईसीसी ने नामंजूर कर दिया था। इसके बाद बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया गया था और उसकी जगह स्कॉटलैंड ने ली।



आईसीसी में हालांकि बांग्लादेश को दंडित न करने का निर्णय लिया है। बांग्लादेश की टीम को बाहर करने से पहले आईसीसी के साथ असफल बातचीत के दौरान नजरुल ने मुख्य भूमिका निभाई थी और उन्होंने इस बात पर जोर दिया था कि सुरक्षा चिंताओं के कारण टीम को न भेजना बांग्लादेश सरकार का विशेषाधिकार है।




**हाईकोर्ट का निर्देश**

# बाघों की मौतों पर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर पेश करें

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र हाईकोर्ट में बुधवार को प्रदेश के टाइगर रिजर्वों में बाघों की मौत के मामले में दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया कि बाघों की मौत का सबसे बड़ा कारण अवैध शिकार है और इसे लेकर अधिकारी गंभीर नहीं हैं। एक न्यूज रिपोर्ट का हवाला देते हुए कोर्ट को बताया गया कि केवल जनवरी 2026 में ही बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 9 बाघों की मौत हुई है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस संबंध में बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के फील्ड डायरेक्टर को विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए हैं।

भोपाल के वन्य प्राणी कार्यकर्ता अजय दुबे ने याचिका दायर कर दावा किया कि वर्ष 2025 में प्रदेश में 54 बाघों की मौत हुई है। पूरी दुनिया में कुल 5,421 बाघ हैं, जिनमें से 3,167 भारत में पाए जाते हैं। मध्यप्रदेश में ही 785 टाइगर मौजूद हैं। इस कारण मप्र को टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त है। याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता आदित्य संघी ने कोर्ट को बताया कि वर्ष 2025 के दौरान प्रदेश में 54 बाघों की मौत हुई है। दलील दी गई कि वर्ष 1973 में शुरू हुए प्रोजेक्ट टाइगर के बाद यह पहला मौका है जब किसी एक राज्य में एक ही वर्ष में इतने अधिक बाघों की मौतें हुई हैं।



मौतों के पीछे पोचिंग, करंट, रेल हादसे और रहस्यमयी घटनाएं शामिल हैं।

### हर साल बढ़ रहां आंकड़ा

याचिका के अनुसार प्रदेश में पिछले 5 सालों में कुल 222 बाघों की मौत दर्ज की गई है। हर साल मौत का आंकड़ा बढ़ गया है। वर्ष 2021 में 34 मौतें, 2022 में 43, 2023 में 45, 2024 में 46 और 2025 में 54 मौतें हुई हैं। केवल बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में ही लगभग 57 प्रतिशत मौतें अप्राकृतिक बताई गई हैं। ये मौतें शिकार, करंट लगने और संदिग्ध परिस्थितियों में हुईं थीं। हाल ही में उमरिया जिले के चंदिया रेंज में बिजली लाइन के पास टाइगर का शव मिलने से इलेक्ट्रोक्यूशन की आशंका जताई गई है।

**हाईकोर्ट ने राज्य शासन से मांगा जवाब**

# परिवीक्षा अवधि में कम वेतनमान के नियम को चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने परिवीक्षा अवधि में पहले वर्ष 70, दूसरे वर्ष 80 और तीसरे वर्ष 90 प्रतिशत वेतन देने के नियम को चुनौती के मामले में जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने इस सिलसिले में राज्य शासन सहित अन्य को नोटिस जारी किया है। जवाब पेश करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया । अगली सुनवाई 20 अप्रैल को होगी। याचिकाकर्ता आनंद कुमार मिश्रा सहित अन्य की ओर से कोर्ट को बताया गया कि समान कार्य के लिए समान वेतनमान मिलना चाहिए। मध्य प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के जो शिक्षक परिवीक्षा अवधि में हैं, उनकी नियुक्ति नियमित शिक्षकों की भांति हुई है। लिहाजा, परिवीक्षा अवधि में नियमित शिक्षकों की भांति शत-प्रतिशत वेतन न दिया जाना अनुचित है। 2019 में लागू की गई परिवीक्षा अवधि में वेतन कटौती संबंधी व्यवस्था असंवैधानिक होने के कारण निरस्त करने योग्य है। दलीले सुनने के बाद न्यायालय ने सरकार से जवाब तलब किया है।

### अनुचित नियम से 1070 शिक्षक प्रभावित

इस नियम से प्रभावित 1070 शिक्षक 2018 में विज्ञपित भर्ती के माध्यम से चयनित होकर विभिन्न जिलों में नियुक्त हैं। विज्ञापन 2018 में जारी हुआ था। परिणाम जारी होने के बाद 2019 में सरकार ने बीच भर्ती में परिवीक्षा अवधि तीन साल करते हुए पहले साल वेतन का 70 प्रतिशत, दूसरे साल 80 प्रतिशत और तीसरे साल 90 प्रतिशत देने का नियम बना दिया। संबंधित शिक्षकों को इन्हीं नए नियमों के अंतर्गत वेतन दिया गया है, जो कि सर्वथा अनुचित है।

# रंजिश पर गोली मारकर हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

**जबलपुर।** जिला अदालत ने आपसी रंजिश में गोली मारकर हत्या करने के आरोपी जबलपुर निवासी बंटी उर्फ ब्रजेश का दोष सिद्ध पाया। अपर सत्र न्यायाधीश विपिन सिंह भदौरिया की कोर्ट ने इसी के साथ आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुना दी। 17 हजार रुपए जुर्माना भी लगाया। अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी वर्षा वैद्य ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि फरियादी नरेश मिश्रा ने गोरखपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप लगाया था कि तीन अक्टूबर, 2023 को रात्रि 11 बजे आरोपी ने संजय मिश्रा को फोन करके गुप्ता टाल के समीप बुलाया था। वहां पहुंचने पर गोली चला दी। इससे संजय घायल हो गया। उसे मेडिकल ले जाया गया। जहां उसकी मृत्यु हो गई। गोरखपुर पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया।

# हाई कोर्ट में यूनिपोल को लेकर अर्जी दायर

**जबलपुर।** शहर में यूपिपोल लगाने में अनियमितता का आरोप लगाते हुए मप्र हाईकोर्ट में एक अर्जी दायर की गई है। आवेदनकर्ता नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच, जबलपुर के अध्यक्ष डा. पीजी नाजपांडे व समाजसेवी रजत भार्गव की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय पैरवी करेंगे। उन्होंने अगवत कराया कि आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियम 2017 के प्रविधानों का घोर उल्लंघन कर शास्त्री ब्रिज, सदर बाजार, गोहलपुर ब्रिज, रानीताल चौराहा आदि क्षेत्रों में खतरनाक लोकेशन पर यूनिपोल लगाने से यह स्पष्ट हो गया है, कि अधिकारियों व यूनिपोल-होडिंग एजेंसियों में भारी सांठगांठ है। वे भ्रष्टाचार कर निर्दोष लोगों के जिन्दगी के साथ खेल रहे है। लिहाजा, इस अनियमितता पर रोक लगाई जानी चाहिए। दरअसल, याचिकाकर्ताओं ने वर्ष 2024 में हाई कोर्ट में जनहित याचिका दायर कर बताया था कि आउटडोर विज्ञापन मीडिया नियमों का पालन सख्ती से होना चाहिए। यूनिपोल के कारण एक मृत्यु होने के बावजूद अधिकारियों ने कोई कार्यवाही नहीं की है। हाई कोर्ट में यह याचिका अभी लंबित है। शास्त्री ब्रिज पर 70 फीट ऊंचा लगा हुआ यूनिपोल लोगों के जिन्दगी के लिए खतरनाक है, उसमें रेल्वे नियमों का भी उल्लंघन हुआ है। रानीताल चौराहे तथा गोहलपुर पुल पर जनसुरक्षा की अनदेखी कर यूनिपोल लगे है। ऐसे डेंजर लोकेशन के यूनिपाल हटाए जाएं। नियमों के उल्लंघन पर सख्ती से रोका जाए।

**नर्स हत्याकांड के आरोपी पर 10 हजार ईनाम घोषित**

# हत्यारोपी की तलाश में सागर पुलिस की दबिश

**जबलपुर।** सागर जिले के शाहगढ़ में नर्स दीपशिखा की गोली मारकर हत्या करने के मामले में फरार आरोपी की तलाश अब जबलपुर तक तेज हो गई है। आरोपी के जबलपुर निवासी होने के कारण स्थानीय पुलिस भी अलर्ट है। पुलिस अधीक्षक ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का ईनाम घोषित किया है। सागर पुलिस की टीम लगातार जबलपुर पहुंचकर संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है और परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार वारदात के सात दिन बाद भी आरोपी गिरफ्त से बाहर है। उसकी तलाश सागर से लेकर जबलपुर तक जारी है, लेकिन वह लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस को चकमा दे रहा है। फरार आरोपी 28 वर्षीय सुशील चढ़ार निवासी मुड़िया पनागर, जबलपुर का रहने वाला है।



### रिश्तेदारों से पूछताछ

जबलपुर एंगल के चलते इस मामले को लेकर शहर में पुलिस की सक्रियता बढ़ गई है। सागर से आई पुलिस टीम ने पनागर क्षेत्र स्थित आरोपी के घर सहित रिश्तेदारों के निवासों पर दबिश दी, हालांकि आरोपी का कोई सुराग नहीं मिला। पिछले सात दिनों से सागर पुलिस के साथ जबलपुर की पाटन और पनागर पुलिस संयुक्त रूप से आरोपी को तलाशने दबिश दे रही है।

### क्या है मामला

घटना 4 फरवरी की रात की है, जब नर्स दीपशिखा रात 8 बजे से सुबह 8 बजे तक की ड्यूटी के लिए अपने कमरे से पैदल अस्पताल जा रही थीं। अस्पताल गेट के पास आरोपी ने उनका हाथ पकड़ लिया। विरोध करने पर उसने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया और जेब से देशी कट्टा निकालकर तीन फायर कर दिए, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपी मृतिका का मौसेरा भाई है।

### एकतरफा प्रेम बना हत्या की वजह

मामले की जांच में सामने आया कि आरोपी नर्स का रिश्ते में मौसी का बेटा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी एकतरफा प्रेम करता था और शादी करना चाहता था। इसी जुनून में उसने वारदात को अंजाम दिया।

# बड़े बकायादारों पर केंट बोर्ड की सख्ती, मिष्ठान दुकान और लॉज पर जड़ा ताला

**जबलपुर।** केंट बोर्ड प्रशासन द्वारा बडे करदाताओं से लगातार की जा रही कर वसूली की सख्ती के बीच बुधवार को सुबह बोर्ड के राजस्व विभाग ने सदर मुख्य मार्ग पर स्थित एक प्रतिष्ठित मिष्ठान की दुकान सील करते हुए कुकी का नोटिस चस्पा कर दिया। इसी तरह रांझी में भी एक लॉज को टीम ने सील किया है। केंट राजस्व विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक कैंट बाजार क्षेत्र के कई ऐसे व्यापारिक प्रतिष्ठान हैं जो लंबे से संपत्ति कर जमा नहीं कर रहे हैं। इस पर कैंट बोर्ड सीईओ राजीव कुमार निर्देश पर ऐसे बड़े बकायादारों को पूर्व में नोटिस जारी किए गए थे लेकिन उसके बाद भी जब तय समय सीमा में टैक्स बिलों का भुगतान नहीं किए जाने पर अब संबंधित प्रतिष्ठानें पर सीलिंग की कार्यवाही की जा रही है।

इस कार्यवाही के तहत जहां मंगलवार को सदर बाजार क्षेत्र के दो भवनों को सील किया गया था वहीं बुधवार की सुबह सदर मेन रोड स्थित मधु कलश स्वीट्स (रमेश गुप्ता/ रजनीश गुप्ता मकान नंबर 24-11) को सील किया गया है। साथ ही बकाया टैक्स जमा नहीं किए जाने पर प्रस्तावित अग्रिम कार्रवाई के संबंध में चेतावनी नोटिस भी चस्पा किया गया है। इसी तरह रांझी मेन रोड स्थित मेमोरी लॉज (आरती जायसवाल मकान नंबर 307) को भी टैक्स बिल बकाया होने के चलते सील किया गया है। कार्यवाही के दौरान राजस्व विभाग के आशीष वर्मा, जाहिद अंसारी,मिथलेश यादव, खेमराज मीना आदि उपस्थित थे।

# भंडरा हिरन नदी घाट से रेत का अवैध उत्खनन कर जा रहे 2 टैक्टर जब्त

**जबलपुर।** मझगवां पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान जौली मोड़ के पास खितौला खम्परिया में रेत का अवैध परिवहन कर ले जा रहे दो ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर उनके पास से रेत से भरी दो ट्रैक्टर ट्राली को जब्त की है। मझगवां थाना प्रभारी हरदयाल सिंह ने बताया कि गत दिवस पेट्रोलिंग के दौरान जौली मोड़ के पास खितौला खम्परिया की ओर ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 20 ए बी 6240 एवं ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 20 जेड एच 1753 में रेत भरकर आ रहे ग्राम सुनार खेड़ा थाना ढीमरखेड़ा जिला कटनी निवासी 19 वर्षीय मानशु दाहिया और 20 वर्षीय धुप कपूर कोल को गिरफ्तार करते हुए रेत से भरी दोनों ट्रैक्टर ट्राली जब्त की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि ग्राम भंडरा हिरन नदी घाट से रेत उत्खन्न कर मझगवां ले जा रहे थे। पुलिस ने दोनों ट्रैक्टर चालकों के विरूद्ध धारा 303(2), 317(5) बीएनएस तथा 4/21 खान खनिज अधिनियम तथा मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 130(2)/177, 3/181 के तहत कार्यवाही की गई।

# मौके से आरोपी फरार भारी मात्रा में शराब जब्त

**जबलपुर।** घमापुर पुलिस और क्राईम ब्रांच की टीम ने शीतलामाई मंदिर के पीछे एक टपरा के पास अवैध शराब बेचने की फिराक में ग्राहक का इंतजार कर रहा एक आरोपी पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके से अंग्रेजी शराब बैगपाईपर के 127 पाव 14 बाटल, ओल्ड मंक के 42 पाव 6 बॉटल अंग्रेजी एवं 132 पाव देशी शराब जब्त की है। घमापुर थाना प्रभारी श्रीमति इंद्रा सिंह ने बताया कि गत दिवस मुखबिर की सूचना पर क्राईम ब्रांच और घमापुर पुलिस ने शीतला माई मंदिर के पीछे सत्ता पान टपरा के पास शराब बेचने की फिराक में ग्राहक का इंतजार कर रहे रंजीत चक्रवर्ती पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मौके पर 1 कार्टून में मेकडाबल अंग्रेजी शराब की 8 बाटल, 1 कार्टून में ओल्डमंक अंग्रेजी शराब की 6 बाटल, 1 कार्टून में मेकडावल शराब के 32 पाव, 1 बोरी में बेगपाईपर अंग्रेजी शराब के 43 पाव, 1 बोरी में ओल्डमंक अंग्रेजी शराब के 42 पाव, एक बोरी में 54 पाव देशी शराब, 1 बोरी में 78 पाव देशी शराब जब्त की हैं, जब्त शराब की कीमत लगभग 15 हजार रूपये की बताई गई है। पुलिस ने फरार आरोपी रंजीत चक्रवर्ती के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



*सर्प विशेषज्ञ ने रेस्क्यू कर नाग को जंगल में छोड़ दिया*

# रसोई में घुसा कोबरा नाग, परिवार ने रात काटी दहशत में

**जबलपुर।** भेड़ाघाट थाना अतंर्गत ग्राम तेवर में मंगलवार की देर रात 11 बजे एक घर की रसोई में कोबरा नाग के घुस आने से हड़कंप मच गया। पटेल परिवार ने रात भर दहशत में गुजारी, बुधवार की सुबह सर्प विशेषज्ञ ने रेस्क्यू किया और नाग को सुरक्षित जंगल में छोड़ दिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तेवर निवासी गीता प्रसाद पटेल के घर में रात करीब 12 बजे एक चमकदार काला नाग रसोई कक्ष में प्रवेश कर गया। इसी दौरान वहां रखा एक प्लास्टिक का डिब्बा गिरने से नाग भड़क गया और तेजी से फुंफकारने लगा। अचानक सामने नाग को देख परिवार के लोगों में अफरातफरी मच गई। डर के कारण किसी ने उसे छेड़ने का साहस नहीं किया और पूरी रात सतर्कता के साथ बिताई। सुबह करीब 7:15 बजे परिवार के सदस्य दीपक पटेल ने सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को सूचना दी। सूचना मिलने पर दुबे मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर सांप को पकड़ लिया। बाद में उसे सुरक्षित रूप से बरगी के वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया।

सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने बताया कि पकड़ा गया सांप कोबरा प्रजाति का नाग है। इन दिनों खेतों में सिंचाई का कार्य चलने से मिट्टी में ठंडक बढ़ जाती है, जिसके कारण सर्प अक्सर सुरक्षित और गर्म स्थान की तलाश में घरों की ओर रुख कर लेते हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240